

- पश्चिम एशिया में तनाव से शेयर बाजार में गिरावट जारी सेंसेक्स 852 अंक टूटा- 12



- ईरान युद्ध अमेरिका की सेना पर भारी अब नौसेना प्रमुख ने दिया त्याग पत्र - 13



- होर्मुज के बारूदी सुरंगों को हटाने में लग सकता है छह महीने का वक्त : पेंटागन - 13



- 'मैदान पर आने से पहले होटल में ही छोड़ देता हूं अहंकार' - 14


आज का मौसम
36.0⁰ अधिकतम तापमान
24.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.35
सूर्यास्त 06.43

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष अष्टमी 07:22 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026, वर्ष 6, अंक 58, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खुले भगवान श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट

- आस्था और उल्लास के बीच भगवान बद्री विशाल के जयकारों की गूंज
- मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री मोदी के नाम से की पहली महाभिषेक पूजा

मुख्य संवाददाता, चमोली/देहरादून

**अमृत विचार:** भगवान श्री बद्रीनाथ के कपाट गुरुवार प्रातः 6:15 बजे विधिविधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ग्रीष्मकाल हेतु श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। कपाट खुलते ही पूरा बद्रीनाथ धाम भक्ति और श्रद्धा के भाव से सराबोर हो उठा। इस पावन अवसर पर देश-विदेश से पहुंचे लगभग 15 हजार श्रद्धालुओं ने भगवान बद्री विशाल एवं अखंड ज्योति के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कपाट उद्घाटन के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से पहली महाभिषेक पूजा संपन्न कर देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर स्थित लक्ष्मी मंदिर, गणेश मंदिर तथा आदि गुरु शंकराचार्य गद्दी सहित अन्य मंदिरों में विधिवत पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने धाम पहुंचे तीर्थयात्रियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए यात्रा व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। कहा कि चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। सुरक्षा और बेहतर अनुभव सुनिश्चित करने हेतु व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया गया है। धामी ने आने वाले सभी श्रद्धालुओं से हरित एवं स्वच्छ चारधाम यात्रा में सहयोग करने का आह्वान करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।



श्रद्धालुओं के साथ भगवान बद्री विशाल के जयकारे लगाते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### पूर्ण रूप से आरंभ हुई चारधाम यात्रा

चारों धामों के कपाट खुलने के बाद चारधाम यात्रा के पूर्ण रूप से शुभारंभ के साथ ही बद्रीनाथ धाम में आस्था, परंपरा और सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला, जो श्रद्धालुओं के लिए एक दिव्य और यादगार अनुभव बनेगा।

## गढ़वाल में खाई में गिरे दो वाहन, 11 लोगों की मौत

- टिहरी में अंतिम संस्कार से लौटते 8 लोगों ने जान गंवाई
- रुद्रप्रयाग में आधी रात को 3 लोगों पर मौत का झपट्टा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** गढ़वाल रेंज में गुरुवार को अलग-अलग दो हादसों में वाहन खाई में गिरने से 11 लोगों की मौत हो गई। टिहरी गढ़वाल जिले के चंबा क्षेत्र में मैक्स वाहन के खाई में गिरने से उसमें सवार आठ लोगों की मौत हो गई। डीएम नितिका खंडेलवाल ने बताया कि चंबा-कोटी कॉलोनी मार्ग पर नैल गांव के पास अपराह्न करीब सवा दो बजे हुए हादसे में वाहन अचानक अनियंत्रित होकर करीब 300 मीटर गहरी खाई में जा गिरा।

वाहन में 10 लोग सवार थे। हादसे का शिकार हुए सभी यात्री घनसाली क्षेत्र के निवासी थे और संपत लाल (65) के शव का हरिद्वार में अंतिम संस्कार करने के बाद घनसाली लौट रहे थे। पुलिस और एसडीआरएफ ने रेस्क्यू अभियान में दो युवकों उत्तम और अंकित की जान बचा ली। वहीं, मृतकों की पहचान संपत लाल के पुत्र प्रेम लाल (36), वाहन चालक शिव सिंह (35), आशा लाल (40), विजय लाल (36), महावीर (60), सोहन लाल (65) और लक्ष्मण (33) के रूप में हुई। एक शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है।

वहीं, पुलिस ने गुरुवार को बताया कि, रुद्रप्रयाग में भीरी-ककोला मोटर मार्ग पर बुधवार आधी रात को कार के खाई में गिरने की सूचना पर बचाव एवं राहत अभियान चलाया गया। भीरी से औरिंग जा रही यह कार अनियंत्रित होकर सड़क से 250 मीटर नीचे खाई में गिर गयी थी। हादसे में कार सवार तीनों स्थानीय युवकों नवीन सिंह (30), अमित सिंह (35) और अंशुल (28) की मौत हो गई। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।



टिहरी में सड़क हादसे के दौरान रेस्क्यू अभियान को पहुंचे जवान।

### कालाढूंगी में बाइक सवार की जान गई

कालाढूंगी। रामनगर-कालाढूंगी स्टेट हाइवे पर गुरुवार सुबह बेकाबू बस की टक्कर से बाइक सवार पुष्कर सिंह रावत (35) पुत्र दिवान सिंह कार्की निवासी रावत नगर डौली रेंज बिन्दुखत्ता लालकुआं की मौत हो गई। बताया गया कि, बस की टक्कर से रावत के सिर से हेलमेट छिटक गया था। सड़क पर सिर लगने से घातक चोट लगी। उसे सीएचसी में मृत घोषित कर दिया गया।

### प्रधानमंत्री ने अनुग्रह राशि की घोषणा की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टिहरी गढ़वाल हादसे पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि इस हादसे में अपनों को खोने वाले सभी लोगों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। ईश्वर से कामना है कि घायल यथाशीघ्र स्वस्थ हो जाएं। हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि व घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन को घायलों का समुचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### ब्रीफ न्यूज

#### सीबीएसई की 10वीं की दूसरी बोर्ड परीक्षाएं 15 से 21 मई तक होंगी

**नई दिल्ली।** सीबीएसई ने गुरुवार को 10वीं कक्षा की दूसरी बोर्ड परीक्षा का कार्यक्रम घोषित कर दिया, जो 15 मई से 21 मई तक आयोजित होंगी। जारी डेटशीट के अनुसार, परीक्षा की शुरुआत 15 मई को गणित (स्टैंडर्ड और बेसिक) के पर्चे से होगी। इसके बाद 16 मई को अंग्रेजी (कम्युनिकेटिव) और अंग्रेजी (लैंग्वेज एंड लिटरेचर) की परीक्षा होगी। विज्ञान विषय की परीक्षा 18 को और 19 मई को भाषा और वैकल्पिक विषयों की परीक्षा निर्धारित की गयी है, जिसमें हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बांग्ला, तमिल, तेलुगु, मराठी, गुजराती तथा कई विदेशी भाषाएं शामिल हैं। इसी दिन गृह विज्ञान और कुछ व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं भी होंगी। 20 मई को छात्र संस्कृत, चित्रकारी, सूचना प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की परीक्षा देंगे। इसके बाद 21 मई को सामाजिक विज्ञान की परीक्षा होगी।

#### अमित जोगी की उम्रकैद की सजा पर सुप्रीम रोक

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के पुत्र अमित जोगी को राकांपा नेता रामावतार जग्गी की 2003 में हुई हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। राकांपा के नेता रामावतार जग्गी की 4 जून 2003 को रायपुर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उस समय अजीत जोगी छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री थे। हाईकोर्ट ने 2 अप्रैल को जोगी को दोषी करार दिया और उन्हें उम्रकैद की सजा काटने के लिए तीन सप्ताह के भीतर जेल अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया था।

## बंगाल में 91.78% मतदान, आजादी के बाद सर्वाधिक, कई जगह हुई हिंसा

### पहले चरण में 152 सीटों पर वोटिंग, तमिलनाडु की 234 सीटों पर 85.05% मतदान

- बीरभूम, मुर्शिदाबाद, दिनाजपुर आसनसोल में झड़प की घटनाएं
- दिनाजपुर में भाजपा उम्मीदवार शुभेंदु सरकार से हाथापाई

कोलकाता/चेन्नई, एजेंसी

प. बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में गुरुवार को बंपर वोटिंग हुई। बंगाल की 294 सीटों में से 152 सीटों पर पहले फेज में 91.78% मतदान हुआ। वहीं, तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर 85.05% वोटिंग हुई। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि प. बंगाल में आजादी के बाद से अब तक का सर्वाधिक मतदान प्रतिशत दर्ज किया गया है। बंगाल में 2011 में 84.72% मतदान दर्ज किया गया था। राज्य में दूसरे चरण के चुनाव में 142 सीट पर 29 अप्रैल को मतदान होगा। विधानसभा चुनाव के नतीजे 4 मई को एकसाथ आएंगे।

बंगाल में मतदान के दौरान बीरभूम, मुर्शिदाबाद, दिनाजपुर, आसनसोल में झड़प की घटनाएं हुई। कम से कम तीन उम्मीदवारों पर हमले हुए। निर्वाचन आयोग ने हिंसा के संबंध में अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। बीरभूम जिले के खारिसोल में अंतिम घंटों के दौरान तनाव काफी बढ़ गया, जब मतदाताओं ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के पक्ष में डाले गए वोट भाजपा के खाते में दर्ज हो रहे हैं। चुनाव अधिकारियों और नाराज मतदाताओं के बीच बहस छिड़ने के बाद स्थिति और बिगड़ गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों का एक समूह मतदान केंद्र के बाहर इकट्ठा हो गया और प्रदर्शन करने लगा। यहां स्थानीय लोगों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प हो गई। इससे पहले, दक्षिण दिनाजपुर के कुमारगंज में भाजपा उम्मीदवार शुभेंदु सरकार के साथ उस समय हाथापाई की गई जब वह गड़बड़ी की खबरों के बाद एक मतदान केंद्र की ओर जा रहे थे।

शुभेंदु सरकार ने दावा किया कि पुलिस की मौजूदगी में उनकी पिटाई की गई और उनके वाहन में तोड़फोड़ की गई। वहीं, एक अन्य घटना में आसनसोल दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के रहमत नगर में भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल की कार पर पथराव किया गया जिससे उसकी पिछली खिड़कियों के शीशे टूट गए। मुर्शिदाबाद के नौदा में आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) और तृणमूल के समर्थकों के बीच झड़पें हुईं। वाहनों में तोड़फोड़ और पथराव के बाद भीड़ को तितर-बितर करने के लिए केंद्रीय बलों को लाठीचार्ज करना पड़ा।



मालदा में मतदान केंद्र पर वोट डालने पहुंचे मतदाता।

### ईसी ने बूथ से नदारद रहने पर कर्मचारियों को किया निलंबित

**कोलकाता।** मेदिनीपुर के पिंगला विधानसभा क्षेत्र में मतदान के दौरान एक मतदान केंद्र से नदारद रहने के आरोप में निर्वाचन आयोग ने संबंधित बूथ के सभी मतदानकर्मियों को निलंबित कर दिया। आयोग ने घटना की जांच के आदेश भी दिए और जिला निर्वाचन अधिकारी को रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

### बंगाल में आंकड़ों से यकीन, भाजपा को शानदार जीत मिलेगी



**कृष्णानगर।** प्रधानमंत्री ने बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बड़ी संख्या में वोट देने के लिए राज्य की जनता को बधाई दी और मतदान के अब तक के आंकड़ों को परिवर्तन के लिए शानदार जनादेश का संकेत बताया। मोदी ने कहा कि निर्वाचन आयोग इस बात के लिए बधाई का पात्र है कि उसने चुनाव में हिंसा की कोई बड़ी घटना नहीं होने दी। मोदी ने कहा, पिछले 50 वर्षों के चुनावी इतिहास में यह पहली बार है कि हिंसा की घटनाएं कम हुईं।

## भारत महान देश, नरक वाले पोस्ट पर विवाद के बाद ट्रंप का यू-टर्न

**नई दिल्ली/वाशिंगटन।** भारत को 'नरक' बताने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का 24 घंटे के अंदर ही सुर बदल गया है। ट्रंप ने भारत को एक 'महान देश' बताया है। ट्रंप ने उन विवादित रीपोस्ट पर सफाई दी है जिसमें भारत को 'नरक जैसी जगह' कहा गया था। नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास ने सफाई देते हुए कहा कि ट्रंप भारत को 'एक महान देश' मानते हैं। साथ ही उन्होंने मोदी को एक 'बहुत अच्छा दोस्त' बताया है। भारत में स्थित अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ने कहा, राष्ट्रपति ने कहा है कि भारत एक महान देश है। इससे पहले ट्रंप के रीपोस्ट में रेडियो शो होस्ट की टिप्पणियां शामिल थीं, जिसमें भारत, चीन को नरक कहा गया था।

## व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी की जानकारी स्वीकार नहीं



- न्यायालय ने सबरीमाला मामले में सुनवाई के दौरान की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह सभी प्रतिष्ठित लेखकों और विचारकों के विचारों का सम्मान करता है, लेकिन वह 'व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी' से मिली जानकारी स्वीकार नहीं कर सकता।

नौ जजों की संविधान पीठ ने यह टिप्पणी उस समय की, जब वह केरल के सबरीमाला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव और विभिन्न धर्मों द्वारा अपनाई जाने वाली धार्मिक स्वतंत्रता की सीमा एवं दायरे से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। दाऊदी बोहरा समुदाय के प्रमुख की ओर से पेश अधिवक्ता नीरज किशन कौल ने कांग्रेस नेता शशि थरूर द्वारा लिखे गए एक लेख का हवाला दिया, जिसमें धार्मिक राहत से जुड़े मामलों में न्यायिक संयम की बात कही गई थी। इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, हम सभी प्रतिष्ठित व्यक्तियों, विधिवेत्ताओं आदि का सम्मान करते हैं, लेकिन व्यक्तिगत राय, व्यक्तिगत राय ही होती है। कौल ने कहा कि सभी स्रोतों से जानकारी लेने में कोई बुराई नहीं है। इस पर न्यायमूर्ति नागरत्ना ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, लेकिन व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी से नहीं।

## ममता ने आई-पैक मामले की जांच में बाधा डालने को राज्य तंत्र का इस्तेमाल किया : ईडी

- पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था चरमरा जाने का आरोप लगाते हुए उच्चतम न्यायालय को दी जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा जाने का आरोप लगाते हुए, ईडी ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 2,700 करोड़ रुपये के कोयला तस्करी मामले में आई-पैक के खिलाफ उसकी जांच में बाधा डालने के लिए राज्य तंत्र का इस्तेमाल किया।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ के समक्ष ईडी और उसके अधिकारी रॉबिन बंसल की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दलीलें पेश कीं। उन्होंने सीबीआई को प्राथमिकी दर्ज करने और मामले की जांच का निर्देश देने का अनुरोध किया। अदालत ईडी की उस याचिका पर सुनवाई कर रही है जिसमें आरोप लगाया गया है कि धन शोधन जांच के संबंध में आठ जनवरी को कोलकाता में राजनीतिक परामर्श फर्म 'इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी' (आई-पैक) के कार्यालय की तलाशी के दौरान बनर्जी और अन्य राज्य अधिकारियों ने बाधा डाली थी। ईडी का आरोप है कि मुख्यमंत्री ने भारी पुलिस बल के साथ व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करते हुए तलाशी रोक दी और संघीय अधिकारियों द्वारा एकत्र किए गए सबूतों को जब्त कर लिया।

## नोएडा से दो संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार पाकिस्तानी हैंडलर्स से थे जुड़े

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** एटीएस ने नोएडा से गुरुवार को दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एटीएस ने पिस्तौल, पांच कारतूस, दो मोबाइल बरामद किया है। दोनों पाकिस्तान समर्थित नेटवर्क से जुड़कर देश में हिंसात्मक आंदोलन व सांप्रदायिक दंगा कराने की साजिश रच रहे थे। इसके लिए सोशल मीडिया पर कैंपेन चला रहे थे। जांच में सामने आया कि आरोपी आईएसआई समर्थित पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी व आबिद जट के सीधे संपर्क में थे। इन दोनों के इशारे पर युवकों को नेटवर्क से जोड़ रहे थे।

एटीएस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में मूलतः बागपत के रमाला का रहने वाला वर्तमान में मेरठ के कंकरखेड़ा में ठिकाना बनाए तुषार चौहान उर्फ हिजबुल्ला अली खान और दिल्ली के सन लाइट कालोनी सीमापुर का समीर खान शामिल हैं। इनपुट मिला था कि आईएसआई के इशारे पर कुछ पाकिस्तानी गैंगस्टर और कट्टरपंथी तत्व भारतीय युवाओं को इंस्टाग्राम व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए फंसाकर स्लीपर सेल तैयार करने में जुटे हैं।



तुषार



समीर खान

- आईएसआई समर्थित पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी व आबिद जट के संपर्क में थे दोनों
- एटीएस ने नोएडा से दबोचा आरोपियों के पास से पिस्तौल कारतूस व मोबाइल बरामद

### टारगेटेड लोगों पर ग्रेनेड से हमला व हत्या का था निर्देश

पूछताछ में तुषार उर्फ हिजबुल्ला ने बताया कि सोशल मीडिया के जरिये पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में आया था। उसे टारगेटेड लोगों के घरों पर ग्रेनेड से हमला और हत्या करने के का निर्देश दिया गया था। इसके लिए 50 हजार रुपये एडवांस और काम पूरा होने पर ढाई लाख रुपये देने का लालच दिया गया था। पासपोर्ट बनवाकर दुबई के रास्ते पाकिस्तान भेजने की भी बात कही गई थी। शहजाद भट्टी ने इसको आईएसआई एजेन्ट मेजर हमीद, मेजर इकबाल, मेजर अनवर द्वारा भी टार्गेट दिये जाने की बात कही थी।

**सौगात** | उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने एम्स ऋषिकेश के छठे दीक्षांत समारोह को संबोधित किया

## युवा चिकित्सक सहानुभूति व सत्यनिष्ठा से करें सेवा : राधाकृष्णन

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के छठे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए युवा चिकित्सकों से समर्पण और उद्देश्य की भावना के साथ अपने पेशेवर कर्तव्यों को निभाने का आह्वान किया।

कोविड-19 महामारी से उत्पन्न चुनौतियों पर विचार करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने सतत नवाचार और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। कहा कि पिछले एक दशक में देश भर में स्थापित नए एम्स संस्थानों ने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा तक पहुंच को मजबूत किया है। एम्स ऋषिकेश की प्रशंसा के साथ उन्होंने विशेष रूप से टेलीमेडिसिन पहलों की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवा को अस्पताल परिसरों से आगे बढ़कर दूरस्थ और कम सुविधा प्राप्त आबादी तक पहुंचना चाहिए।

उपराष्ट्रपति ने हेली एम्बुलेंस सेवाओं और चार धाम यात्रा के दौरान तथा दूरस्थ क्षेत्रों में दवा वितरण के लिए ड्रोन के उपयोग जैसी नवोन्मेषी स्वास्थ्य सेवाओं की भी प्रशंसा की और इन्हें स्वास्थ्य सेवा वितरण में लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों का प्रभावी समाधान बताया। उपराष्ट्रपति ने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे सहित क्षेत्र में अवसंरचना के तीव्र विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने समावेशी विकास को बढ़ावा देने, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में सुधार लाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार के प्रयासों की सराहना की। समारोह को केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी संबोधित किया।



दीक्षांत समारोह के दौरान एक छात्र को उपाधि प्रदान करते उपराष्ट्रपति।

स्टेट ब्रीफ

## सामने आया जानवर पलटी तेज रफ्तार कार

**हल्द्वानी :** शहर से सटे टांडा जंगल क्षेत्र में बुधवार देर रात एक तेज रफ्तार कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सड़क पर अचानक आए जानवर को बचाने के प्रयास में चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई और सुरक्षा जाली को तोड़ते हुए करीब 50 मीटर अंदर जंगल में जा घुसी। हादसा इतना तेज था कि आसपास के लोगों में भी अफरा-तफरी मच गई। कार हल्द्वानी से रुद्रपुर की ओर जा रही थी। वाहन को रितविक रंजन (25), निवासी मेट्रोपोल सिटी, रुद्रपुर चला रहे थे। उनके साथ कार में एक अन्य व्यक्ति भी सवार था। बताया जा रहा है कि जैसे ही वाहन टांडा जंगल क्षेत्र से गुजर रहा था, अचानक सड़क पर एक जानवर आ गया। उसे बचाने के प्रयास में चालक ने तेजी से वाहन मोड़ा, जिससे कार का संतुलन बिगड़ गया और यह हादसा हो गया।

# चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह

संवाददाता, हरिद्वार

- सातवें दिन 3,218 यात्रियों ने कराया पंजीकरण

**अमृत विचारः** बहुप्रतीक्षित चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। ऋषिकुल मैदान स्थित यात्री पंजीकरण केंद्र में सातवें दिन 3,218 यात्रियों ने अपना पंजीकरण कराया। पंजीकरण के आंकड़ों के अनुसार, यमुनोत्री धाम के लिए 706, गंगोत्री धाम के लिए 710, केदारनाथ धाम के लिए 895 तथा बद्रीनाथ धाम के लिए सर्वाधिक 907 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया।

वहीं, हेमकुंड साहिब के लिए इस दिन कोई पंजीकरण दर्ज नहीं हुआ। यात्री पंजीकरण केंद्र पर व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित की जा रही हैं, जिससे विभिन्न राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि सात दिनों के भीतर अब तक 16,500 से अधिक श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए अपना पंजीकरण करा चुके हैं। प्रशासन के अनुसार यात्रा प्रारंभ होने के साथ ही पंजीकरण संख्या में और तेजी आने की संभावना है। चारधाम यात्रा को सफल एवं सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं और यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता दी जा रही है।

### विश्वप्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने पर सेना के बैंड की मधुर धुनों ने श्रद्धालुओं का मन मोहा

# जागरों पर झूमा बदरीनाथ धाम, भजनों से उमड़ी भक्ति

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में स्थित विश्वप्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के कपाट छह माह बंद रहने के बाद गुरुवार को खोल दिए गए। इस दौरान पूरा वातावरण ढोल-नगाड़ों और सेना के बैंड की मधुर धुनों के साथ हजारों श्रद्धालुओं के 'जय बदरी विशाल' के जयकारों से भक्तिमय हो उठा।

कपाट खुलने के इस ऐतिहासिक अवसर पर माणा एवं बामणी गांव की महिलाओं ने पारंपरिक जागरों के साथ मंदिर प्रांगण में झुमैलो नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे संपूर्ण वातावरण लोक संस्कृति और आस्था के रंग में रंग गया। वहीं, देश के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालुओं ने भी भजन-कीर्तन कर अपनी श्रद्धा अर्पित की।



भगवान बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने पर आध्यात्मिक मुद्रा में सीएम पुष्कर सिंह धामी।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, डीएम गौरव कुमार, एसपी सुरजीत सिंह पंवार, श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के सीईओ विशाल मिश्रा, बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती, रावल अमरनाथ नंबूदरी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गिरीश चौहान, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, नायब रावल सूर्यराग नंबूदरी, धर्माधिकारी स्वयंबर सेमवाल, वेदपाठी रविंद्र भट्ट, आचार्य वाणी विलास डिमरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### श्रद्धालुओं के साथ किया प्रसाद ग्रहण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धाम में संचालित भंडारे का रिबन काटकर शुभारंभ किया तथा श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने भंडारा संचालकों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और मानव सेवा ईश्वर सेवा उत्थान समिति द्वारा संचालित विशाल भंडारे की सराहना की। उन्होंने श्रद्धालुओं से 'हरित और स्वच्छ' तीर्थयात्रा में सहयोग करने का आग्रह किया।

### भव्य फूलों से और निखरी सुंदरता

भगवान बद्रीनाथ मंदिर को रंग-बिरंगे और सुगंधित फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था, जिससे नर और नारायण पर्वत के बीच स्थित इसकी सुंदरता और निखर उठी। मान्यता है कि वर्ष में छह महीने (ग्रीष्मकाल में) श्रद्धालु यहां भगवान विष्णु की पूजा करते हैं, जबकि शेष छह महीने (शीतकाल में) देवता स्वयं उनकी आराधना करते हैं, जिसमें मुख्य पुजारी देवर्षि नारद होते हैं।

# स्वास्थ्य सेवाओं की चुनौती को अवसर में बदलें

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया एम्स ऋषिकेश के दीक्षांत समारोह में युवा चिकित्सकों को किया संबोधित

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

- राज्यपाल ने पहाड़ में स्वास्थ्य सेवाएं सुधारने पर दिया जोर

**अमृत विचारः** राज्यपाल गुरमीत सिंह ने गुरुवार को एम्स ऋषिकेश के दीक्षांत समारोह में युवा चिकित्सकों को संबोधित किया। कहा कि, राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच अभी भी चुनौतीपूर्ण है, युवा चिकित्सकों से अपेक्षा है कि वे इन चुनौतियों को अवसर में बदलकर दूरस्थ क्षेत्रों में सेवा प्रदान कर समाज में विश्वास का संचार करें।

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में चिकित्सा का क्षेत्र तेजी से बदल रहा है, जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल हेल्थ और आधुनिक अनुसंधान पद्धतियां स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बना रही हैं। एम्स ऋषिकेश इस दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है, जो स्वास्थ्य तंत्र को भविष्य के लिए तैयार कर रहा है। कहा कि चिकित्सा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि सेवा और संवेदनशीलता का क्षेत्र है। मरीज केवल उपचार ही नहीं, बल्कि विश्वास और आशा लेकर चिकित्सक के पास आता है। ऐसे में चिकित्सकों का व्यवहार, सहानुभूति और समर्पण ही मरीज को सुरक्षा और विश्वास प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मरीज को शारीरिक चिकित्सा के साथ ही मनोवैज्ञानिक सहारे की भी जरूरत होती है।





दीक्षांत समारोह में छात्रा को उपाधि प्रदान करते उपराष्ट्रपति, साथ में राज्यपाल व मुख्यमंत्री।

### चिकित्सा क्षेत्र मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यमः धामी



**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी युवा चिकित्सकों को संबोधित किया। कहा कि चिकित्सा क्षेत्र केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यम है, जिसे निष्ठा, संवेदनशीलता और करुणा के साथ निभाया जाना चाहिए। सीएम ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित एम्स ऋषिकेश आज प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण जीवन रक्षक संस्थान के रूप में स्थापित हो चुका है। यहां कैंसर उपचार, न्यूरोसर्जरी, रोबोटिक सर्जरी और जॉइंट रिप्लेसमेंट जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। हेली एम्बुलेंस सेवा राज्य के दुर्गम क्षेत्रों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ऊधमसिंह नगर में एम्स ऋषिकेश के सैटेलाइट सेंटर का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिससे कुमाऊं क्षेत्र की जनता को भी उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिलेगा। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश के प्रत्येक जनपद में मेडिकल कॉलेज की स्थापना, टेलीमेडिसिन नेटवर्क का विस्तार, जन औषधि केंद्रों के माध्यम से सस्ती दवाइयों की उपलब्धता तथा निःशुल्क पैथोलॉजिकल जांच जैसी योजनाओं पर तेजी से कार्य हो रहा है।

### डॉक्टरों के लिए आजीवन सीखते रहना आवश्यकः अनुप्रिया

**देहरादून :** केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने उपाधि प्राप्त डॉक्टरों को संबोधित किया कि चिकित्सा पेशा केवल करियर नहीं, बल्कि मानव सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। उन्होंने मरीजों के विश्वास को बनाए रखने और हर परिस्थिति में उनके हित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। साथ ही, नैतिकता और ईमानदारी को अपने कार्य का आधार बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में निरंतर हो रहे बदलावों के बीच डॉक्टरों के लिए आजीवन सीखते रहना आवश्यक है, ताकि बेहतर उपचार सुनिश्चित किया जा सके। मरीजों के साथ प्रभावी संवाद को भी उन्होंने अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे विश्वास और उपचार के परिणाम बेहतर होते हैं। इस अवसर पर पूर्व सीएम व सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, सांसद नरेश बंसल, महेंद्र भट्ट, एम्स ऋषिकेश के अध्यक्ष प्रो. राज बहादुर, एम्स ऋषिकेश की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह, डीन (अकादमिक) प्रो. सौरभ मौजूद रहे।

## दो तेंदुओं ने बनाया महिला को निवाला

**देहरादून :** पौड़ी जिले में गुरुवार को दो तेंदुओं के हमले में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई।

अधिकारियों के अनुसार, पौड़ी ब्लॉक के बमठी गांव में सुबह करीब नौ बजे यह घटना उस समय हुई जब सीता देवी (65) खेतों में घास काटने गई थी। इसी दौरान घात लगाए बैठे दो तेंदुओं ने उन पर हमला कर दिया और उन्हें घसीटते हुए जंगल की ओर ले गए। गांव की ओर लौट रही एक महिला मुन्नी देवी ने सीता देवी के शव के पास दो तेंदुओं को देखा और शोर मचाकर ग्रामीणों को बुलाया। ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने तक तेंदुए शव को क्षत-विक्षत कर चुके थे।

इस घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश और दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने सरकार और वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि तेंदुओं की सक्रियता की जानकारी लंबे समय से दिए जाने के बावजूद समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए। डीएफओ रजत सुमन ने बताया कि ट्रैप कैमरे लगाने के साथ ही तेंदुओं को ट्रेंकुलाइज करने और अंतिम विकल्प के रूप में गोली मारने के आदेश मिल गए हैं।

# राज्य में जल्द बनेगा 12 किमी ग्रीनफील्ड बाइपास

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने तथा देहरादून शहर में यातायात का दबाव कम करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा उत्तराखंड में 12 किलोमीटर लंबा ग्रीनफील्ड चार-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड बाइपास का निर्माण किया जा रहा है। यह बाइपास दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर से जुड़ते हुए देहरादून के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से में वैकल्पिक मार्ग के रूप में कार्य करेगा।

अधिकारियों के अनुसार, यह परियोजना झाझरा से प्रारंभ होकर पांवटा साहिब-बल्लूपुर (एनएच-7) सेक्शन को जोड़ते हुए देहरादून में आशारोड़ी चेक पोस्ट के निकट दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर से जुड़ती है। लगभग 716 करोड़ रुपये की लागत से विकसित हो रही इस परियोजना का करीब 44 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और इसके अप्रैल 2027 तक पूर्ण होने की संभावना है। यह एक्सेस-कंट्रोल्ड राष्ट्रीय राजमार्ग देहरादून शहर के भीतर प्रवेश किए बिना ट्रांजिट ट्रैफिक को डायवर्ट करेगा, जिससे शहर के अंदर यातायात दबाव और वाहन प्रदूषण में कमी आएगी। साथ ही, यह मार्ग सेलाकुई औद्योगिक क्षेत्र, विकासनगर, हर्बर्टपुर (उत्तराखंड) तथा पांवटा साहिब (हिमाचल प्रदेश) की ओर जाने वाले यातायात को सुगम बनाएगा।

### वाहनों की गति 80-100 किमी प्रतिघंटा

परियोजना को दीर्घकालिक स्थिरता को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। सड़क की डिजाइन गति 100 किमी/घंटा निर्धारित की गई है, जबकि वन क्षेत्रों में प्रभाव कम करने हेतु कुछ हिस्सों में गति 80 किमी/घंटा रखी गई है। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सड़क की चौड़ाई (राइट ऑफ़ वे) को 30 मीटर तक सीमित रखा गया है, जिससे वन क्षेत्र और पेड़ों का संरक्षण सुनिश्चित हो सके।

**7 छोटे पुल, 21 बॉक्स कल्वर्टः** वन क्षेत्रों से गुजरने के कारण परियोजना में वन्यजीव संरक्षण के विशेष प्रावधान किए गए हैं। इसमें बड़े जानवरों के आवागमन हेतु 350 मीटर लंबा व्हीक्युलर ओवरपास तथा एक कैटल ओवरपास शामिल है। साथ ही 7 छोटे पुल, 21 बॉक्स कल्वर्ट तथा छोटे जीवों के लिए 5 ह्यूम पाइप कल्वर्ट बनाए जा रहे हैं।

# प्राग फार्म भूमि विवाद में याचिका खारिज

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में 'प्राग फार्म' भूमि विवाद से जुड़े मामले में दायर याचिका को खारिज कर दिया है।

यह याचिका इको फ्रेंडली फूड प्रोसेसिंग पार्क लि. एवं अन्य द्वारा दायर की गई थी, जिसमें राज्य सरकार से 483.2 एकड़ भूमि पर खड़ी गन्ने की फसल की कटाई की अनुमति देने की मांग की गई थी। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ताओं के पास ऐसा कोई वैध अधिकार नहीं है, जिसके आधार पर उन्हें यह राहत दी जा सके। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की पीठ ने पाया कि संबंधित भूमि प्राग फार्म का हिस्सा है, जो लंबे समय से विवादों और न्यायिक कार्यवाहियों का केंद्र रही है। यह भूमि मूल रूप से वर्ष 1933 में लीज पर दी गई थी, जिसके बाद उत्तराधिकारियों के बीच विवाद उत्पन्न हुए और मामला विभिन्न न्यायिक मंचों तक पहुंचा।

याचिकाकर्ताओं का दावा था कि उन्होंने वर्ष 2008 में लीज डीड के आधार पर भूमि पर कब्जा प्राप्त किया और अपने संसाधनों से गन्ने की फसल उगाई। उनका कहना था कि अगस्त 2025 में जब राज्य सरकार ने भूमि का कब्जा अपने हाथ में लिया, उस समय फसल तैयार थी, लेकिन उन्हें कटाई की अनुमति नहीं दी गई, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ। वहीं, राज्य सरकार की ओर से तर्क दिया गया कि भूमि पर विधिवत कब्जा ले लिया गया है और याचिकाकर्ताओं का अधिकार केवल उप-लीज पर आधारित है, जो स्वयं विवादित है। ऐसे में उन्हें भूमि पर प्रवेश या किसी प्रकार की गतिविधि की अनुमति देना राज्य के अधिकारों के विपरीत होगा और इससे प्रशासनिक जटिलताएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। एकलपीठ ने दोनों पक्षों की दलीलों पर विचार करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता न तो मूल लीजधारक हैं और न ही मुख्य वाद में पक्षकार रहे हैं।

### एमडी को अवमानना नोटिस जारी

**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने वन विकास निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों से वसूली के मामले में एकलपीठ के आदेश का अनुपालन नहीं करने के मामले में वन विकास निगम की प्रबंध निदेशक (एमडी) नीना ग्रेवाल को अवमानना नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है। वन विकास निगम के स्केलर और चौकीदार पद से सेवा निवृत्त सात याचिकाकर्ताओं तारा आर्य और अन्य की ओर से दायर अवमानना याचिका पर गुरुवार को न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ में सुनवाई हुई।

# शिकायत पर क्यों दर्ज नहीं हुई एफआईआर

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने भीमताल की निजी यूनिवर्सिटी की छात्रा की पिछले साल संदिग्ध हालात में हुई मौत के मामले में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार से पूछा है कि

परिजनों की शिकायत पर क्यों एफआरआई नहीं हुई, जिसकी वजह से उन्हें लखनऊ में जीरो एफआईआर दर्ज करनी पड़ी। इस पर 28 अप्रैल तक जांच रिपोर्ट पेश करें। मामले के अनुसार, पीड़ित पिता लखनऊ निवासी रामकृष्ण तोमर ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग को लेकर दायर याचिका में बताया कि उनकी पुत्री वैश्वी तोमर (18) ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल में बीसीए द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। वह कॉलेज के हॉस्टल में रहती थी। आरोप है कि, कुछ सीनियर उसकी रैंगिग कर रहे थे, जो उसे अच्छा नहीं लगता था और वह इससे परेशान थी। इस बीच कॉलेज की तरफ से उन्हें सूचना दी गई कि उनकी पुत्री की सन्दिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है जबकि कॉलेज द्वारा उसे मूर्छित अवस्था मे सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित करार दिया। आरोप है कि, जब उनके द्वारा इसकी शिकायत भवाली थाने में की गई तो थाना पुलिस ने कॉलेज के दबाव में आकर शिकायत दर्ज करने से मना कर दिया। याचिका के अनुसार, लखनऊ से शिकायत मिलने के बाद भी भवाली पुलिस जांच नहीं कर रही है।

# विकसित होंगे आपदा से सुरक्षित गांव

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** राज्य को आपदा सुरक्षित बनाने की दिशा में अहम पहल में आपदा प्रबंधन विभाग और पंचायती राज विभाग मिलकर कार्य करेंगे। ग्राम स्तर पर आपदा से निपटने की क्षमता को मजबूत करने के लिए पहले चरण में राज्य के ग्राम प्रधानों को आपदा प्रबंधन का व्यवहारिक एवं आवश्यक तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास मंत्री मदन कौशिक ने गुरुवार को यूएसडीएमए में विश्व बैंक सहायतित यू-प्रिपेयर परियोजना के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा बैठक में कहा कि, इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम प्रधानों को आपदा की स्थिति में फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में तैयार करना है ताकि वे आपदा के बाद प्रारंभिक राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित कर सकें और पेशेवर बचाव दलों के पहुंचने तक स्थिति को नियंत्रित रख सकें। साथ ही राज्य में व्यापक स्तर पर आपदा सुरक्षित गांव विकसित किए जाएंगे, जो भूकंप, भूस्खलन, बाढ़ और अन्य संभावित आपदाओं का सामना करने में सक्षम हों।



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक।

उन्होंने कहा कि आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए संबंधित विभागों को आधुनिक उपकरण और संसाधनों से सुसज्जित करना आवश्यक है। इस दिशा में पीडब्ल्यूडी, वन विभाग, एसडीआरएफ तथा अन्य संबंधित विभागों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सर्वोत्तम उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक विभागों की क्षमता मजबूत नहीं होगी, तब तक आपदाओं का प्रभावी प्रबंधन संभव नहीं है। बैठक में सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# विधानसभा का विशेष सत्र 28 अप्रैल को होगा

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** उत्तराखंड विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र 28 अप्रैल को देहरादून में आहूत किया गया है। इस संबंध में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने गुरुवार को अधिसूचना जारी की है।

अधिसूचना के अनुसार यह विशेष सत्र विशेष चर्चा के लिए बुलाया गया है। सूत्रों के मुताबिक, संसद में महिलाओं के आरक्षण से संबंधित 'नारी शक्ति वंदन' संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं होने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विपक्ष पर हमलावर है। ऐसे में राज्य सरकार इस सत्र के दौरान विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव ला सकती है। भाजपा का आरोप है कि विपक्ष के गैरजिम्मेदाराना रवैये के कारण लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का रास्ता साफ नहीं हो सका। उल्लेखनीय है कि, सत्ताधारी भाजपा, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर महिला विरोधी होने का आरोप लगा रही है।

भाजपा का कहना है कि, इन विपक्षी दलों ने साजिश कर संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं होने दिया। इस सत्र के लिए विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारी नियुक्त करने की प्रक्रिया चल रही है और इसके लिए सभी विभागों को सूचित कर दिया गया है।

सख्ती

### यात्रा प्रभावित करने की साजिश बेनकाब, दुष्प्रचार करने वालों पर कार्रवाई

# चारधाम : भ्रामक वीडियो पर तीन एफआईआर



मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर चारधाम यात्रा के संबंध में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा भ्रामक, अपुष्ट एवं तथ्यहीन वीडियो/सामग्री प्रसारित कर लोगों को भ्रमित करने तथा राज्य की छवि धूमिल करने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। पूर्व में दर्ज प्रकरणों के क्रम में जनपद रुद्रप्रयाग में दो और प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। इसके साथ ही ऐसे मामलों में अब तक कुल तीन एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं।

अधिकारियों ने बताया कि, जनपद रुद्रप्रयाग में सोशल मीडिया मॉनीटरिंग के दौरान एक ऐसा वीडियो संज्ञान में आया, जिसमें केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं को दर्शन से वंचित किए जाने संबंधी गलत जानकारी प्रसारित की जा रही थी। उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना सोनप्रयाग में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर विधिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। मामले की जांच प्रचलित है। साथ ही, ऐसे अन्य 4-5 संदिग्ध वीडियो भी चिन्हित किए गए हैं, जिनकी गहन जांच की जा रही है और उनके विरुद्ध भी नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चारधाम यात्रा सुव्यवस्थित, सुरक्षित और सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। राज्य सरकार द्वारा यात्री सुविधाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, ट्रैफिक प्रबंधन, आपदा सुरक्षा एवं डिजिटल मॉनीटरिंग को सुदृढ़ करते हुए प्रत्येक श्रद्धालु को सुगम एवं व्यवस्थित दर्शन सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

### आस्था से खिलवाड़ नहीं होगा बर्दाश्त

सीएम धामी ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि उत्तराखंड की आस्था, श्रद्धा एवं चार धाम यात्रा की गरिमा के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। श्रद्धालुओं एवं सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं से अपील की जाती है कि वे केवल आधिकारिक स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही विश्वास करें तथा किसी भी भ्रामक या संदिग्ध सामग्री को साझा करने से बचें।

### जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएंगे

राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि चारधाम यात्रा से जुड़ी व्यवस्थाएं पूर्णतः सुचारू हैं और श्रद्धालुओं को व्यवस्थित रूप से दर्शन कराए जा रहे हैं। किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना, अफवाह या दुष्प्रचार को शून्य सहनशीलता के तहत लिया जाएगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की 24×7 निगरानी की जा रही है और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# विक्रम हत्याकांडः छह लाख का इनाम घोषित

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** थाना डालनवाला क्षेत्र में सिल्वर सिटी मॉल में हुए हत्याकांड के अभियोग में फरार चल रहे छह अभियुक्तों की गिरफ्तारी पर एक-एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया है। पुलिस ने इन सभी अभियुक्तों के खिलाफ न्यायालय से गैर जमानती वारंट भी प्राप्त किए हैं।

एसएसपी देहरादून प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि, इसी साल 13 फरवरी को सिल्वरसिटी मॉल में मूल रूप से जमशेदपुर निवासी विक्रम शर्मा की जिम से निकलते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस टीम ने घटना में प्रकाश में आए 02 अभियुक्तों राजकुमार पुत्र शिवदत्त को जमशेदपुर से तथा अक्षत ठाकुर पुत्र प्रभास ठाकुर को ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार कर लिया था। गहन जांच में इस हत्याकांड में शामिल 6 अन्य अभियुक्तों अंकित वर्मा, आशुतोष सिंह, विशाल सिंह, आकाश प्रसाद, यशराज, जितेन्द्र साहु सभी निवासी जमशेदपुर, झारखंड के नाम प्रकाश में आए हैं। इनके खिलाफ न्यायालय से एनबीडल्यू प्राप्त करने के बाद एडीजी अपराध एवं कानून व्यवस्था उत्तराखंड द्वारा सभी वांछित अभियुक्तों पर 1-1 लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया है।

## सिटी इंवेंट्स

- 23वीं प्रादेशिक जनपद/वाहिनी पुलिस हॉकी प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार में होगी 10 :30 बजे
- निरंकारी बाबा गुरुवचन सिंह की स्मृति में बरेली रोड स्थित संत निरंकारी भवन में सत्संग का आयोजन 5 बजे

## सिटी ब्रीफ

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का धरना 16वें दिन जारी

**हल्द्वानी** : मानदेय बढ़ोतरी की मांग को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का बुद्ध पार्क में चल रहा धरना गुरुवार को 16वें दिन भी जारी रहा। बड़ी संख्या में एकत्रित कार्यकत्रियों ने अपनी मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई और सरकार से जल्द निर्णय लेने की अपील की। धरना दे रही कार्यकत्रियों का कहना है कि वर्तमान में उन्हें मिल रहा 9 हजार रुपये का मानदेय अपर्याप्त है, जिसे बढ़ाकर 24 हजार रुपये किया जाना चाहिए। महंगाई के इस दौर में इतने कम मानदेय में परिवार का भरण-पोषण करना कठिन हो गया है। चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन लगातार जारी रहेगा। इस दौरान उन्होंने सरकार के प्रति नाराजगी जताई। धरना स्थल पर अर्जुन बिष्ट और हरीश पनेरू ने पहुंचकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को समर्थन दिया और उनकी मांगों को जायज बताया।

# पहाड़ों पर तपिश का प्रहार, मुक्तेश्वर में टूटा 3 साल का रिकॉर्ड

## नैनीताल जिले के पर्वतीय क्षेत्रों में अप्रैल का महीना बीते तीन साल में सबसे ज्यादा गर्म साबित हो रहा है, मई शुरू नहीं हुई कि लू के थपेड़े पड़ेंगे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी,

**अमृत विचार:** पहाड़ों में गर्मी का असर बढ़ता ही जा रहा है। अप्रैल माह में मुक्तेश्वर में गर्मी का पिछले तीन साल का रिकार्ड टूट गया है। नैनीताल जिले के मैदानी इलाकों में भी पारा 39 डिग्री के पार चल रहा है।

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के जारी बुलेटिन के अनुसार मुक्तेश्वर में गुरुवार को तापमान 28.2 डिग्री रहा जो सामान्य से 4.8 डिग्री ज्यादा है। यहां न्यूनतम तापमान 12 डिग्री दर्ज किया गया है। मुक्तेश्वर में साल 2025 में 24 अप्रैल को अधिकतम तापमान 27.9 डिग्री, साल 2024 में 19 अप्रैल को 28 डिग्री और साल 2023 में 17 मार्च को 26.8 डिग्री अधिकतम पारा था। नैनीताल जिले के पर्वतीय क्षेत्रों में पिछले तीन साल में सबसे ज्यादा गर्म अप्रैल इस बार साबित हो रहा है। मुक्तेश्वर में साल 1999 में 30 अप्रैल को 31.5 डिग्री पारा था। इधर, मैदानी इलाकों में भी गर्मी का असर दिख रहा है। हल्द्वानी में दोपहर के समय गर्म हवा चल रही है। हल्द्वानी में गुरुवार को अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री था जो सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा है और न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री था।

**28**.2 डिग्री तक पहुंचा पारा, मैदानी इलाकों में भी तापमान में उछाल



दोपहर के समय गर्मी काफी बढ़ रही है और साथ ही पहाड़ों में भी गर्मी बढ़ रही है। गर्मी की वजह से काम-काज भी काफी प्रभावित हो रहे हैं। -**सजल कुमार**, हल्द्वानी

### 25 अप्रैल से मिल सकती है राहत

**हल्द्वानी :** बढ़ रहे तापमान के बीच राहत की बात यह है कि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने वाला है। उत्तराखंड में 25 अप्रैल से इसका असर शुरू हो जाएगा। नैनीताल जिले में 26 और 27 अप्रैल को बारिश के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में गिरावट आ सकती है।

### बाजार में लौटी 'आंचल'

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड डेरी फेडरेशन के प्रमुख ब्रांड आंचल की आइसक्रीम एक बार फिर बाजार में उपलब्ध हो गई है, जिससे उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। गर्मी की शुरुआत के साथ ही आइसक्रीम की मांग तेजी से बढ़ी है, लेकिन पिछले दिनों आंचल आइसक्रीम का स्टॉक कम होने से बाजार में बाहरी ब्रांडों को फायदा मिला। अब स्थानीय ब्रांड की वापसी से प्रतिस्पर्धा बढ़ने के साथ उपभोक्ताओं को किफायती विकल्प भी मिल रहे हैं। आंचल न केवल उपभोक्ताओं के बीच लोकप्रिय है, बल्कि यह राज्य के हजारों दुग्ध उत्पादकों की आजीविका का भी आधार है। खासकर पर्वतीय और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले किसानों के लिए यह रोजगार का महत्वपूर्ण साधन बना हुआ है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी गर्मी बढ़ने के साथ ही कार्रवाई तेज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** गर्मी के मौसम में संक्रामक बीमारियों की रोकथाम और उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने गुरुवार को हल्द्वानी क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया। इस दौरान कई नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए।

अभियान के दौरान शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। टीम ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता परखने के लिए हल्दी पाउडर, चावल, मिक्स जूस एवं लस्सी के नमूने विधिवत तरीके से संकलित किए। इन नमूनों को परीक्षण के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला, रुद्रपुर भेजा गया है।



शीतल पेय की जांच करते वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह।

जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि किसी नमूने में मानकों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित प्रतिष्ठान के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई होगी। मिलावटी और खराब गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए ऐसे विशेष अभियान जारी रहेंगे। -**अभय कुमार सिंह**, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी

# गर्मी के साथ ही बढ़ा गैस्ट्रो रोगों का खतरा, सतर्क रहें

- **गर्मी बढ़ते ही गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट ने सावधानी बरतने की दी सलाह**
- **पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियों का खतरा**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** गर्मी का पारा चढ़ने के साथ ही पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियों के मामलों में तेजी देखी जा रही है। राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के जनरल मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष एवं गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट प्रो. डॉ. सुभाष चन्द्र जोशी ने बताया कि दूषित पानी, बासी भोजन और खान-पान में लापरवाही इसके प्रमुख कारण हैं। गर्मियों में डायरिया, फूड पॉइजनिंग, उल्टी, पेट दर्द, एसिडिटी और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं अधिक सामने आती हैं।



प्रो. डॉ. सुभाष चन्द्र जोशी।

उन्होंने कहा कि अधिक तापमान में बैक्टीरिया और वायरस तेजी से पनपते हैं, जिससे भोजन और पानी दूषित हो जाता है और आंतों में संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। बचाव के लिए केवल ताजा और स्वच्छ भोजन करें तथा खुले और बासी खाने से परहेज रखें।

पानी उबालकर या फिल्टर करके ही पिएं और शरीर में पानी की कमी से बचने के लिए ओआरएस, नारियल पानी, छाछ व नींबू पानी का सेवन करें। डॉक्टरों ने हल्का और सुपाच्य भोजन लेने की सलाह दी है।

लगातार दस्त, उल्टी या तेज पेट दर्द होने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेने को कहा गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि स्वच्छता और संतुलित आहार से इन बीमारियों से बचाव संभव है।

# नैनी झील में स्नो ट्राउट छोड़ी गई, सुधरेगा पारिस्थितिकी तंत्र

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** सरोवर नगरी की पहचान नैनी झील एक बार फिर अपने प्राकृतिक संतुलन की ओर लौटती नजर आ रही है। गुरुवार को तल्लीताल स्थित सेंट जॉसेफ स्वीमिंग हाउस के पास झील में बनाए गए मत्स्य केज में करीब 300 स्नो ट्राउट मछलियों का संचय किया गया। यह पहल झील की जैव विविधता को पुनर्जीवित करने और जल की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

मुख्य अतिथि कुमाऊं आयुक्त एवं मुख्यमंत्री के सचिव दीपक रावत ने बताया कि 1990 के दशक में महाशीर और स्नो ट्राउट जैसी प्रजातियां लगभग विलुप्त हो गई थीं। वर्ष 2005 से ट्राउट प्रजाति के पुनः संवर्धन के प्रयास शुरू हुए थे, जिनके सकारात्मक परिणाम अब सामने आ रहे हैं। अब करीब 35 साल बाद स्नो ट्राउट को दोबारा झील में स्थापित करने की पहल की गई है। इस परियोजना में कुमाऊं विश्वविद्यालय की अहम भूमिका रही। जंतु विज्ञान विभाग की टीम ने मछलियों के बीज को विकसित कर उनकी अंगुलिकाएं तैयार कीं, जिन्हें झील में छोड़ा गया।



नैनीताल में स्नो ट्राउट मछली को देखते आयुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

विशेषज्ञों के अनुसार, स्नो ट्राउट काई को खाकर जल में नाइट्रोजन संतुलित करेगी और ऑक्सीजन स्तर बढ़ाने में सहायक होगी। इससे झील का पारिस्थितिकी तंत्र बेहतर होगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सरस्वती खेतवाल, प्रो. चंद्रकला रावत सहित कई लोग मौजूद रहे।

# डिजिलॉकर पर मिनटों में डाउनलोड होगी मार्कशीट

- **कल सुबह 10 बजे जारी होगा उत्तराखंड बोर्ड का हाईस्कूल व इंटर का परीक्षाफल**

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद (UBSE) 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम 25 अप्रैल को सुबह 10 बजे घोषित करेगा। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी मौजूद रहेंगे। इस बार छात्रों के लिए खास सुविधा यह है कि वे अपनी मार्कशीट डिजिलॉकर के माध्यम से भी तुरंत डाउनलोड कर सकेंगे।

इस वर्ष बोर्ड परीक्षाएं 21 फरवरी से 20 मार्च के बीच आयोजित की गई थीं। परिणाम जारी होते ही छात्र आधिकारिक वेबसाइट ubse.uk.gov.in और uaresults.nic.in पर जाकर अपना रिजल्ट देख सकेंगे। ऑनलाइन मार्कशीट में छात्र का नाम, रोल नंबर, विषयवार अंक, कुल अंक और पास/फेल की स्थिति दर्ज होगी।

डिजिलॉकर के जरिए मार्कशीट प्राप्त करना आसान है। इसके लिए छात्र डिजिलॉकर ऐप डाउनलोड करें या results.digilocker.gov.in वेबसाइट पर जाएं। मोबाइल नंबर से लॉगिन कर 'Education' सेक्शन में जाकर UBSE Result/Marksheet लिंक पर क्लिक करें। इसके बाद रोल नंबर दर्ज करते ही मार्कशीट स्क्रीन पर उपलब्ध हो जाएगी, जिसे डाउनलोड कर सुरक्षित रखा जा सकता है। इस सुविधा से छात्रों को समय की बचत होगी और उनकी मार्कशीट डिजिटल रूप में सुरक्षित भी रहेगी। सभी विद्यार्थियों से इसका उपयोग करने की अपील की गई है।

# कमर दर्द से परेशान कर्मचारी ने पत्नी के दुपट्टे से फांसी लगाई

- **रात परिवार के साथ खाया खाना और फिर लगा ली फांसी**
- **सुबह सोकर उठी पत्नी ने पति को फंदे से लटके देखा**

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** काफी वक्त से कमर दर्द से परेशान नगर निगम के ठेका कर्मी ने पत्नी के दुपट्टे को उसने फांसी का फंदा बनाया। सुबह सोकर उठी पत्नी ने पति को फंदे से लटके पाया तो कोहराम मच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मुखानी निवासी कुंदन चंद्र (35 वर्ष) ठेके के तहत नगर निगम में ड्राइवर की नौकरी करते थे और यहां परिवार, पत्नी व चार साल के बेटे साथ रहते थे। परिजनों का कहना है कि कुंदन काफी वक्त से कमर दर्द से परेशान थे। बताया जाता है कि बुधवार की रात घर पहुंचे कुंदन ने परिवार के साथ खाना खाया और फिर अपने कमरे में सोने चले गए। जबकि पत्नी, बेटे के साथ दूसरे कमरे में चली गई। पत्नी सुबह सोकर उठी, लेकिन कुंदन नींद से नही जागा। कमरा अंदर से बंद था और जब पत्नी ने खिड़की से झांक कर देखा तो कुंदन का शव फंदे से लटक रहा था। दरवाजा तोड़कर कुंदन को फंदे से नीचे उतार कर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीओ सिटी अमित कुमार सैनी ने बताया कि परिजनों ने कमर दर्द की बात कही है, लेकिन घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### रतनपुर के प्रधान प्रतिनिधि की तबीयत बिगड़ने से मौत

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** कोटाबाग ब्लॉक के रतनपुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि घनश्याम महरा (48) की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। घनश्याम महरा, ग्राम प्रधान आशा महरा के पति थे। बुधवार सुबह उन्हें अचानक तेज पेट दर्द उठा, जिसके बाद परिजनों ने उन्हें हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। देर रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के भाई इंदू महरा ने बताया कि डॉक्टरों के अनुसार पेट में नस फटने के कारण शरीर में संक्रमण फैल गया, जिससे उनकी जान चली गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घनश्याम महरा के निधन पर विधायक बंशीधर भगत, ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल, जिला पंचायत सदस्य अनीता आर्या, ग्राम प्रधान किशोर देउपा, राजू कार्की और मोहन सैनी सहित कई जनप्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त किया है।



घनश्याम महरा। (फाइल फोटो)

# वारंटी ने अधिवक्ता से की मारपीट एसपी से मिली बार एसोसिएशन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जजी परिसर में एक वारंटी युवक ने सरेआम एक वरिष्ठ अधिवक्ता पर हमला कर दिया। मौके पर मौजूद वकीलों ने किसी तरह आरोपी को काबू में किया।

दिल्ली निवासी एक व्यक्ति का पत्नी के साथ लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा है, इसका मामला कोर्ट में विचाराधीन है। पत्नी की ओर से भरण-पोषण का वाद दायर किया गया है, जिसमें कोर्ट पहले ही आरोपी पति के खिलाफ रिकवरी वारंट जारी कर चुका है। गुरुवार को युवक अचानक जजी परिसर पहुंचा और सीधे अपनी पत्नी के अधिवक्ता के पास जा पहुंचा और पत्नी को भड़काने का आरोप लगाते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। अन्य अधिवक्ताओं ने किसी तरह आरोपी को पकड़ा और पुलिस के सुपुर्द किया। घटना से बार एसोसिएशन में रोष हुआ। अध्यक्ष गोविंद बिष्ट के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने एसपी सिटी मनोज कात्याल से मुलाकात की और कड़ी कार्रवाई की मांग की। साथ ही कोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने पर जोर दिया।



एसपी सिटी से मुलाकात करते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य।

# हड्डी के डॉक्टर की कमी से मरीजों की पीड़ा बढ़ी

- **एक मात्र हड्डी रोग विशेषज्ञ ओटी में रहे**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** बेस अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ के एक पद के रिक्त होने के बाद स्वास्थ्य व्यवस्थाएं गंभीर दबाव में आ गई हैं। केवल एक ही विशेषज्ञ डॉक्टर होने के कारण मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। गुरुवार को एकमात्र तैनात डॉक्टर के ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में व्यस्त रहने के चलते दूर-दराज क्षेत्रों से आए कई मरीजों को बिना इलाज के ही वापस लौटना पड़ा।

बेस अस्पताल में हड्डी रोग विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन 200 से अधिक मरीज पहुंचते हैं। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. पीएस खोलिया मंगलवार के बाद गुरुवार को भी ओटी में रहे, ऐसे में ओटी के दिनों में मरीजों के पास कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है। विभाग में दो पद स्वीकृत हैं, जिनमें से एक संविदा चिकित्सक के इस्तीफे के बाद खाली हो गया है। पीएमएस डॉ. केएस दत्ताल ने बताया कि नए विशेषज्ञ की तैनाती के लिए उच्च अधिकारियों को प्रस्ताव भेजा गया है। स्थानीय लोगों ने डॉक्टरों की ड्यूटी सूची सार्वजनिक करने और जल्द नियुक्ति की मांग उठाई है।

# राज्य महिला आयोग का प्रशिक्षण आज से

**हल्द्वानी :** राज्य महिला आयोग की सदस्य सचिव उर्वशी चौहान ने बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से अपने लगभग 130 अधिकारियों के लिए दो दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम 24 से 26 अप्रैल तक द कॉर्बेट मनराल्स रिजॉर्ट निकट-हनुमान धाम, छोई में किया जा रहा है । उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य कौशल विकास व प्रशासनिक समन्वय को बढ़ावा देना है। इसमें विशेषज्ञ नए कानूनों, नियमों व महिला सुरक्षा से जुड़े केस स्टडी के साथ जानकारी देंगे ताकि राज्य की महिलाओं को त्वरित न्याय मिल सके और राज्य महिला आयोग का मकसद साकार हो सके।

# स्कूटी से शराब पहुंचाने वाले समेत तीन पकड़े

- **हल्द्वानी कोतवाली पुलिस को मिली सफलता**
- **तस्करों से शराब व बियर की 48 बोतलें बरामद**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** स्कूटी से शराब की तस्करी कर रहे दो युवकों के साथ पुलिस ने एक और युवक को पकड़ा, जो एक दुकान के बाहर खुलेआम शराब बेच रहा था। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, प्रेम विहार कॉलोनी निवासी दीपक भट्ट पुत्र जगदीश भट्ट को पुलिस ने रोले की पुलिया के पास से पकड़ा। दीपक स्कूटी से शराब की खेप लेकर जा रहा था। उसके साथ स्कूटी पर भुवन चंद्र पुत्र स्व.प्रेम राम भी सवार था, जो मुलरूप से नाराडोल मोतियापाथर अल्मोड़ा का रहने वाला है। दोनों के पास से पुलिस ने बीयर की 48 बोतल बरमद की। दूसरे मामले में पुलिस ने राजपुरा में एक दुकान के बाहर शराब बेच रहे राजपुरा वार्ड 13 निवासी गोपाल शर्मा उर्फ सुमित पुत्र संजय शर्मा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से 55 पाउच देसी शराब बरामद की। उसकेपास से शराब बेचकर जमा किए गए 5810 रुपए भी बरामद किए गए।

## तैयारी

### प्रमुख धार्मिक स्थलों के होंगे दर्शन, प्राकृतिक नजारों से भरपूर होगी पर्यटकों की आदि कैलास यात्रा

# इग्लू हट में रोमांच और बर्फ में आध्यात्म का होगा अनुभव

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आदि कैलास और ओम पर्वत की यात्रा की तैयारियां तेज हो गईं। हैं। इस यात्रा में अब दो सप्ताह का ही समय रह गया है। कुमाऊं मंडल विकास निगम (कुमंविनि) की ओर से इस वर्ष यात्रा को हल्द्वानी, धारचूला और चम्पावत से संचालित करने की योजना है। तीनों डेस्टिनेशन के अनुसार से यात्रा की अवधि, पर्यटन स्थल वगैरह बना दिए गए हैं।

उत्तराखंड में पहली बार गुंजी और रोंगकोंग में 12 इग्लू हट बनाए जा रहे हैं। बर्फ से ढके पहाड़ों, हरियाली और जैव विविधता से भरपूर इलाके में पर्यटक इन इग्लू हट में रुक सकेंगे, जिससे उन्हें बर्फ में रोमांच और आध्यात्मिक अनुभव का एक अनोखा मौका मिलेगा।

इससे कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों को सबसे ज्यादा फायदा होगा। दरअसल, आदि कैलाश यात्रा के दौरान ज्योलिकोंग, गुंजी और आस-पास के इलाकों में पर्यटकों के रुकने की सुविधाएं तो हैं, लेकिन बर्फबारी के समय उन्हें अंदर ही दुबककर रहना पड़ता है। 4.80 करोड़ गुंजी और रोंगकोंगे में छह-छह इग्लू हट बनाए जा रहे हैं।

### हल्द्वानी, पिथौरागढ़ के बाद चम्पावत से भी होगी यात्रा

**हल्द्वानी :** कुमंविनि ने इस वर्ष से हल्द्वानी पिथौरागढ़ के साथ ही चम्पावत से भी यात्रा शुरू की है। महाप्रबंधक विजय नाथ शुक्ला ने हल्द्वानी से आदि कैलास की आठ दिवसीय यात्रा है। यात्रा हल्द्वानी में तिकोनिया विश्राम गृह से सुबह 6 :30 बजे से शुरू होगी जो गोलज्यू देवता, चितई, जागेश्वर धाम होते हुए अल्मोड़ा पहुंचेगी। दूसरे दिन पिथौरागढ़, तीसरे दिन धारचूला और चौथे-पांचवें दिन गुंजी, छठें दिन बुधी, सातवें दिन चौकुड़ी और आठवें दिन अल्मोड़ा से होते हुए हल्द्वानी पहुंचेगी। इसी तरह धारचूला से पांच दिन की यात्रा है। वहीं, चम्पावत से छह दिन की यात्रा है। यात्रा टनकपुर से धारचूला, दूसरे दिन धारचूला से गुंजी, तीसरे व चौथे दिन गुंजी से नाभीढांग बूधी, पांचवें दिन बूधी से लोहाघाट और छठवें दिन लोहाघाट से टनकपुर पहुंचेगी।



### देवभूमि की लोक संस्कृति को नजदीक देखने का अवसर

**हल्द्वानी :** कुमंविनि की ओर से आदि कैलास एवं ओम पर्वत यात्रा का पहला जत्था आठ मई को रवाना होगा। इस यात्रा में पर्यटकों को कुमाऊं के तीर्थ व पौराणिक स्थलों का भी भ्रमण कराया जाएगा। श्रद्धालु विश्व प्रसिद्ध कैंचीधाम, चितई गोल्ज्यू मंदिर, जागेश्वर धाम और पाताल भुवनेश्वर जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन भी करेंगे। इससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही देवभूमि की लोक संस्कृति भी नजदीक को देखने का अवसर मिलेगा। फिलहाल कुमंविनि ने इसकी तैयारियां तेज कर दी हैं। सभी पर्यटक विश्राम गृहों को पंच सितारा होटल की तर्ज पर आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। लग्जरी वाहनों के भी इंतजाम किए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं को यात्रा में परेशानी नहीं हो।

आठ मई से श्रद्धालुओं का पहला दल आदि कैलास एवं ओम पर्वत यात्रा के लिए रवाना होगा। इसके लिए तैयारियां जोरों से की जा रही है। इस बार श्रद्धालुओं पर्यटक विश्राम गृहों में आधुनिक आरामदायक सुविधाएं मिलेंगी। लोक व्यंजन भी परोसे जाएंगे ताकि स्थानीय कल्चर से रूबरू होने का मौका मिल सके। -**विजय नाथ शुक्ला**, महाप्रबंधक कुमंविनि

# मोटाहल्दू का नेपाल और नोएडा कनेक्शन सुलझाने में जुटी पुलिस

- **पुलिस को यकीन, मदरसन आंदोलन की आड़ में रची जा चुकी थी बड़ी साजिश**
- **संदिग्धों के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल और व्हाट्सएप ग्रुप की हो रही जांच**

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मदरसन कंपनी के मजदूरों का आंदोलन खत्म हो चुका है और वो काम पर वापस लौट चुके हैं और पुलिस की जांच शुरू हो चुकी है। पुलिस का मानना है कि मजदूरों के इस आंदोलन को नोएडा की तर्ज पर हिंसक बनाने की योजना थी। पुलिस ने ऐसे 8-10 लोगों को चिह्नित किया है, जो इसके पीछे थे। ऐसे सभी लोगों के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल और व्हाट्सएप समेत अन्य सोशल मीडिया अकाउंट पुलिस खंगाल रही है।

नोएडा में हुए हिंसक आंदोलन के पीछे मुख्य साजिशकर्ता आदित्य आनंद को तमिलनाडु से गिरफ्तार किया। आदित्य नोएडा में एक किराए के फ्लैट में रह रहा था। जांच में सामने आया कि आदित्य के कई संगठनों और फ्रंट के बीच गहरा कनेक्शन है, जिन्होंने मिलकर नोएडा हिंसा की प्लानिंग रची। इनमें 4 संगठनों का नाम अब तक सामने आया है, जिसमें आरडब्ल्यूपीआई, मजदूर बिगुल दस्ता, नौजवान भारत सभा और दिशा ऑर्गनाइजेशन है।

इधर, मोटाहल्दू में हुए आंदोलन की जब पुलिस ने जांच शुरू की तो इसके तार भी नोएडा के साथ नेपाल से जुड़ते नजर आए। पुलिस का दावा है कि नोएडा की तर्ज पर यहां भी साजिशकर्ता नेपाल तक व्हाटसएप ग्रुप से जुड़े थे। इन साजिशकर्ताओं में एक महिला का संबंध नोएडा में बैठे षड्यंत्रकारी से मिला, जो फोन पर सीधा संपर्क में थी। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि अभी तक जितने भी संदिग्धों को चिह्नित किया गया है, सभी के मोबाइल फोन का डाटा खंगाला जा रहा है।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# कालाढूंगी में तेज रफ्तार बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

## ढौनियां नाले के पास गुरुवार सुबह हुआ हादसा, बस चालक फरार, परिवार में कोहराम

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** रामनगर-कालाढूंगी स्टेट हाईवे पर गुरुवार सुबह एक बेकाबू पैसेंजर बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा ढौनियां नाले, नयागांव के पास हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।


पुष्कर सिंह कार्की। (फाइल फोटो)

मृतक की पहचान 35 वर्षीय पुष्कर सिंह कार्की पुत्र दीवान सिंह कार्की, निवासी रावत नगर, बिंदुखत्ता (लालकुआं) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह अल्मोड़ा जिले के झिमार (सल्ट) स्थित डामर प्लांट से बाइक संख्या यूके 04 एए 8578से अपने घर लौट रहा था। सुबह करीब सात बजे पीछे से आ रही तेज रफ्तार पैसेंजर बस संख्या यूए 01- 7175 ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पुष्कर सड़क पर जा गिरा और उसका हेलमेट सिर से निकल गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। 108 एंबुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। मृतक अपने पीछे पत्नी, दो मासूम बेटियों और वृद्ध माता-पिता को छोड़ गया है। परिवार का इकलौता सहारा होने के कारण घर में कोहराम मचा हुआ है।


कालाढूंगी में हादसे के बाद अस्पताल पहुंची रोती-बिल्लखती मां को संभालते परिजन।

### मां और दोस्तों की बात मान ली होती तो बच सकती थी जान

परिजनों के अनुसार, मृतक की मां और दोस्तों ने उसे बाइक से न आने की सलाह दी थी, लेकिन उसने बात नहीं मानी। मां राधिका का रो-रोकर बुरा हाल है।

### तेज रफ्तार बसों से बढ़ रहा खतरा

स्थानीय लोगों का कहना है कि बस अड्डे पर सवारियां उठाने की होड़ में निजी बस चालक तेज गति से वाहन चलाते हैं, जिससे हादसों का खतरा बढ़ गया है।

> ओवरस्पीड बसों व नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। - **सुमित पांडे**, सीओ रामनगर

### रामनगर के युवक का शव भीमवाड़ा बैराज में मिला

**रामनगर :** रामनगर के एक युवक का शव हरिद्वार स्थित भीमवाड़ा बैराज के फीडर में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक बीते दो दिनों से लापता था और परिजनों ने उसकी गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। मृतक की पहचान 22 वर्षीय हर्षित कश्यप पुत्र सुमित कश्यप, निवासी मोतीमहल रामनगर के रूप में हुई है। बताया गया कि हर्षित 20 अप्रैल को बिना बताए घर से निकल गया था और अपना मोबाइल भी घर पर ही छोड़ गया था। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। इधर, 22 अप्रैल की सुबह हरिद्वार के भीमवाड़ा बैराज पर ज्वालापुर थाना पुलिस को फीडर में एक शव मिला। तलाशी के दौरान मृतक की जेब से मिले एटीएम कार्ड के आधार पर उसकी पहचान हर्षित कश्यप के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।


हर्षित। (फाइल)


पेशावर विद्रोह दिवस पर प्रदर्शन करते विभिन्न संगठनों के लोग। ● अमृत विचार

# पेशावर विद्रोह दिवस पर मजदूरों ने किया प्रदर्शन

- अधिकारों को लेकर लखनपुर चौक पर धरना, 8 घंटे कार्यदिवस समेत कई मांगें उठाईं

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** पेशावर विद्रोह दिवस के अवसर पर संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर विभिन्न मजदूर संगठनों ने लखनपुर चौक पर धरना-प्रदर्शन किया। इंकलाबी मजदूर केंद्र, बिगुल मजदूर दस्ता सहित कई संगठनों के कार्यकर्ता एकत्र हुए और "चंद्र सिंह गढ़वाली जिंदाबाद" के नारे लगाए।

प्रदर्शन के दौरान मजदूरों ने गिरफ्तार नेताओं की रिहाई, 8 घंटे का कार्यदिवस लागू करने, ओवरटाइम का दुगना भुगतान और न्यूनतम वेतन 24 हजार रुपये प्रतिमाह तय करने की मांग उठाई। साथ ही स्थायी रोजगार की गारंटी, महिला मजदूरों को समान वेतन और सभी श्रमिकों को पीएफ, ईएसआई, बोनस व साप्ताहिक अवकाश जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करने की मांग भी की गई।

समिति के सदस्य प्रभात त्यागी ने कहा कि मजदूरों के अधिकारों की अनदेखी हो रही है और जब तक हक नहीं मिलेगा, आंदोलन जारी रहेगा। प्रभात ध्यानी ने पेशावर विद्रोह की ऐतिहासिक घटना को याद करते हुए एकजुटता पर जोर दिया। कहा कि श्रमिक एकजुटता से ही उन्हें अधिकार मिल सकते हैं।

सभा को मुनीष कुमार, तुलसी छिंबाल, प्रभात ध्यानी सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया, जबकि संचालन रोहित रुहेला ने किया।

### नैनीताल में हॉकी प्रतियोगिता 4 जून से

**नैनीताल:** ऐतिहासिक ऑल इंडिया ट्रेड्स कप हॉकी टूर्नामेंट इस वर्ष अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। वर्ष 1920 में शुरू हुई इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन इस बार 4 जून से नैनीताल में किया जाएगा।

बीते वर्ष बजट की कमी और उससे पहले कोरोना काल के कारण टूर्नामेंट नहीं हो सका था। इस बार 100वीं प्रतियोगिता को लेकर आयोजकों में खासा उत्साह है और तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। अब तक करीब 40 टीमों ने टूर्नामेंट के लिए पंजीकरण करा लिया है। प्रतियोगिता में देशभर की टीमें हिस्सा लेती रही हैं। वर्ष 2004-05 में पाकिस्तान की कराची टीम ने भाग लेकर इसे अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई थी।

### जूनियर विंग में कराया छात्राओं ने नामांकन

**रामनगर:** जीपीपी आर्य कन्या इण्टर कॉलेज रामनगर में 24 यूके बालिका वाहिनी अल्मोड़ा की जूनियर विंग में छात्राओं का नामांकन कार्य किया गया। छात्राओं को वाहिनी के कार्यों एवं उद्देश्यों की जानकारी देते हुए आनरेरी ले. दिपेंदर सिंह ने छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। जिसमें कक्षा 8 और 9 की छात्राओं ने नामांकन प्रक्रिया में प्रतिभाग लिया। इस दौरान विद्यालय की प्रिंसिपल सरिता, सीटीओ आशा कुमारी और 24 यूके बालिकी वाहिनी अल्मोड़ा से सूबेदार मेजर आनरेरी ले. दिपेंदर सिंह रहे।

# छात्रों ने प्रदर्शनी व क्विज में दिखाई प्रतिभा, विजेता किए गए सम्मानित

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मेहरागांव, भीमताल में विकासखंड स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विज्ञान प्रदर्शनी एवं विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विकासखंड भीमताल के विभिन्न इंटर कॉलेज और हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने वरिष्ठ व कनिष्ठ वर्ग में प्रतिभाग किया।

वरिष्ठ वर्ग की विज्ञान प्रदर्शनी में राइका बानना के पंकज ने प्रथम, पंकज पलड़िया ने द्वितीय और मेहरागांव की संगीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग में नैतिक (रानीबाग) प्रथम, पवन और आयुष (सल्यूड़ा) द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर क्विज में राइका बानना प्रथम, राइका भीमताल द्वितीय और राइका भूमियाधार तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में राइका नौकुचियाताल प्रथम, राइका जंगलियागांव द्वितीय और राबाइका भीमताल तृतीय रहे। निर्णायक मंडल में प्रदीप सनवाल, गोरी शंकर जोशी, दीपा बिष्ट व बिनीता लोहनी शामिल रहे। खंड शिक्षा अधिकारी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया, जबकि ब्लॉक समन्वयक शैलेंद्र जोशी ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पीएस नगदली, हरि शंकर कांडपाल, दीप चंद्र पंत, कमलेश पांडे सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।


विजेता छात्र को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

### कालाढूंगी में ट्यूबवेल फुंकने से पेयजल संकट

**कालाढूंगी :** नगर के पांच वार्डों में बुधवार सुबह से पेयजल आपूर्ति ठप होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड नंबर-2 स्थित ट्यूबवेल की मोटर मंगलवार को फुंक जाने के बाद भीषण गर्मी में जल संकट गहरा गया है।

हालांकि जल संस्थान की ओर से टैंकरों के माध्यम से पानी का वितरण किया जा रहा है, जिससे लोगों को आंशिक राहत मिल रही है। बावजूद इसके, नियमित आपूर्ति बाधित होने से जनजीवन प्रभावित हो गया है। सबसे अधिक परेशानी वार्ड नंबर-2 में देखी जा रही है, जबकि वार्ड 3, 4, 5 और 6 में पुरानी पानी की टंकी से आपूर्ति हो रही है, फिर भी अधिकांश घरों में पानी की किल्लत बनी हुई है। दो दिन बीतने के बावजूद ट्यूबवेल की मोटर निकालने का कार्य शुरू नहीं होने से लोगों में नाराजगी है।

# लेक्स इंटरनेशनल में कुचिपुड़ी नृत्य की प्रस्तुति से दर्शक गदगद

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** लेक्स इंटरनेशनल स्कूल में स्पिक मैके के तत्वावधान में कुचिपुड़ी नृत्य का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य एसएस नेगी द्वारा कलाकारों का शॉल ओढ़ाकर स्वागत करने के साथ हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ गणपति व दुर्गा वंदना से किया गया। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कुचिपुड़ी नृत्यांगना प्रतीक्षा काशी ने अपनी प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने श्रीकृष्ण बांसुरी वादन, हनुमान कथा, पंचमहाभूतों पर आधारित सृष्टि नृत्य और शिव वंदना की विविध मुद्राओं के माध्यम से भारतीय शास्त्रीय नृत्य की अद्भुत झलक प्रस्तुत की। प्रतीक्षा काशी ने अपनी कला के माध्यम से विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को एक सूत्र में बांधते हुए नृत्य की बारीकियों से परिचित कराया। साथ ही विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का शांतिपूर्वक समाधान भी किया। प्रधानाचार्य एसएस नेगी ने स्पिक मैके कुमाऊं चैप्टर के प्रयासों की सराहना करते हुए कलाकारों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों से भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को समझने और आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. विजयंती काशी, गायक बीएन विनय कुमार, बांसुरी वादक एस. कुमार बाबू रहे।


लेक्स इंटरनेशनल स्कूल में कुचिपुड़ी नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

# सेंट जेवियर्स स्कूल में मनाया गया पृथ्वी दिवस

- पौधारोपण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** नगर के सेंट जेवियर्स स्कूल में 'पृथ्वी दिवस' उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा की जिला उपाध्यक्ष कविता गंगोला मौजूद रहीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य नईम अली खान ने उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्टाफ ने मिलकर पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने कविताएं, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया। जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने आर्ट प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। मुख्य अतिथि कविता गंगोला ने बच्चों को हरियाली की शपथ दिलाते हुए पृथ्वी को स्वच्छ और हरा-भरा बनाए रखने का आह्वान किया। वहीं प्रधानाचार्य नईम अली खान ने पौधारोपण के साथ पौधों की देखभाल पर भी जोर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षिका सीमा ढैला व संचालन नेहा चंदा ने किया। इस मौके पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं, शिक्षक रहे।

# वन कर्मियों ने अवैध खनन में लिप्त छह ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** तराई पश्चिमी वन प्रभाग के अंतर्गत वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध खनन में संलिप्त छह ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ लिया। यह कार्रवाई प्रभागीय वनाधिकारी प्रकाश आर्य के निर्देशन में की गई, जिसका नेतृत्व किरण शाह ने किया।

वन विभाग की टीम ने गुलजारपर क्षेत्र में अचानक छापेमारी की। टीम के पहुंचते ही खनन माफियाओं में भगदड़ मच गई। तत्परता दिखाते हुए वन कर्मियों ने पापड़ी के जंगल क्षेत्र से आरबीएम (रेत, बजरी, पत्थर) का अवैध खनन कर ले जा रही छह ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ लिया। सभी वाहनों को वन अभिरक्षा में लेकर पापड़ी चौकी परिसर में खड़ा किया गया है। इसके अलावा ज्वालावन क्षेत्र से सागौन की लकड़ी ले जा रही एक बाइक भी पकड़ी गई। साथ ही राजकीय वाहनों की रेकी कर रहे दो संदिग्ध फील्डरों की मोटरसाइकिलों को भी जब्त किया गया।


पकड़ी गई ट्रालियों के साथ वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

# अभिजीत को जेईई मेन्स में मिले 98.34 फीसदी अंक

संवाददाता, चोरगलिया

**अमृत विचार:** रैखाल खत्ता, चोरगलिया निवासी अभिजीत सिंह फर्त्याल ने जेईई मेन्स परीक्षा में 98.34 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। उन्होंने यह उपलब्धि ऑनलाइन पढ़ाई के माध्यम से प्राप्त की।

अभिजीत, मोहन सिंह फर्त्याल के पुत्र हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा जीडीजेएम स्कूल, चोरगलिया से हुई। कक्षा 6 में उनका चयन नवोदय विद्यालय, कोटाबाग के लिए हुआ।

इंटरमीडिएट में भी उन्होंने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया था। अभिजीत की इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता, विद्यालय की संचालिका ममता जांगी और क्षेत्रवासियों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी है।


अभिजीत सिंह फर्त्याल।

### लेंसकार्ट के खिलाफ जांच की मांग उठाई

**नैनीताल:** भाजपा नैनीताल मंडल के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की के नेतृत्व में कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत को लेंसकार्ट कंपनी के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित है।

कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि कंपनी के शोरूम्स में कथित धार्मिक भेदभाव की शिकायतें सामने आई हैं, जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि यदि अनियमितता या धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसी गतिविधि पाई जाती है तो सख्त कार्रवाई की जाए। इस दौरान कई भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वन कर्मियों ने छात्रों को वनाग्नि की रोकथाम के तौर-तरीके बताए

संवाददाता, धानाचूली

**अमृत विचार:** नैनीताल वन प्रभाग की उत्तरी गौला रेंज के अंतर्गत मौना स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में वन विभाग ने वनाग्नि को लेकर जागरूकता गोष्ठी आयोजित की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया।

वन क्षेत्राधिकारी विजय चन्द्र भट्ट ने वनाग्नि के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इससे पर्यावरण, जल स्रोत और वन्य जीवों को नुकसान होता है। उन्होंने छात्रों से आग रोकने में सहयोग की अपील की। छात्रों ने वनाग्निकाल में सहयोग करने और लोगों को जागरूक करने की शपथ ली। प्रधानाचार्य विजय कुमार ने वन विभाग का आभार जताया। कार्यक्रम के बाद मोरपत्यूड़ी बीट में फायर ड्रिल आयोजित कर आग से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया।


जंगलों की आग बुझाने का प्रदर्शन करते वन कर्मी। ● अमृत विचार

### जि-जुत्सु में कालाढूंगी के रुद्राक्ष ने जीता गोल्ड

**कालाढूंगी :** नगर के वार्ड नंबर-2 निवासी रुद्राक्ष नेगी ने जि-जुत्सु में गोल्ड मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 20 से 25 अप्रैल तक भोपाल (मध्य प्रदेश) में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी जि-जुत्सु चैंपियनशिप में कुमाऊं विश्वविद्यालय की ओर से खेलते हुए उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। मुख्य कोच विनय जोशी ने बताया कि 69 किलोग्राम वर्ग में रुद्राक्ष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रुद्राक्ष एमबीपीजी कॉलेज, हल्द्वानी के छात्र हैं और पिछले तीन वर्षों से नियमित अभ्यास कर रहे हैं। उन्हें तमाम लोगों ने बधाई दी है।


रुद्राक्ष नेगी।


कोटद्वार रोड पर आबादी के पास खतरा बने पेड़। ● अमृत विचार

### आबादी के पास खतरा बने पेड़ों की कटाई-लॉपिंग शुरू

**रामनगर :** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के बिजरानी रेंज अंतर्गत कोटद्वार रोड क्षेत्र में आबादी के लिए खतरा बने झुके पेड़ों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। ये पेड़ जंगल की ओर से झुककर रिहायशी इलाके की तरफ आ गए थे, जिससे आंधी-तूफान के दौरान हादसे की आशंका बनी रहती थी। पार्क प्रशासन ने ऐसे पेड़ों को चिन्हित कर उनकी कटाई और लॉपिंग का कार्य शुरू किया है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने इस पहल का स्वागत किया है। भाजपा के पूर्व नगराध्यक्ष मदन जोशी ने बताया कि उन्होंने पहले ही इन पेड़ों को हटाने की मांग की थी। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला के निर्देश पर चल रही इस कार्रवाई से क्षेत्रवासियों को राहत मिली है।

## सिटी ब्रीफ

### छात्रों को दिए तकनीकी स्किल बढ़ाने के टिप्स

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज में कॅरियर काउंसलिंग सेल एंड डिजिटल ट्रेनिंग लैब की ओर से फ्यूचर टेक स्किल्स वर्कशॉप हुई। प्रथम सत्र में डाटा टू डिसीजन विषय पर विशेष व्याख्यान के दौरान डिजिटल ट्रेनिंग लैब, हल्द्वानी के विशेषज्ञ पहुप जैन ने इंटरनेट, साइबर सिक्योरिटी और हैकिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां शेयर कीं। साइबर खतरों के संभावित दुष्प्रभावों के बारे में बताया। प्रैक्टिकल सत्र में विद्यार्थियों को साइबर हमलों से बचाव के उपायों की व्यावहारिक जानकारी दी गई। दूसरे सत्र में कोड टू कॅरियर विषय पर डिजिटल ट्रेनिंग लैब, हल्द्वानी के संस्थापक गौरव पांडे ने जानकारी दी। आईटी क्षेत्र में उभरती कॅरियर संभावनाओं और जरूरी तकनीकी स्किल पर चर्चा की। इस दौरान डॉ. मुनेश पाठक, अभिषेक उपाध्याय, गौरव रावत, हिमांशु, डॉ. जीवन सिंह गढ़िया रहे।



ट्रंक सीवर प्रोजेक्ट के शुभारंभ पर मौजूद सांसद अजय भट्ट, मेयर गजराज बिष्ट व अन्य।

### सांसद व मेयर ने किया ट्रंक सीवर योजना का शुभारंभ

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मेयर गजराज बिष्ट और सांसद अजय भट्ट ने गुरुवार को नवाबी रोड में दुर्गा सिटी चौराहे से कालाढूंगी रोड तक प्रस्तावित ट्रंक सीवर योजना का भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। करीब 9 .5 करोड़ की प्रस्तावित लागत की इस योजना में वार्ड संख्या 7, 8, 9, 10 और 11 के आंशिक क्षेत्रों को शामिल किया गया है। प्रोजेक्ट के तहत लगभग 3 .09 किमी. लंबी ट्रंक सीवर लाइन का निर्माण, 2174 हाउस कनेक्शनों की शिफ्टिंग और सड़क पुनर्निर्माण किया जाएगा। योजना से करीब 2174 परिवारों की 22 हजार से अधिक की आबादी को लाभ मिलेगा। प्रोजेक्ट पूरा होने पर लंबे समय से बनी सीवर लाइन के ओवरफ्लो और चोक होने की समस्या का स्थायी समाधान होगा। सीवेज मैनेजमेंट बेहतर होने से पर्यावरण संरक्षण मजबूत होने के साथ ही जल जनित बीमारियों पर नियंत्रण हो सकेगा। इस मौके पर पेयजल निगम के ईई अशोक कुमार कटारिया, एई यतेंद्र लशपाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, राज्य मंत्री दिनेश आर्य सहित पार्षद मौजूद रहे।

### रामड़ी जसुवा समेत कई ट्यूबवेल काफी समय से नहीं हो सके हैं ठीक, लोग पानी के टेंकर खरीदने को विवश

# नलकूप खराब होने से शहर में गहराया पेयजल संकट

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। पिछले 20 दिनों से अधिक समय से कई नलकूप खराब पड़े होने से लोगों को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी में स्थिति और गंभीर हो गई है, जिससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

कठघरिया के रामड़ी क्षेत्र में दो नलकूप लंबे समय से खराब हैं। साथ ही भगवानपुर तल्ला, ईसाईनगर व गौलापार के देवला तल्ला क्षेत्र में भी नलकूप बंद पड़े हैं, जिससे कई मोहल्लों में जलापूर्ति पूरी तरह प्रभावित हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पानी की आपूर्ति बाधित होने के कारण उन्हें दूर-दराज से पानी लाने या निजी टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है, जिससे अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी बढ़ गया है। सुबह-शाम पानी की तलाश में लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों ने विभागीय अधिकारियों से जल्द से जल्द खराब नलकूपों की मरम्मत कर जलापूर्ति बहाल करने की मांग की है। वहीं, विभाग की ओर से स्थिति सुधारने के प्रयासों की बात कही जा रही है, लेकिन अभी तक स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। वहीं जल निगम के कनिष्ठ अभियंता फरहान अंसारी का कहना है कि नलकूप को ठीक करने की प्रकिया चल रही हैं, जल्द ही नलकूप से नियमित पानी की आपूर्ति शुरू की जाएगी।



कठघरिया के रामड़ी जसुवा में खराब पड़ा ट्यबवेल। ● अमृत विचार

### बिजली कटौती से परेशानी, आज भी रहेगी जारी

**हल्द्वानी :** ऊर्जा निगम ग्रामीण खंड की ओर से जारी रोस्टर के अनुसार गुरुवार को 33/11 केवी फूलचौड़ बिजलीघर से जुड़े संगम बिहार क्षेत्र के फीडर में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। करीब 5 घंटे चली इस बिजली कटौती के कारण क्षेत्रवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ऊर्जा निगम के ग्रामीण खंड के अधिशासी अभियंता एसके गुप्ता ने बताया कि उपभोक्ताओं को प्रस्तावित कटौती की पूर्व सूचना दे दी गई थी। उन्होंने बताया कि यह बिजली कटौती निर्माणाधीन आईटीआई डहरिया लाइन, नए बिजलीघर के कार्य व कठघरिया-चौफुला सड़क पर नहर कवरिंग के दौरान बिजली लाइनों के आसपास पेड़ों की छंटाई के कारण की जा रही है। ऊर्जा निगम की ओर से निर्धारित रोस्टर के अनुसार आज 33/11 केवी कमलुवागांजा बिजलीघर से जुड़े कुसुमखेड़ा फीडर क्षेत्र में भी बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। लगातार हो रही बिजली कटौती से उपभोक्ताओं गर्मी में परेशानी का सामना कर पड़ रहा है।

# स्कूलों को बंद होने से बचाने के लिए जनगणना ड्यूटी में किया संशोधन

### जनगणना ड्यूटी में गड़बड़ियों के चलते दिनभर चली मशक्कत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जनगणना कार्य में शिक्षकों की बड़ी संख्या में ड्यूटी लगाए जाने से शहर के स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित होने का खतरा मंडरा रहा है। खासकर एकल प्राध्यापक वाले स्कूलों और उन स्कूलों में, जहां सभी शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी गई है। इस कारण शहर के 28 स्कूलों पर ताला लटकने की आशंका जताई जा रही है। ड्यूटी निर्धारण में गड़बड़ियों के चलते गुरुवार को शिक्षा विभाग, नगर निगम और ब्लॉक स्तर के अधिकारी दिनभर सूची में संशोधन करने में जुटे रहे।

देर शाम तक जनगणना ड्यूटी में बदलाव की प्रक्रिया जारी रही, ताकि स्कूलों का संचालन प्रभावित न हो। इधर, नगर निगम कार्यालय में बड़ी संख्या में महिला शिक्षक अपनी ड्यूटी हटवाने या दूसरी जगह ट्रांसफर कराने के लिए आवेदन पत्र जमा करती नजर आईं। खंड शिक्षा अधिकारी तारा सिंह ने बताया कि ड्यूटियों में लगातार संशोधन किया जा रहा है और किसी भी स्कूल में शिक्षण कार्य प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। जिन शासकीय और अशासकीय स्कूलों से पहले ड्यूटी नहीं लगाई गई थी, वहां से ड्यूटी लगाई जा रही है। साथ ही मेडिकल कारणों या अन्य अति आवश्यक परिस्थितियों वाले शिक्षकों को रिजर्व श्रेणी में रखा जा रहा।




जनगणना का एआई फोटो। ● अमृत विचार

### नए वार्डों में ड्यूटी नहीं करना चाहते शिक्षक

**हल्द्वानी :** शहर में अधिकांश शिक्षक नए वार्डों में ड्यूटी नहीं करना चाहते हैं। जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक है। जबकि बनभूलपुरा, इंद्रानगर आदि क्षेत्रों में भी महिला शिक्षक ड्यूटी करने से बचना चाहती हैं। ड्यूटी संशोधन के लिए अधिकांश आवेदन इन क्षेत्रों से ही आए हैं। इन क्षेत्रों में अन्य स्कूलों से शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जा रही है।

### कई निजी स्कूलों ने नहीं दिया शिक्षा विभाग के नोटिस का जवाब

**हल्द्वानी :** महंगी फीस, निजी प्रकाशकों की ऊंची कीमत वाली किताबें और स्कूल यूनिफॉर्म को लेकर निजी स्कूलों की मनमानी पर शिक्षा विभाग ने 8 अप्रैल को 46 स्कूलों को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए थे। हालांकि करीब दो सप्ताह बीत जाने के बावजूद भी कई स्कूलों ने जवाब देना जरूरी नहीं समझा है। शिक्षा विभाग के अनुसार कुछ स्कूलों ने नोटिस का जवाब सौंप दिया है, जिनकी रिपोर्ट तैयार कर खंड शिक्षाधिकारी की ओर से उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। अब इन स्कूलों के खिलाफ आगे की कार्रवाई पर निर्णय लिया जाएगा। वहीं, जिन स्कूलों ने अब तक कोई जवाब नहीं दिया है, उन्हें विभाग की ओर से दोबारा नोटिस भेजे जा रहे हैं। इधर, 16 अप्रैल को एसडीएम की ओर से किए गए निरीक्षण के बाद जांच के आधार पर हल्द्वानी सहित लालकुआं, भीमताल और रामनगर के कई स्कूलों को भी नोटिस जारी किए गए थे। लेकिन इन स्कूलों की ओर से भी अब तक कोई कोई जवाब नहीं दिया गया है। इस बीच नए शैक्षणिक सत्र में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने बच्चों का एडमिशन करा दिया है और फीस भी जमा कर दी है। इसके साथ ही महंगी किताबों और यूनिफॉर्म का अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी झेलना पड़ रहा है। स्कूलों की ओर से एडमिशन के बाद अभिभावकों को कॉपी-किताबों और स्टेशनरी की लंबी सूची थमाई जा रही है।

## नियमितीकरण को गरजे निगम कर्मी

**हल्द्वानी :** राज्य निगम कर्मचारी अधिकारी महासंघ ने मांगों की अनदेखी व नियमितीकरण जैसे संवेदनशील मुद्दों पर सरकार लचर रवैये पर आर-पार का ऐलान कर दिया है।

गुरुवार को रोडवेज बस अड्डे पर महासंघ के बैनर तले कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ आक्रोश जताया। प्रदेश महासचिव श्याम सिंह नेगी ने कहा कि कर्मचारियों ने कई बार शासन का दरवाजा खटखटाया और 10 सूत्रीय मांग पत्र के माध्यम से अपनी समस्याएं रखीं लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। उन्होंने कहा कि जब सरकार कर्मचारियों की मांगों को अनसुना करती है, आंदोलन उनकी मजबूरी बन जाती है। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश पंत ने चेतावनी दी कि कर्मचारियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा और सरकार को उनकी समस्याओं पर ध्यान देने के लिए बाध्य किया जाएगा। उन्होंने नियमितीकरण को कर्मचारियों का हक बताया। यहां रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष बलदेव प्रसाद, शंकर सिंह, जगदीश कांडपाल, उमेश जोशी, मनोज मनराल, आनंद जोशी, जगमोहन, कौशल जोशी, मनोज जोशी, केदार जोशी आदि रहे।

# पेयजल समस्या का शीघ्र करें निराकरण: विधायक



ऊंचापुल स्थित आवास पर बैठक करते विधायक बंशीधर भगत व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा विधायक बंशीधर भगत ने गुरुवार को ऊंचापुल स्थित आवास पर जल संस्थान एवं जल निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय समस्याएं उठाईं।

बैठक में जनप्रतिनिधियों ने पेयजल आपूर्ति में अनियमितता और पाइप लाइनों में लीकेज की समस्या उठाईं। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी के दौर में लोगों को पेयजल के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

इस पर विधायक भगत ने कहा कि गर्मी के मौसम में पानी की समस्या समाधान को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।। संबंअधित अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों की शिकायतों का समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान पीपल पोखरा, हरिपुर जमन सिंह और पनियाली के ग्राम प्रधानों ने नलकूप एवं ओवरहेड टैंक निर्माण की मांग उठाई। विधायक ने संबंधित विभागों को प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने के निर्देश दिए। इस दौरान जल संस्थान ईई रवि शंकर लोशाली, एई हरीश पंत व एलएम पांडे, जेई पंकज उपाध्याय, जल निगम ईई मुनीश कुमार, जेई विपुल चौधरी, एई संजय कुमार व अनिल कुमार, संदीप सनवाल, ग्राम प्रधान कपिल देवका, दिनेश जोशी, गीता, हरेंद्र सिंह, मनीष चंद, ऋतु जोशी, जसवंत सिंह, मनीष सिंह, नरेश बजवाल, कमल दुर्गापाल, विनोद सिंह आदि रहे।

## मैदान पर लौटे प्रशिक्षक खिलाड़ियों में उत्साह

**हल्द्वानीः** खेल विभाग में पिछले पांच महीनों से वेतन न मिलने के कारण खिलाड़ियों की तैयारियों पर ब्रेक लगा दिया था। 35 से अधिक प्रशिक्षकों के विरोध के चलते करीब 25 दिनों तक प्रशिक्षण ठप रहा, जिससे सैकड़ों खिलाड़ियों का अभ्यास प्रभावित रहा और वे प्रतियोगिताओं की तैयारी को लेकर चिंतित नजर आए।

जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत के आश्वासन के बाद प्रशिक्षकों ने फिर से मैदान संभाल लिया है। बुधवार को हल्द्वानी स्टेडियम और गौलापार अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में प्रशिक्षक खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देते दिखाई दिए, जिससे खेल गतिविधियों में फिर से रौनक लौट आई। प्रशिक्षण बंद होने से खिलाड़ी लगातार परेशान थे और खेल कार्यालय के चक्कर लगा रहे थे। कई खिलाड़ियों ने बताया कि अभ्यास के अभाव में उनकी फिटनेस और प्रदर्शन प्रभावित हो रहा था। अब प्रशिक्षकों की वापसी से उन्हें नियमित अभ्यास का मौका मिल रहा है, जिससे उनकी तैयारियों को नई गति मिलेगी। जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने कहा कि विभाग खिलाड़ियों के हितों को सर्वोपरि रखता है और वेतन संबंधी समस्या के समाधान के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

# मंत्री कैड़ा ने विपक्षी दलों को कोसा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने संसद के विशेष सत्र में नारी वंदन विधेयक को समर्थन नहीं देने विपक्ष कांग्रेस, सपा, तृणमूल कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि मीडिया की सुर्खियों में बने रहने के लिए ये दल जनहित के विधेयकों को विरोध करते हैं।

कैबिनेट मंत्री कैड़ा ने गुरुवार को रामपुर रोड स्थित एक होटल में हुई प्रेस वार्ता में कहा कि भाजपा ने मातृशक्ति को सशक्त बनाने के लिए सदैव काम किया है। महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए नारी वंदन विधेयक को लाया गया था लेकिन कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों ने इसका विरोध किया। जो उनकी महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीती 16-17 अप्रैल को विशेष सत्र आहूत कर आधी आबादी को उनका हक दिलाने के लिए नारी वंदन विधेयक पेश किया था जिसे समर्थन नहीं मिला है। विपक्ष कांग्रेस सदैव से महिला विरोधी रही है। वर्ष 1996 में जब पहली बार ऐसा विधेयक आया था, तब भी कांग्रेस ने समर्थन नहीं दिया। फिर 1998-2003 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी सरकार में छह बार विधेयक आया लेकिन कांग्रेस ने समर्थन नहीं दिया। 2004-13 तक कांग्रेस की केंद्र में सरकार रही तब संप्रंग अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी ने इस बिल को लेकर पत्र तो लिखे लेकिन कानून बनाने के लिए काम नहीं किया। इस तरह कांग्रेस ने आधी आबादी के साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने महिला हित में काम किया है, भविष्य में किया जाएगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, नितिन राणा, विजय लक्ष्मी चौहान, कल्पना वोरा, भूमिका गोयल आदि रहीं।



पत्रकार वार्त करते कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा, साथ में अन्य भाजपा नेता।

# दांत टूटे, आंख फूटी पर दर्ज नहीं किया मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सड़क हादसे ने एक युवक की लगभग पूरी जिंदगी बर्बाद कर दी। तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर बाइक सवार इस युवक के दांत टूट गए, आंख फूट गई और प्राइवेट पार्ट में गंभीर चोट आ गई। पीड़ित युवक पिछले पांच माह से पुलिस के चक्कर काट रहा था, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। अब कोर्ट के आदेश पर इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

उडुवा हैड़ाखान निवासी मनोज चंद्र पुत्र चनीराम ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को दिए प्रार्थना पत्र में लिखा, वह पेशे से किसान है और बीते वर्ष 29 नवंबर की रात रिश्तेदारी में विवाह समारोह में शामिल होने के बाद अपने दोस्त नकुल चन्द्र पुत्र दीपक चन्द्र निवासी धारी नैनीताल के साथ बाइक से काठगोदाम से हल्द्वानी की तरफ आ रहे थे। मैक्स मॉल के पास एक कार ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे के बाद चालक कार समेत फरार हो गया। हादसे में मनोज के ऊपर के तीन दांत टूट गए, आंख फूट गई और प्राइवेट पार्ट में गंभीर चोट आई।

पुलिस से शिकायत पर कार चालक नवाबी रोड त्रिपुरेश्वरी मंदिर निवासी उमंग शर्मा पुत्र मुरारीलाल शर्मा ने उपचार का भरोसा दिया, लेकिन बाद में मुकर गया। पीड़ित ने हल्द्वानी कोतवाली पुलिस से लेकर एसएसपी तक शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# 33 छात्र जेईई एडवांस के लिए पात्र

- उत्तराखंड से उभरती प्रतिभाओं के लिए अवसर और उपलब्धि का सशक्त केन्द्र बना गेल उत्कर्ष हल्द्वानी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** गेल उत्कर्ष हल्द्वानी उत्तराखंड से आने वाले मेधावी छात्रों के लिए आशा और अवसर का प्रतीक बन चुका है। गेल (इंडिया) लिमिटेड की सीएसआर पहल के अंतर्गत संचालित केंद्र से 45 में से 33 छात्रों ने जेईई मेन्स 2026 सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। यह उपलब्धि 73.3 प्रतिशत सफलता दर को दर्शाती है। अब ये छात्र जेईई एडवांस की दिशा में अग्रसर हैं।

उल्लेखनीय है कि 12 छात्रों ने 95 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए, जो केंद्र में दी जा रही शिक्षा और प्रभावी मार्गदर्शन को दर्शाता है। वर्ष 2021 में शुरू हुआ हल्द्वानी केंद्र लड़के और लड़कियों दोनों को 11 महीने की निःशुल्क आवासीय कोचिंग देता है। इस पहल की शुरुआत 2009 में कानपुर से हुई थी और बाद में वाराणसी (2021) तक इसका विस्तार किया गया, जहां बालिकाओं को जेईई और नीट की तैयारी कराई जाती है।

अब तक गेल उत्कर्ष हल्द्वानी से 317 छात्र लाभान्वित हुए हैं, जिनमें से 27 का चयन आईआईटी, 59 का एनआईटी और 180 का सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में हुआ है। यह केंद्र केवल शैक्षणिक तैयारी तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों में आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी विकसित करता है।



गेल उत्कर्ष हल्द्वानी केंद्र में जेईई मेन्स 2026 में सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं।

**प्रशिक्षण** | प्रशिक्षण शिविरमें अनुभवी कोच पूनम सिरौला के नेतृत्व में खिलाड़ी कर रहे हैं कड़ा अभ्यास

# स्विमिंग खिलाड़ी 39वें राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने को तैयार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** 39वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों को लेकर गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के स्विमिंग पूल में रोजाना 20 से अधिक उभरते तैराक ट्रेनिंग कर रहे हैं, जिनका लक्ष्य इस बार राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन करना है।

इस प्रशिक्षण शिविर का नेतृत्व अनुभवी कोच पूनम सिरौला कर रही हैं, जिन्हें स्विमिंग के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट कोचिंग और अनुशासन के लिए जाना जाता है। उनके मार्गदर्शन में खिलाड़ी न केवल तकनीकी रूप से मजबूत हो रहे हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी प्रतियोगिता के लिए तैयार किए जा रहे हैं। पूनम सिरौला हर खिलाड़ी की क्षमता को समझते हुए व्यक्तिगत तौर पर उन्हें प्रशिक्षित करती हैं, जिससे उनकी कमजोरियों को दूर कर प्रदर्शन को बेहतर बनाया जा सके। सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी इंतजाम किए गए हैं। स्विमिंग पूल में चार से अधिक लाइफगार्ड तैनात हैं, जो हर समय खिलाड़ियों की सुरक्षा पर नजर बनाए रखते हैं। इससे खिलाड़ियों को सुरक्षित माहौल में अभ्यास करने का मौका मिल रहा है। कोच पूनम सिरौला का कहना है, हमारी कोशिश है कि खिलाड़ी शारीरिक रूप से ही नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनें। सभी खिलाड़ी पूरी लगन और अनुशासन के साथ तैयारी कर रहे हैं। हमें पूरा विश्वास है कि इस बार 39वें राष्ट्रीय खेलों में हमारे तैराक बेहतरीन प्रदर्शन कर पदक जीतेंगे।।



अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार में स्विमिंग का प्रशिक्षण लेते खिलाड़ी।

### खिलाड़ियों को दी जा रही बेहतरीन सुविधाएं

**हल्द्वानी :** जिला क्रीड़ाधिकारी निर्मला पंत ने बताती हैं कि गौलापार अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खिलाड़ियों को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। हमारे तैराक पूरी मेहनत और समर्पण के साथ अभ्यास कर रहे हैं। कोचिंग स्टाफ भी लगातार उनकी तकनीक और फिटनेस पर काम कर रहा है। हमें उम्मीद है कि 39वें राष्ट्रीय खेलों में हमारे खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। खिलाड़ियों में भी उत्साह साफ देखा जा सकता है और वे अपने लक्ष्य को लेकर पूरी तरह केंद्रित हैं। अब सभी की निगाहें 39वें राष्ट्रीय खेलों पर टिकी हैं, जहां गौलापार के ये तैराक अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर सफलता का परचम लहराने को तैयार हैं। खिलाड़ी अपने लक्ष्य को लेकर पूरी तरह केंद्रित हैं और देशभर के बेहतरीन तैराकों से मुकाबले के लिए तैयार हैं।

# पृथ्वी दिवस पर लिया पौधरोपण का संकल्प



पृथ्वी दिवस पर पौधरोपण का संकल्प लेते आश्रय सेवा समिति के सदस्य व अन्य।

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर आश्रय सेवा समिति की ओर से पर्यावरण संरक्षण और विश्व शांति को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पर्यावरण प्रेमी मदन सिंह बिष्ट ने वृक्षारोपण के महत्व के बारे में लोगों को जानकारी दी।

कार्यक्रम में समिति सदस्यों और उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे अपने प्रत्येक जन्मदिन पर कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाएंगे और उसकी देखभाल करेंगे। समिति ने लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की अपील की।

## अंडर-19 जिला क्रिकेट लीग का आगाज आज

**हल्द्वानीः** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित अंडर-19 जिला क्रिकेट लीग का आज से शुरू होने जा रही है। यह प्रतियोगिता क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित की जा रही है।

जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै ने जानकारी देते हुए बताया कि इस लीग में जिले की कुल 9 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता को दो अलग-अलग मैदानों जीएनजी क्रिकेट एरिना, हल्द्वानी और एमएस मैदान, गौलापार में आयोजित किया जाएगा। टीमों को दो ग्रुपों में विभाजित किया गया है, जिससे मुकाबले और भी रोमांचक होने की उम्मीद है। लीग का उद्घाटन मैच शुक्रवार सुबह 8 बजे जीएनजी क्रिकेट एरिना, हल्द्वानी में खेला जाएगा।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल के बयान से बंगाली समाज में आक्रोश

## ट्रांजिट कैंप में फूंका कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पुतला, बोले-बंगाली समाज से मांगें माफी

- समाज को घुसपैठिया बताने पर जताई नाराजगी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सोशल मीडिया में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के वायरल बयान के बाद बंगाली समाज में आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी क्रम में बंगाली समाज के लोगों ने ट्रांजिट कैंप में प्रदर्शन कर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पुतला फूंका। इस दौरान आक्रोशित बंगाली समाज के लोगों ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से माफी मांगने की मांग उठाई।


ट्रांजिट कैंप में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पुतला फूंकते बंगाली समाज के लोग। ● अमृत विचार

गुरुवार को बंगाली महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार शाह के नेतृत्व में बंगाली समाज के लोग ट्रांजिट कैंप क्षेत्र के गोलमड़ाईया वार्ड 3 में एकत्रित हुए। इस दौरान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शाह ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल के वॉइस ऑफ उत्तराखंड कांग्रेस पेज में जिस प्रकार बंगाली समाज को घुसपैठिया और डेमोग्राफिक चेंज करने वाला बताया यह शर्मनाक और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि जब तक इस शर्मनाक कृत्य पर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष माफी नहीं मांगेंगे वे शांत होने वाले नहीं है। उन्होंने कहा कि उनका वह पेज आज भी संचालित हो रहा है। लगातार उनके समर्थन में पोस्ट कर रहा है। इससे प्रतीत होता है कि वह पेज गणेश गोदियाल के निर्देशन में संचालित है। जबकि कांग्रेस पार्टी के स्थानीय लोग जनता को भ्रमित करने का कार्य कर रहे हैं। बंगाली समाज इस घटना के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की निंदा करता है और माफी की मांग करता है।

इस अवसर पर अमलेंद्र ढाली, शंकर विश्वास, विशाल शील, अपूर्व विश्वास, विजय डे, सुदीप डे, महेश राय, अनिल अधिकारी, संजय साना, जयप्रकाश ढाली, सपन साह, शंभू चक्रवर्ती, बर्मन, विजय विश्वास, तरुण मंडल, समीर सेन, मुकुल चक्रवर्ती, सुशांत मंडल, राकेश बाला समेत कई लोग मौजूद रहे।

## युवा दृष्टि मंच में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**खटीमा:** अखण्ड भारतीय संस्था की 16वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में युवा दृष्टि मंच में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य तथा नगर पालिका परिषद खटीमा के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी समेत समाज के अन्य लोग रहे। कार्यक्रम में पांच सौ से अधिक युवा, छात्र-छात्राएं एवं समाज के लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने देश, समाज एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में उपस्थित कवियों एवं बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कविताएं और गीत प्रस्तुत किए। अंत में उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले बच्चों को संस्था की ओर से प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता ने कहा कि देश, समाज और राष्ट्रहित में अधिक से अधिक युवाओं को ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिए। संस्था के सचिव मनोज कुमार प्रजापति, काजल वर्मा, अरविंद शर्मा, प्रमोद वर्मा, अमन, निहाल, राज, सुमित यादव, रंदीप पोखरिया, राम रतन यादव, महेंद्र प्रताप पांडेय आदि मौजूद रहे।

## विधायक ने सीसी मार्ग जनता को किया समर्पित


रेशमबाड़ी में सीसी सड़क और सौंदर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण करते विधायक अरोरा।

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** विधायक शिव अरोरा ने वार्ड 12 दूधिया नगर रेशमबाड़ी में 30 लाख से अधिक धनराशि से सीसी सड़क और सौंदर्यीकरण कार्यों लोकार्पण किया। कर और अन्य विकास कार्यों को जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि वार्ड 12 की तर्ज पर सभी क्षेत्रों में इसी प्रकार अनेकों विकास कार्य किए गए हैं। आने वाले समय में भी शेष बचे विकास कार्यों को जल्द पूरा कराया जाएगा।

गुरुवार को लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि उनके कार्यकाल में कोई भी क्षेत्र विकास कार्य से अछूता नहीं रहा। उन्हें समग्र रुद्रपुर क्षेत्र के विकास कार्यों को अपनी प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ने का कार्य किया। जिसमें वार्ड 12 दूधिया नगर रेशम बाड़ी में उनके द्वारा विभिन्न सड़कों के निर्माण व सौंदर्यीकरण कार्य कराए गए। इसके अलावा अन्य वार्डों में विकास कार्य कराए। इस अवसर पर वार्ड 12 पार्षद महेंद्री शर्मा, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष एसपी यादव, राधे श्रीवास्तव, छोटेलाल शर्मा, सुरेश शर्मा, सुशीला गंगवार, रविंद्र शर्मा, रवि कटारिया, महेश गंगवार, कृष्ण शर्मा, जसवंत गंगवार, सुभाष यादव, सुनील यादव, मयंक कक्कड़, मोहित चड्डा, जरनेल सिंह, जोगा सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## चेक बाउंस प्रकरण में दोषी को छह माह का कारावास

**रुद्रपुर:** चेक बाउंस प्रकरण की सुनवाई करते हुए प्रथम अपर सिविल जज ने दोषी को छह माह का कारावास और 5.60 लाख रुपये का अर्थदंड देने की सजा सुनाई। बताते चलें कि रुद्रपुर के रहने वाले किसान जगमोहन सिंह ने वर्ष 2021 में दो याचिका दायर की थी। बताया था कि अक्टूबर 2020 में अपनी फसल करीब 4.07 लाख रुपये में आदर्श कॉलोनी गुलडिया भंडारा अमरिया पीलीभीत के रहने वाले अमित गुप्ता को बेची थी। आरोपी ने आश्वासन दिया था कि एक सप्ताह के अंदर भुगतान कर देगा। दबाव बनाने पर आरोपी ने 2.07 लाख के चेक दिए थे। जो कि खाते में लगाते ही बाउंस हो गए। तगादा करने पर कोई जवाब नहीं दिया और नोटिस को भी नजरअंदाज कर दिया। मामले की सुनवाई प्रथम अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन हेमंत सिंह की अदालत में हुई। जहां साक्ष्यों व गवाहों के अवलोकन के बाद अदालत ने दोषी अमित कुमार छह माह का साधारण कारावास और 5.60 लाख रुपये का जुर्माना देने का आदेश दिया।

# नवाचारों से रोगों का निदान हुआ आसान

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद, पंतनगर में विश्व लेबोरेटरी दिवस के अवसर पर एक दिवसीय हेंड्स-ऑन ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परिषद के निदेशक डॉ. संजय कुमार, डॉ. कंचन कार्की, डॉ. मणिंद्र मोहन तथा डॉ. सुमित पुरोहित ने संयुक्त रूप से किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में एमआईईटी हल्द्वानी, बोकारो स्टील सिटी कॉलेज, बोकारो (झारखंड) के स्नातक स्तर के छात्र-छात्राओं सहित परिषद के शोधार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. संजय कुमार ने कहा कि आधुनिक जांच एवं उपकरणों की मदद से बीमारियों का सटीक निदान संभव हो पाया है। उन्होंने प्रतिभागियों को जैव प्रौद्योगिकी में उद्यमिता विकास, स्टार्टअप, स्वरोजगार तथा नवीन नवाचारों के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि नवीन तकनीकें शोध एवं परीक्षण की सटीकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वैज्ञानिक डॉ. कंचन कार्की ने आण्विक जीवविज्ञान की विस्तृत जानकारी हेंड्स-ऑन ट्रेनिंग के माध्यम से दी। उन्होंने एलिसा एवं पीसीआर जैसी उन्नत तकनीकों के जरिए वैज्ञानिक नवाचारों को प्रोत्साहित करने पर विशेष बल दिया। डॉ. मणिंद्र मोहन एवं डॉ. सुमित पुरोहित ने प्रतिभागियों को निरंतर सीखने, तकनीकी ज्ञान को व्यवहार में लागू करने तथा नवाचार आधारित सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. मणिंद्र मोहन ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा संचालन भी किया। आरजू हसन, अनुराग वर्मा, धीरज तिवारी, सौरभ पांडा, बबीता, अमन प्रताप, शैलजा आर्या, ललित मिश्रा रहे।


प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों के साथ निदेशक डॉ . संजय कुमार।

## वाटर कूलर की मरम्मत का काम हुआ शुरू

**खटीमा:** नगर पालिका परिषद ने नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों और मुख्य चौराहों पर लगे वाटर कूलरों की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से नगर के कई वाटर कूलर तकनीकी खराबी या देखरेख के अभाव में बंद पड़े थे। तापमान में लगातार वृद्धि को देखते हुए पालिकाध्यक्ष रमेश चंद जोशी ने कूलरों को शीघ्र चालू करने के निर्देश दिए और स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण भी किया। उन्होंने बताया कि बस स्टेशन, तहसील परिसर, मुख्य बाजार तथा रेलवे स्टेशन जैसे व्यस्त स्थानों पर लगे वाटर कूलरों को प्राथमिकता के आधार पर ठीक कराया जा रहा है। सभासद आशीष श्रीवास्तव, प्रदीप ठाकुर, अर्पित कलोनी, शुभम, सुरेंद्र मौर्य रहे।

# स्मार्ट मीटर पर पार्षद व अधिकारियों में नोकझोंक

- भूतबंगला में स्मार्ट मीटर लगाने का हुआ विरोध
- पार्षद बोले-बगैर सूचना के लगाए जा रहे हैं मीटर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** भूतबंगला वार्ड में जब यूपीसीएल की टीम के साथ स्मार्ट मीटर लगाने पहुंचे कर्मियों को स्थानीय लोगों ने देखा तो वे भड़क गए। इस दौरान पार्षद के साथ क्षेत्र के लोगों ने टीम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बवाल शुरू कर दिया। तीखी नोकझोंक के बाद टीम को वापस लौटना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार दोपहर यूपीसीएल की विजिलेंस टीम और स्मार्ट मीटर लगाने वाली टीम भूतबंगला वार्ड में पहुंची। टीम ने विद्युत चोरी रोकथाम अभियान के तहत चेकिंग शुरू की। जब स्थानीय लोगों ने देखा कि पुराने मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, तो लोगों का आक्रोश बढ़ गया। इसकी सूचना मिलते ही पार्षद परवेज कुरैशी भी समर्थकों के साथ मौके पर पहुंच गए, जहां अधिकारियों और पार्षद के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। पार्षद का आरोप था कि यूपीसीएल की टीम सरकारी प्रक्रिया का पालन करने के बजाय दबाव बनाकर स्मार्ट मीटर लगाने का प्रयास कर रही है, जबकि वार्डवासियों को इसकी कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि पहले शिविर लगाकर जनता को स्मार्ट मीटर के लाभों की जानकारी दी जाए और विश्वास में लेकर ही यह अभियान चलाया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिना सहमति के स्मार्ट मीटर लगाने नहीं दिए जाएंगे। काफी देर तक चली जद्दोजहद के बाद टीम को वापस लौटना पड़ा। पार्षद ने कहा कि स्मार्ट मीटर का पुरजोर विरोध किया जाएगा।


विजिलेंस टीम के साथ नोकझोंक करते पार्षद। ● अमृत विचार

## जनगणना में लगे शिक्षकों को कार्यमुक्त करने की मांग

**सितारगंज** : उत्तराखण्ड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीईओ कार्यालय को ज्ञापन सौंपकर जनगणना में प्रगणक अथवा सुपरवाइजर के रूप में नियुक्त अध्यापकों को विद्यालयी कार्यों से कार्यमुक्त करने की मांग की है।गुरुवार को दिए गए मांगपत्र में कहा गया है कि 24 अप्रैल से 25 मई तक जनगणना ड्यूटी में लगे शिक्षकों को विद्यालयी कार्य से मुक्त किया जाए, ताकि जनगणना कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सके। ज्ञापन में यह भी कहा है कि मौखिक रूप से शिक्षकों को दोनों कार्य एक साथ करने के निर्देश दिए जा रहे हैं, जिससे वे असमंजस में हैं। ज्ञापन में कहा है कि यदि शिक्षकों को कार्यमुक्त नहीं किया गया तो जनगणना कार्य समयबद्ध रूप से पूरा न होने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी। अध्यक्ष दिनेश सिंह, अनुकूल मण्डल और करुणेश जोशी रहे।

# अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग का दिया व्यावहारिक प्रशिक्षण

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिला आपदा प्रबंधन सभागार कक्ष में सड़क सुरक्षा अभियान एवं अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्य अग्निशमन अधिकारी ईशान कटारिया और सहायक परिवहन अधिकारी नवीन सिंह ने परिवहन विभाग के चालकों एवं परिचालकों को अग्नि सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

गुरुवार को जागरूकता अभियान के दौरान मुख्य अग्निशमन अधिकारी एवं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन एवं प्रशासन) ने परिवहन विभाग के चालकों एवं परिचालकों को आग लगने की स्थिति में सतर्कता, त्वरित प्रतिक्रिया एवं प्रभावी बचाव उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही फायर स्टेशन रुद्रपुर की टीम ने प्रतिभागियों को प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। जिससे वे आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी ने जिला आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। साथ ही बताया कि कंट्रोल रूम सप्ताह में सातों दिन 24 संचालित रहता है। किसी भी आपदा की स्थिति में आमजन दूरभाष नंबर 05944-250250, 250500, 250719, टोल फ्री नंबर 1077 और मोबाइल नंबर 9412088410 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में आपदा से निपटने के लिए एनडीआरएफ की 15वीं बटालियन गदरपुर में और एसडीआरएफ की टीम रुद्रपुर में तैनात है।


परिवहन विभाग के कर्मियों को प्रशिक्षण देते अग्निशमन विभाग के अधिकारी।

## भाजपा पार्षद का हंगामा पुलिस ने की कार्रवाई

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक भाजपा पार्षद द्वारा पुलिस के साथ हंगामा करने का मामला सामने आया है। समझाने के बावजूद जब वह नहीं माना, तो पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार, ट्रांजिट कैंप पुलिस रोजमर्रा की तरह चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक युवक बुलेट बाइक पर आता दिखा, जो नशे की हालत में था। पुलिस ने उसे रोका तो उसकी पहचान वार्ड नंबर आठ के पार्षद शिव कुमार गंगवार के रूप में हुई। पुलिस को देखकर पार्षद ने सत्ता का रौब दिखाते हुए बहस शुरू कर दी। काफी समझाने के बावजूद वह नहीं माना, जिस पर पुलिस ने उसकी बुलेट बाइक को सीज कर दिया और उसे हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी मोहन चंद्र पांडेय ने बताया कि पार्षद नशे की हालत में था और पुलिस से अभद्रता कर रहा था। पुलिस ने वाहन सीज कर आवश्यक कार्रवाई की और बाद में हिदायत देकर छोड़ दिया।

# महापौर विकास ने किया सीसी रोड नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** महापौर विकास शर्मा ने वार्ड 25 के तहत फाजलपुर महरौला और प्रीत विहार स्थित पंचवटी कॉलोनी में लाखों रुपये की लागत बनने वाले सीसी रोड और नाली निर्माण के कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने महापौर का पुष्पमाला पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया।


निर्माण कार्यों का शिलान्यास करते महापौर शर्मा। ● अमृत विचार

गुरुवार को शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान महापौर ने कहा कि नगर का चहुंमुखी विकास केवल एक चुनावी वादा नहीं, बल्कि उनका मिशन है। प्रीत विहार और आसपास की कॉलोनियों में जलभराव, जर्जर सड़कों और प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत समस्याओं का स्थायी समाधान उनकी शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शहर के मुख्य मार्गों को जिस तरह सुदृढ़ किया गया है, उसी तर्ज पर अब आंतरिक गलियों और कॉलोनियों को भी मुख्यधारा के विकास से जोड़ा जा रहा है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को कड़े निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर और उच्च मानकों के अनुरूप पूर्ण होने चाहिए। ताकि जनता को इनका दीर्घकालिक लाभ मिल सके। इस अवसर पर पार्षद प्रियंका संतोष गुप्ता, संतोष गुप्ता, पार्षद पवन राणा, मनमोहन राय, चंद्रसेन चंदा, देवेंद्र रस्तोगी, त्रिलोचन सिंह, रनवीर सिंह चौहान, लालबचन गुप्ता, अखिलेश भटनागर, डीएन शर्मा, उपेंद्र गुप्ता, तिलक राज, प्रसाद लाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468

### सूचना

मेरा हाईस्कूल मुख्य / पूरक परीक्षा सन् 2022-2023 अनुक्रमांक 24108518 का अंक-पत्र व प्रमाण-पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। मैंने इसे किसी को दिया नहीं है और न ही कहीं जमा किया है। - **अनिकेत पुत्र श्री बृजेश, ग्राम सिसैया, तहसील खटीमा, जिला ऊधमसिंह नगर-262308**

### सूचना

सूचित किया जाता है मेरे लाइसेंस की अनुज्ञप्ति संख्या UK04 19990036799 में मेरा नाम MAHESH CH. JOSHI S/O HARI KRISHAN JOSHI गलत अंकित है। जबकि सही और वास्तविक नाम MAHESH CHANDRA S/O HARI KRISHAN JOSHI दर्ज किया जाये।

आंदोलन | बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम बनाने की मांग तेज-तीन दिवसीय आंदोलन का प्रचार अभियान जोर

# जन-जन की सरकार, कब आएगी बिंदुखत्ता के द्वार

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार:** बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम घोषित किए जाने की लंबे समय से उठ रही मांग अब एक बड़े जनआंदोलन का रूप लेने जा रही है। वन अधिकार संगठन एवं पूर्व सैनिक संगठन के संयुक्त तत्वावधान में प्रस्तावित तीन दिवसीय कार्यक्रम को लेकर पूरे क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

संगठन के पदाधिकारी घर-घर जाकर और जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील कर रहे हैं। इसी क्रम में बिंदुखत्ता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप बथयाल, लालकुआं नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र लौटनी, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल सहित कई जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर समर्थन जुटाया गया। आयोजकों के अनुसार, यह तीन दिवसीय कार्यक्रम 4 मई से 6 मई 2026 तक शहीद स्मारक, बिंदुखत्ता में आयोजित होगा। पहले दिन 4 मई को सुबह 8 बजे से क्रमिक अनशन शुरू किया जाएगा, जो 6 मई को विशाल जनसभा के साथ समाप्त होगा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन सुबह और शाम अलग-अलग सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिसमें सरकार एवं उसके प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम घोषित करने और वन अधिकार कानून 2006 जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर खुली चर्चा हो सके।


शांतिपुरी-513 बिंदुखत्ता में "जन-जन की सरकार" आंदोलन को तेज करने के लिए जनसंपर्क करते लोग। ● अमृत विचार

जनसंपर्क अभियान में उमेश चंद्र भट्ट, एडवोकेट बलवंत बिष्ट, भुवन शर्मा, बसंत पांडे, भूपेश जोशी, कुंवर सिंह पवार, अर्जुन नाथ गोस्वामी, कैप्टन इंद्र सिंह पनेरी (सेनि), कैप्टन प्रताप सिंह बिष्ट (सेनि), दीपक नेगी और रणजीत सिंह गाड़िया सहित कई कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। इस बीच पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल ने वीडियो संदेश जारी कर क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर अपनी आवाज को मजबूत करें, ताकि वर्षों से लंबित मांग को निर्णायक दिशा मिल सके।


खटीमा के जेके पब्लिक स्कूल में विश्व पुस्तक दिवस पर छात्र एवं प्रबंधन।

## जेके पब्लिक स्कूल में विश्व पुस्तक दिवस का आयोजन

**खटीमा** : जेके पब्लिक स्कूल सत्रहमील में गुरुवार को विश्व पुस्तक दिवस और पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में शिक्षाप्रद कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक अजय मौर्य और प्रधानाचार्य प्रकाश तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पुस्तकें हमारी सबसे अच्छी मित्र होती हैं और पृथ्वी हमारा एकमात्र घर है, जिसकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विजेता विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधक अजय मौर्य द्वारा सम्मानित किया गया। पृथ्वी दिवस के अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर पौधारोपण किया। विद्यार्थियों ने शपथ ली कि वे न केवल पौधे लगाएंगे, बल्कि उनकी देखभाल भी करेंगे। इस अवसर पर डायरेक्टर सुनीता मौर्य, कोऑर्डिनेटर प्रभा जोशी, हनीफ, सुमन, ज्योति आदि उपस्थित रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### दिनेशपुर मेन बाजार में 33 केवी केबल लाइन हुई चालू

**दिनेशपुर** : बिजली विभाग ने जाफरपुर से मेन बाजार पावर हाउस तक बिछाई गई 33 केवी केबल लाइन को आम जनता के लिए समर्पित करते हुए चालू कर दिया है। अवर अभियंता महताब अली ने बताया कि जाफरपुर से पावर हाउस के बीच मेन बाजार में बिछाई गई 33 केवी हाईटेंशन केबल लाइन अब पूरी तरह चालू हो चुकी है। बिजली विभाग ने आम जनता को निर्देशित किया है कि केबल लाइन से सुरक्षित दूरी बनाए रखें और बच्चों को भी इसके आसपास न जाने दें, क्योंकि लापरवाही से बड़ा हादसा हो सकता है। विभाग ने यह भी कहा है कि किसी भी प्रकार की समस्या या शंका की स्थिति में तुरंत नजदीकी विद्युत उपकेंद्र या जेई से संपर्क करें। 33 केवी लाइन में अत्यधिक विद्युत प्रवाह होता है, जिससे संपर्क होने पर जानलेवा हादसा हो सकता है।

### सड़क हादसे के मामले में मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर** : कोतवाली इलाके में तेज रफ्तार ट्राला ने कार को जबरदस्त टक्कर मार दी। जिसमें कार सवार दो महिला एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां घायलों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूल रूप से गांव जैचोली, सोमेश्वर व हाल निवासी शास्त्री पार्क बुराड़ी नार्थ दिल्ली निवासी नवीन चंद्र भंडारी ने बताया कि उसकी मां बसंती देवी, मौसी विमला बिष्ट और उसकी बेटी दिशा रावत अपने साथ कुंदन सिंह रावत को लेकर कार से आ रहे थे सुबह पौने चार बजे कोतवाली इलाके के रुद्रपुर हाईवे पहुंचे ही थे कि अचानक ट्राला ने कार को टक्कर मार दी। ट्रक चालक सूरज सिंह भाकुनी फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चालक की तलाश तेज कर दी है।

### व्यापारियों ने किया पुलिस का घेराव, चोरी के खुलासे की मांग

**किच्छा** : कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास इलाके में वरिष्ठ उद्योगपति के निवास पर हुई चोरी का खुलासा नहीं होने से आक्रोशित व्यापारियों ने कोतवाली पुलिस का घेराव कर नाराजगी व्यक्त की। आवास विकास निवासी तेल मिल व्यापारी राजेंद्र गोयल के घर में 18 अप्रैल की देर रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर करीब 90 लाख रुपये से अधिक की नगदी एवं जेवरात साफ कर दिये थे। कोतवाल प्रकाश सिंह ने बताया कि मामले की जांच के लिए टीमें गठित की गई हैं। जल्द ही आरोपी गिरफ्त में होंगे। गुलशन सिंधी, डॉ. मेहर सिंह कामरा, गिरधारी लाल गोयल, राजेंद्र गोयल, अभिनव गोयल, रिंकू लूथरा, विजय अरोड़ा, नितिन फुटेला, राजकुमार बजाज, विकास गोयल, अनिल गोयल, राम अवतार अग्रवाल मौजूद रहे।

# वेतन वृद्धि पर अभी कोई शासनादेश नहीं

- सिडकुल इंटरप्रेन्योर वेलफेयर सोसाइटी बोली-खुराफाती तत्व वेतन को लेकर फैला रहे भ्रम

संवाददाता, रुद्रपुर



पत्रकारों को जानकारी देते एसईडब्ल्यूएस के पदाधिकारी। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** सिडकुल इंटरप्रेन्योर वेलफेयर सोसाइटी (एसईडब्ल्यूएस) ने आगाह किया है कि उद्योगों में कुछ खुराफाती तत्व श्रमिक वेतन वृद्धि को लेकर भ्रामक प्रचार कर सिडकुल की शांति भंग करने का प्रयास कर रहे हैं। इससे सिडकुल में अशांति का माहौल बन रहा है, जबकि वास्तविकता यह है कि अभी तक केंद्र सरकार द्वारा वेतन वृद्धि का कोई शासनादेश जारी नहीं किया गया है। उन्होंने श्रम विभाग से इस मामले में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया, ताकि श्रमिकों के सवालों का उचित जवाब मिल सके।

गुरुवार को इस प्रकरण की वास्तविकता बताते हुए सिडकुल इंटरप्रेन्योर वेलफेयर सोसाइटी के संरक्षक अजय तिवारी और अध्यक्ष श्रीकर सिन्हा ने प्रेसवार्ता में कहा कि वर्तमान में उद्योग विषम परिस्थितियों में उत्पादन कर रहे हैं। श्रमिक भी शांतिपूर्ण वातावरण में काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ दिनों से कुछ खुराफाती लोगों द्वारा वेतन वृद्धि को लेकर अफवाहें फैलाई जा रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत सरकार द्वारा अभी तक वेतन वृद्धि का कोई शासनादेश जारी नहीं किया गया है और यह महज एक अफवाह है। इस संबंध में श्रम विभाग को स्पष्टीकरण जारी कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने श्रमिकों को आश्वस्त किया कि यदि केंद्र या राज्य सरकार द्वारा न्यूनतम वेतन वृद्धि का कोई आदेश जारी किया जाता है, तो उद्योग तत्काल उसका पालन करेंगे। साथ ही श्रमिकों से सिडकुल का माहौल खराब करने वालों के खिलाफ एकजुट रहने की अपील की। एसईडब्ल्यूएस के उपाध्यक्ष विकास पांडेय, महासचिव गौरव हरीश, कोषाध्यक्ष विनीत शर्मा, सचिव गजेंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी तेजपाल सहाय, संजय सिंह, वीरेंद्र सिंह और राजेश मिश्रा रहे।

## मैस कमेटी की बैठक में एडीएम ने दिए निर्देश, आरओ लगाने का दिया आश्वासन

# पैक्ड फूड नहीं, स्कूल में बना स्नैक्स बांटे

संवाददाता, रुद्रपुर



जिला स्तरीय मैस कमेटी की बैठक को संबोधित करते एडीएम पंकज उपाध्याय।

**अमृत विचार:** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मैस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इसमें एआरओ दीपा पांडे, प्रतिनिधि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय, सांसद प्रतिनिधि गिरीश चतुर्वेदी ने प्रतिभाग किया। इस दौरान विद्यालय के भोजनालय एवं छात्र-छात्राओं की स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर चर्चा की गई।

गुरुवार को नवोदय विद्यालय में बैठक की औपचारिक शुरुआत प्राचार्य कंचन जोशी ने की। इसके बाद विद्यालय ने पीपीटी के माध्यम से विद्यालय के मैस संरचना और भोजन आदि की व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। अपर जिलाधिकारी ने विद्यालय की ओर से की गई व्यवस्थाओं की सराहना की गई। साथ ही सुझाव दिया की जहां तक संभव हो पैक्ड फूड के स्थान पर विद्यालय के भोजनालय में ही निर्मित स्नैक्स का वितरण किया जाना चाहिए। फल आदि के प्रयोग को यदि बजट में हो तो और बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बिस्कुट के स्थान पर विद्यालय में निर्मित नमकीन मूंगफली या मठरी आदि को शामिल करना अधिकारी गुणवत्ता पूर्ण एवं स्वास्थ्यवर्धक होगा। दूध पनीर आदि की शुद्धता को ध्यान में रखते हुए पूर्व की भांति आंचल के माध्यम से ही आपूर्ति जारी रखने की सलाह दी। पीएनजी पाइपलाइन को नवोदय विद्यालय में प्राथमिकता के आधार पर संयोजन करने का आश्वासन दिया। भोजनालय में शुद्ध पानी की व्यवस्था को और सुलभ बनाने के लिए सीएसआर के माध्यम से एक आरओ लगवाने का भी आश्वासन दिया। बैठक के बाद अपर जिलाधिकारी ने भोजनालय भोजन कक्ष और विद्यालय प्रांगण का भ्रमण किया और छात्र-छात्राओं से बातचीत की। उन्होंने छात्रों को जीवन में अनुशासित रहने और लगन से कार्य करने की सलाह दी एवं उनका मार्गदर्शन किया। सांसद प्रतिनिधि गिरीश चतुर्वेदी ने विद्यालय के भोजनालय में विभिन्न स्रोतों से प्रयास कर फॉल सीलिंग की दिशा में कार्य करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि सीएमओ डॉ. संजय ने छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी क्षेत्र में आवश्यक सहयोग देने का आश्वासन दिया। उप प्राचार्य प्रमोद कुमार विद्यार्थी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। विद्यालय वरिष्ठ शिक्षक मोहन चंद्र सोयल, भरत कुमार, सुनील कुमार, सौरभ, संजीव कुमार सिंह रहे।

# तहसीलों में लगेगी बकायेदारों की सूची

## डीएम बोले-लंबित वादों का करें त्वरित निस्तारण, राजस्व वसूली को शिकंजा कसने के दिए निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने मासिक स्टाफ बैठक में उप जिलाधिकारियों और तहसीलदारों को नियमित कोर्ट लगाकर लंबित वादों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि पुराने वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। बकायेदारों से कड़ाई से राजस्व वसूली की जाए तथा 10 बड़े बकायेदारों की सूची तहसीलों में प्रदर्शित करने के निर्देश दिए।

गुरुवार को जिला सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद में कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए। जनपद में गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के निर्देश पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने न्यायालयों में अभियोजन पक्ष द्वारा प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने को कहा, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि विवेचना में जो भी कमियां रही हों, उनकी चेकलिस्ट बनाकर अन्य पॉक्सो मामलों में सुधार किया जाए। पुलिस एवं अभियोजन विभाग की कमी के कारण कोई अपराधी कोर्ट से दोषमुक्त न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को मजिस्ट्रियल जांच समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। अभियोजन और पुलिस विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें तथा किसी भी कठिनाई की स्थिति में व्हाट्सऐप समूह के माध्यम से त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए उन्होंने शत-प्रतिशत वसूली के निर्देश दिए। आबकारी अधिकारी को कच्ची शराब एवं अवैध मदिरा की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए नियमित छापेमारी करने को कहा। एआरटीओ को ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।


रुद्रपुर में गुरुवार को अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया। • अमृत विचार

### सीएम हेल्पलाइन और जन समर्पण पोर्टल की शिकायतों को गंभीरता से लें

**रुद्रपुर** : जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन, सीएम जन समर्पण पोर्टल, आयोग के संदर्भ, रिट याचिकाएं, ऑडिट आपत्तियां एवं पेंशन प्रकरणों की रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा के भीतर भेजने के निर्देश दिए। साथ ही प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए समयबद्ध निस्तारण करने और शिकायतकर्ता से स्वयं वार्ता करने के निर्देश भी दिए।

### वर्षा काल से पूर्व हो रिवर ड्रेजिंग और चैनलाइजेशन कार्य

**रुद्रपुर** : जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि नदियों में जहां रिवर ड्रेजिंग एवं चैनलाइजेशन की आवश्यकता हो, वहां संयुक्त निरीक्षण कर स्थान चिन्हित किया जाए। साथ ही वर्षा काल से पूर्व यह कार्य पूर्ण कर लिया जाए, ताकि बाढ़ की स्थिति उत्पन्न न हो।

### जनपद में 25 अप्रैल से चलेगा जनगणना अभियान

**रुद्रपुर** : जिलाधिकारी ने बताया कि 25 अप्रैल से 24 मई तक जनगणना अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए सभी तहसीलदार एवं अधिशासी अधिकारी नियमित रूप से कार्य की समीक्षा करें। साथ ही आंकड़ों की शुद्धता पर विशेष ध्यान दें और प्रतिदिन पोर्टल पर अपलोड सुनिश्चित करें।

### बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूद

अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्र, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, ऋचा सिंह, तुषार सैनी, गौरव पांडेय, राहुल शाह, सीओ प्रशांत कुमार, संयुक्त निदेशक अभियोजन डीएस जंगपांगी, डीजीसी मनोज कुमार तिवारी, बरीत सिंह, एआरटीओ मोहित कोठारी, पूजा नयाल, जिला पूर्ति अधिकारी विनोद चंद्र तिवारी, अभिहित अधिकारी एलएम पांडे सहित तहसीलदार एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# वेतन पुनरीक्षण बोर्ड गठित करने की मांग


उप श्रमायुक्त को ज्ञापन सौंपते श्रमिक संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी। • अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** श्रमिक संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में विभिन्न मजदूर संगठनों ने उप श्रमायुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मोर्चा के पदाधिकारियों ने इंजीनियरिंग उद्योगों में वेतन पुनरीक्षण बोर्ड गठित करने तथा परिवर्तनीय महंगाई भत्ता बढ़ाने की मांग उठाई।

गुरुवार को उप श्रमायुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में मोर्चा पदाधिकारियों ने कहा कि राज्य में इंजीनियरिंग उद्योग, हैवी इंजीनियरिंग और ऑटोमोबाइल सेक्टर के लिए वेतन पुनरीक्षण हेतु शासन स्तर पर अब तक कोई पहल नहीं की गई है और न ही वेतन पुनरीक्षण बोर्ड का गठन हुआ है। जबकि पिछले 25 वर्षों में महंगाई काफी बढ़ चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले तीन वर्षों से इंजीनियरिंग उद्योग में परिवर्तनीय महंगाई भत्ते की गणना मनमाने तरीके से की जा रही है तथा काल्पनिक दरों के आधार पर वीडीए की गणना की जा रही है। इससे वास्तविक महंगाई की तुलना में महंगाई भत्ता अत्यंत कम आ रहा है। इस स्थिति के चलते मजदूर वर्ग महंगाई से निपटने में असमर्थ हो गया है, जिसके कारण देशभर में औद्योगिक हड़तालें आम होती जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तराखंड में अनुसूची में दर्ज अन्य उद्योगों के लिए 15 मार्च को न्यूनतम वेतन घोषित किया गया है। श्रमिक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी, सीएसटीयू के महासचिव मुकुल, एक्टू जिला सचिव अनिता अन्ना, इंकलाबी मजदूर केंद्र के शहर कोषाध्यक्ष दिनेश, एक्टू प्रदेश कोषाध्यक्ष मटियाली, कारोलिया लाइटिंग के हरेंद्र सिंह, उत्तम दास, हेमंत भट्ट, महेंद्र रावत आदि मौजूद रहे।

# कार्यकत्रियों का शोषण कर रही सरकार

- आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के आंदोलन को दिया समर्थन
- विधायक कापड़ी ने भाजपा सरकार बोला हमला

संवाददाता, खटीमा


खटीमा में आंदोलनरत कार्यकत्रियों को संबोधित करते विधायक कापड़ी।

**अमृत विचार:** ब्लॉक परिसर में धरने पर बैठी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के समर्थन में पहुंचे विधायक भुवन चंद्र कापड़ी ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि एक ओर सरकार नारी सशक्तिकरण और नारी वंदन की बड़ी-बड़ी बातें करती है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर काम करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की पूरी तरह उपेक्षा की जा रही है।

विधायक कापड़ी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां सुबह से शाम तक कई जिम्मेदारियां निभाती हैं। इनमें बच्चों के पोषण की देखभाल, गर्भवती महिलाओं की निगरानी, टीकाकरण अभियान में सहयोग, गांव-गांव जाकर सर्वे करना तथा सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना शामिल है। इसके बावजूद उन्हें बेहद कम मानदेय दिया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की मांगों को नहीं माना गया तो कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को और बड़े स्तर पर उठाएगी। पूर्व जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस नरेंद्र आर्य, जिलाध्यक्ष युवा नीरज कन्याल, गोपाल चंद, प्रदीप कुमार, उमेश चंद, मुकेश कुमार, दीपक मुडेला, रेहान अंसारी रहे।

## गेहूं की नरई में लगी आग से नुकसान

**खटीमाः** ग्राम उलानी में गुरुवार को दोपहर बाद गेहूं की कटाई के बाद खेतों में बची नरई (पराली) में अचानक आग लग गई। तेज हवाओं के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और कई एकड़ क्षेत्र में फैल गई। इस घटना में किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने से करीब 50 एकड़ क्षेत्र की नरई जलकर राख हो गई। ग्राम प्रधान पति हरदीप सिंह गोराया ने खटीमा फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान मौके पर पीड़ित किसान जरमेल सिंह, मनजीत सिंह, भजन सिंह, रवींद्र वर्मा, जगदीप सिंह, ओम प्रकाश, श्याम सिंह, बचन सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# प्रताड़ना का आरोप, किया प्रदर्शन

संवाददाता, रुद्रपुर



रोडवेज परिसर में धरना देते एससी एसटी श्रमिक संघ के पदाधिकारी। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** एससी-एसटी श्रमिक प्रताड़ना के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उत्तराखंड परिवहन निगम के एससी एसटी श्रमिक संघ के पदाधिकारियों ने रोडवेज परिसर में धरना प्रदर्शन किया। साथ ही सहायक प्रबंधक परिवहन निगम को ज्ञापन सौंपा। आगाह किया कि यदि आठ सूत्रीय मांगों पर गौर नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा।

गुरुवार को संघ के शाखा अध्यक्ष विमल कुमार और मंत्री महेंद्र सिंह ने कर्मचारियों के साथ रोडवेज परिसर में धरना प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि प्रबंधक द्वारा श्रम नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने परिवहन निगम के आला अधिकारियों से प्रतिमाह वेतनमान का भुगतान करने, बिना प्राथमिक जांच कराए श्रीनिवास के खिलाफ कार्रवाई का आदेश फौरन रद्द करने, समझौतानामा के आधार पर रोडवेज बसों की संख्या और निगम बसों की संख्या का अनुपात 60-40 में रखने की मांग उठाई। इसके अलावा स्पेयर पार्ट्स आपूर्ति व रखरखाव नियमित करने सहित बस बेड़े में मानकों के अनुसार वृद्धि करने का मुद्दा उठाया। इस मौके पर एससी एसटी श्रमिक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष श्रीनिवास, प्रांतीय महामंत्री रामपाल सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष छत्रपाल सिंह, शाखा मंत्री रघुवीर सिंह, संगठन मंत्री ईश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।

## पत्नी से झगड़े के बाद फंदे पर झूला पति

**रुद्रपुरः** थाना गदरपुर इलाके में पत्नी से झगड़ा होने पर एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। 29 वर्षीय किशन विश्वास गदरपुर के पिपलिया एक में परिवार के साथ रहता था और फोर सीलिंग का काम करता था। बताया जा रहा है कि किशन के दो बच्चे भी हैं। बुधवार की देर रात्रि किसी बात को लेकर दंपती में झगड़ा हो गया। जिसके बाद पति ने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। थोड़ी देर बाद जब पत्नी ने उसे लटका देखा तो उसकी चीख निकल गई। आनन फानन में युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने रात्रि को जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।


किच्छा में आग पर काबू पाते दमकल कर्मचारी। • अमृत विचार

### तीन अलग-अलग क्षेत्रों में लगी आग पर टीम ने पाया काबू

**किच्छा** : नगर के तीन अलग-अलग क्षेत्रों में आग लगने की सूचना पर दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर समय रहते आग पर काबू पा लिया। पहली घटना रुद्रपुर मार्ग स्थित बसंत गार्डन कॉलोनी की है, जहां झाड़ियों में आग लग गई थी। सूचना मिलने पर दमकल टीम मौके पर पहुंची और मिनी हाई प्रेशर पंपिंग के माध्यम से आग पर काबू पा लिया। आग बुझने के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। दमकल टीम प्रभारी मदन सिंह रावत के नेतृत्व में फायरमैन भवान सिंह, संजय सिंह, दीपक बसेड़ा एवं संविदा कर्मी धीरज राणा मौके पर पहुंचे और त्वरित कार्रवाई करते हुए आग बुझाई। दूसरी घटना हल्द्वानी मार्ग स्थित नगला क्षेत्र की है, जहां शेर सिंह के खेतों में गेहूं की नाड़ में आग लग गई। तेज हवा के कारण आग नजदीकी फसल व आबादी की ओर बढ़ रही थी, लेकिन दमकल टीम ने समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया। तीसरी घटना ग्राम कच्ची खमरिया की है, जहां रिजवान मलिक के खेतों में खड़ी गेहूं की नाड़ में आग लगने की सूचना पर दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई।

**अग्निकांड** — व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों ने की आर्थिक मदद, प्रशासन से मुआवजे की मांग

# शॉर्ट सर्किट से कपड़े की दुकान में लगी आग

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** चक्कीमोड़ में बुधवार रात करीब 10:30 बजे भाई-बहन की कपड़े और सिलाई की दुकान में विद्युत शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते दुकान में रखा 15 से 18 लाख रुपये का सामान, कपड़े, सिलाई मशीनें और फर्नीचर जलकर राख हो गया।

दुकानदार जितेंद्र सिंह चक्कीमोड़ में कपड़ों की दुकान चलाते थे, जबकि उनकी बहन सीमा लेडीज सूट सिलाई का काम करती थीं। आग लगने के समय दुकान में शादी के ऑर्डर के कपड़े, महंगे सूट, सिलाई मशीनें और फर्नीचर रखा हुआ था, जो पूरी तरह जल गया। आग लगते ही आसपास के दुकानदार मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड और स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। समय रहते आग बुझ जाने से आसपास की अन्य दुकानें जलने से बच गईं, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

दुकानदार जितेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने करीब 15 से 18 लाख रुपये का माल दुकान में रखा था। वहीं सीमा ने बताया कि कई लोगों के शादी के ऑर्डर पर काम चल रहा था, जो पूरी तरह नष्ट हो गया। घटना के बाद दोनों भाई-बहन के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। घटना की जानकारी मिलते ही गुरुवार सुबह विधायक अरविंद पांडेय, भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता त्रिनाथ विश्वास, कश्मीर कंबोज सहित व्यापारी और जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दी और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। व्यापारी नेता वीरेंद्र सिंह पवार, हरीश देवराड़ी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष चंदन सिंह नयाल, समाजसेवी कैलाश शर्मा सहित अन्य लोगों ने दुकानदारों से मदद की अपील की। वहीं ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की।


आग से नुकसान का जायजा लेते विधायक अरविंद पांडेय, जनप्रतिनिधि और व्यापारी।


किच्छा में शिविर का निरीक्षण करते विधायक बेहड़। • अमृत विचार

### स्वास्थ्य शिविर में 345 मरीजों की जांच

**किच्छा** : सरदार वल्लभभाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के तत्वावधान में ग्राम सिरौली कला में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने किया। उन्होंने शिविर में निरीक्षण कर मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। अपने संबोधन में विधायक बेहड़ ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। शिविर में कुल 345 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें 65 गर्भवती महिलाएं शामिल रहीं। 130 लोगों की टीबी जांच एवं एक्स-रे किया गया, 35 का टीकाकरण तथा 180 लोगों की रक्त जांच हुई। यहां सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल गौर, डॉ. जी.बी. पंगारिया, डॉ. कनक बनौथा, डॉ. तनवीर अहमद, डॉ. प्रकाश रावत, डॉ. जहीर अहमद, डॉ. दीप्ति बर्गली, नीलू मिश्रा, एएनएम सीमा कटोरिया, गीता देवी, रोशनी, भोपाल शाह, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गुलशन सिंधी, राजेश प्रताप सिंह, सुनीता कश्यप, एनयू खान, ओम प्रकाश दुआ रहे।

## सिटी ब्रीफ

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता

**काशीपुर :** एक 16 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने पिता की तहरीर पर किशोरी की गुमशुदगी दर्ज की है। ग्राम पच्चावाला निवासी एक व्यक्ति ने कुंडेश्वरी चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री 21 अप्रैल की रात में करीब 10 .50 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई है। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### युवक ने मजदूरी के रुपये दिलाने की लगाई गुहार

**काशीपुर :** एक युवक ने ठेकेदार व मालिक पर मजदूरी के पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। कुंडेश्वरी निवासी नरेंद्र सिंह ने कुंडेश्वरी चौकी पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने पथरी मंदिर के सामने प्लाई का कार्य किया था। दो माह तक काम करने के बाद जब उसने ठेकेदार और मालिक से अपनी 25 हजार रुपये की मजदूरी मांगी तो उन्होंने भुगतान करने से इंकार कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि जब वह मजदूरी के पैसे मांगने उनके घर गया तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद उसने पुलिस से अपनी मजदूरी दिलाने की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### हवन-पूजन कर तरणताल में तैराकी प्रशिक्षण शुरू

**काशीपुर :** गुरुवार को तरणताल में तैराकी प्रशिक्षण शुरू हो गया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र के सहायक निदेशक अनिल द्विवेदी तथा स्टेडियम प्रभारी महेश्वर नेगी ने संयुक्त रूप से हवन-पूजन कर तैराकी प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया।तैराकी कोच आनंद सिंह बोरा ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को तैराकी के विभिन्न तकनीकी पहलुओं में प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 8 से 20 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों से प्रतिमाह 1500 रुपये तथा इससे अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ियों से 2000 रुपये प्रतिमाह शुल्क लिया जाएगा। वर्तमान में चार बच्चों ने पंजीकरण कराया है। तैराकी प्रशिक्षक आनंद सिंह बोरा, जेपी यादव, दयाल सिंह फर्स्वाण, नीरज कुमार रहे।

### प्राथमिक स्कूल के बच्चों को दी स्वच्छता की जानकारी

**काशीपुर :** नगर निगम द्वारा संचालित स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज प्राथमिक स्कूल खड़गपुर देवीपुरा में एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस दौरान नगर निगम टीम ने छात्र-छात्राओं को 6-बिन कचरा सेग्रीगेशन के बारे में सरल एवं प्रभावी तरीके से जानकारी दी। साथ ही विभिन्न गतिविधियों एवं खेलों के माध्यम से बच्चों को कचरे को अलग-अलग डिब्बों में सही तरीके से डालने की प्रक्रिया भी समझाई गई। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को स्वच्छता वॉरियर स्टिकर वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना है, ताकि वे इस संदेश को अपने घर एवं समाज तक पहुंचा सकें।

### दुकानदार ने बैरियर लगाकर मुख्य रास्ता किया बंद

**काशीपुर :** कुंडेश्वरी शहीद चौक स्थित ढकिया रोड पर एक कोल्हू संचालक द्वारा दुकान के सामने पुलिस बैरियर लगाकर मुख्य मार्ग को अवरुद्ध कर दिया गया है। राहगीरों को गड्ढों से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके ऊपर से दुकानदार ने गड्ढे के पास लगा पुलिस बैरियर हटाकर अपने कोल्हू की ओर लगा दिया, जिससे सही रास्ता पूरी तरह बंद हो गया। लोगों का कहना है कि मामले को नजरअंदाज किए जाने का कारण समझ से परे है।

# भूमि प्रकरण पर किसानों ने घेरी तहसील, किया प्रदर्शन

## विधायक के खिलाफ खोला मोर्चा, दी आत्मदाह की धमकी

संवाददाता, बाजपुर



बाजपुर में धरना-प्रदर्शन करते पीड़ित परिवार एवं किसान संगठनों के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** ग्राम सेमलपुरी के जनजाति भूमि प्रकरण ने अब तूल पकड़ लिया है। वर्तमान में भूमि पर काबिज किसान परिवार और किसान संगठनों ने गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। गुरुवार को किसान संगठनों के साथ पीड़ित परिवार एसडीएम कार्यालय पहुंचा, जहां उन्होंने धरना-प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। प्रदर्शन के दौरान पीड़ित किसान मक्खन सिंह ने न्याय न मिलने पर परिवार सहित आत्मदाह की चेतावनी दी, जिससे प्रशासन में हड़कंप मच गया।

स्थिति उस समय और तनावपूर्ण हो गई जब प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम कार्यालय में ताला लगाने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस बल ने उन्हें रोक लिया। इस दौरान कार्यालय परिसर में भारी पुलिस बल तैनात रहा और माहौल तनावपूर्ण बना रहा। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ विभव सैनी और कोतवाल नरेश चौहान एसडीएम कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से वार्ता कर उन्हें समझाने का प्रयास किया। बाद में एडीएम (एफआर) से फोन पर हुई बातचीत के बाद नियमानुसार कार्रवाई के आश्वासन पर प्रदर्शनकारी शांत हुए। इसके बाद पीड़ित मक्खन सिंह पुत्र स्व. परमजीत सिंह, निवासी ग्राम कुईखेड़ा (काशीपुर) ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा को सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2022 में उन्होंने 3 एकड़ 15 डिस्मिल भूमि ग्राम सेमलपुरी, बाजपुर में गुरविंदर सिंह पुत्र गुरबख्श सिंह से खरीदी थी, जिन्होंने यह जमीन अतुल पांडेय पुत्र अरविंद पांडेय से ली थी।

आरोप है कि बाद में पता चला कि यह भूमि वर्ष 2011 में अतुल पांडेय द्वारा बुक्सा समाज से अपने नाम कराई गई थी और अब मक्खन सिंह का नाम खतौनी से हटाकर भूमि पुनः बुक्सा समाज के नाम दर्ज कर दी गई है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि उन्होंने पूरी कीमत चुकाकर जमीन खरीदी थी, लेकिन उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। इस मौके पर भाकियू युवा के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह जीतू, कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा, गगन सरना, उदित शर्मा, मक्खन सिंह, मनप्रीत सिंह, गुरमुख सिंह, पगदीप सिंह, जितेंद्र सिंह, जसपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान एवं परिवारजन मौजूद रहे।

## कटौती बंद न होने पर कांग्रेस करेगी आंदोलन: अलका

**काशीपुरः** अघोषित विद्युत कटौती को लेकर महानगर अध्यक्ष अलका पाल ने बिजली विभाग को चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही कटौती बंद नहीं की गई, तो कांग्रेस आंदोलन करेगी। गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में महानगर अध्यक्ष अलका पाल ने आरोप लगाया कि कई क्षेत्रों में रातभर बिजली गुल रहने से लोगों में त्राहि-त्राहि मची हुई है। बिना पूर्व सूचना के हो रही अघोषित विद्युत कटौती से जहां आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, वहीं बच्चों की पढ़ाई, पानी की आपूर्ति एवं खेती-किसानी पर भी इसका असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी विद्युत कटौती से जनता परेशान है। एक ओर गेहूं की कटाई का समय चल रहा है, ऐसे में सुबह से शाम तक बिजली कटौती हो रही है। वहीं कुछ क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से रात 12 बजे तक बिजली गुल रहने की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली विभाग न तो कोई निर्धारित शेड्यूल जारी करता है और न ही पूर्व सूचना देता है, जो पूरी तरह गलत है। अलका पाल ने कहा कि विभाग को गर्मी के मौसम से पहले ही सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर लेनी चाहिए थीं।



अलका पाल।

# लिटिल स्कॉलर्स स्कूल के बच्चों ने दीं सुंदर प्रस्तुतियां



काशीपुर स्थित लिटिल स्कॉलर्स स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** लिटिल स्कॉलर्स विद्यालय परिसर में एलएसएमयूएन के उद्घाटन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर काशीपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के विभिन्न विद्यालयों—विजन वैली स्कूल काशीपुर, गुरुकुल फाउंडेशन स्कूल काशीपुर, रिवरडेल इंटरनेशनल स्कूल बाजपुर, भारतीयम् इंटरनेशनल स्कूल रुद्रपुर, डीपीएस रुद्रपुर, एमेनिटी रुद्रपुर, ओक बड्स रामनगर, रायन रुद्रपुर, कोलंबस रुद्रपुर, ग्रेट मिशन स्कूल, लिटिल स्कॉलर्स स्कूल, जेनेसिस स्कूल, सेंट मैरीज़ बाजपुर सहित अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्राचार्य शिखा गौतम ने अपने स्वागत भाषण में कार्यक्रम के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पहल छात्रों के सर्वांगीण विकास और उनके नेतृत्व कौशल को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी। इस अवसर पर राज्य मंत्री सीमा चौहान, मेयर दीपक बाली, उर्वशी बाली, स्टैंडअप कॉमेडियन मनीष त्यागी, आर्मी स्कूल की प्रिंसिपल मालिनी शर्मा, मेघा गुड़िया, चरणप्रीत साहनी, अलका पाल, पूनम बाठला एवं रोहित बाठला सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने नृत्य एवं गीत सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कृपा डंगवाल की प्रस्तुति ने विशेष आकर्षण का केंद्र बनी, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। समारोह के अंत में विद्यालय प्रबंधिका ऋतु भल्ला ने अतिथियों को सम्मानित करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

## केवाईसी के नाम पर वृद्धा से 8.50 लाख की ठगी

**काशीपुरः** केवाईसी कराने के नाम पर साइबर ठगों ने एक महिला से 8.50 लाख रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर ठग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मानपुर रोड, कचनाल गाजी निवासी नंदा उप्रेती पत्नी स्व. महेश चंद्र उप्रेती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 15 अप्रैल को उनके फोन पर एक अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया, जिसने स्वयं को बैंक कर्मचारी बताया और खाते की केवाईसी कराने की बात कही। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने कहा कि उनकी केवाईसी पहले से ही पूरी है। इसके बाद आरोपी ने उन्हें एक लिंक भेजकर उस पर क्लिक करने और विवरण भरने को कहा। उन्होंने बताए अनुसार लिंक खोलकर जानकारी भर दी। कुछ समय बाद उन्हें शक हुआ, जिस पर उन्होंने बैंक के डिप्टी मैनेजर को कॉल किया। बताया गया कि यदि ओटीपी साझा नहीं किया गया है तो सब ठीक है। इसके बाद वह निश्चिंत हो गईं। पीड़िता के अनुसार इसके बावजूद उनके खाते से कई बार में कुल 8.50 लाख रुपये निकाल लिए गए। बाद में उनके दामाद ने कस्टमर केयर के माध्यम से उनका खाता बंद कराया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



काशीपुर के ग्राम अजीतपुर में प्लॉट की जांच करते जिला खनन अधिकारी टीम के साथ।

### अवैध खनन पर दो प्लॉट सीज, ई-रवन्ना पोर्टल सस्पेंड

**काशीपुर :** अवैध खनन की शिकायत पर जिला खनन अधिकारी ने टीम के साथ ग्राम अजीतपुर क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दो प्लॉटों को सीज कर दिया। अनियमितता पाए जाने पर दोनों प्लॉटों का ई-रवन्ना पोर्टल सस्पेंड करते हुए उन पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। गुरुवार को जिला खनन अधिकारी ऊधम सिंह नगर एवं नैनीताल नवीन सिंह को ग्राम अजीतपुर क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायत प्राप्त हुई। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए टीम के साथ वह मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान अजीतपुर क्षेत्र में संचालित जगदंबा एवं माधव स्क्रीनिंग प्लॉटों में अनियमितताएं पाई गईं। इसके बाद दोनों प्लॉटों का ई-रवन्ना पोर्टल सस्पेंड कर उन्हें सीज कर दिया गया। साथ ही जुर्माना लगाने की कार्रवाई भी की जा रही है। इसके अतिरिक्त सितारगंज तहसील के उक्रोली में संचालित एक खनन पट्टे पर भी अनियमितता पाए जाने पर उसका ई-रवन्ना पोर्टल सस्पेंड किया गया। जिला खनन अधिकारी ने कहा कि नियमों के विपरीत किसी भी प्रकार का खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उच्चाधिकारियों के सख्त निर्देश हैं कि अवैध खनन पर कठोर कार्रवाई की जाए।

# बार काउंसिल के सदस्यों का किया स्वागत

संवाददाता, काशीपुर



काशीपुर में बार एसोसिएशन के सभागार में मंच से स्वागत करते सचिव यशवंत चौहान।

**अमृत विचारः** बार एसोसिएशन काशीपुर के तत्वावधान में बार सभागार में उत्तराखंड बार काउंसिल के नवनिर्वाचित सदस्यों का भव्य स्वागत किया गया।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरिजेश खुल्वे, उपाध्यक्ष विधु शेखर शर्मा, सचिव यशवंत चौहान, उप सचिव अंकित चौधरी एवं अन्य पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर नवनिर्वाचित सदस्यों का सम्मान किया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन काशीपुर के अध्यक्ष गिरिजेश खुल्वे ने कहा कि काशीपुर बार एसोसिएशन ने उत्तराखंड को अनेक विभूतियां दी हैं। काशीपुर बार कुमाऊं की प्राचीन बार में से एक है। इसके प्रथम अध्यक्ष पंडित गोविंद बल्लभ पंत रहे हैं। संचालन कर रहे बार एसोसिएशन के सचिव यशवंत चौहान ने मांग की कि अधिवक्ता की मृत्यु के बाद उसके परिजनों को पाँच लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए। बुजुर्ग अधिवक्ताओं को पेंशन, युवा अधिवक्ताओं को मानदेय तथा महिला अधिवक्ताओं के लिए भी विशेष प्रावधान किए जाने चाहिए। बार काउंसिल उत्तराखंड के सदस्य दिवाकर पांडे, नीरज गुप्ता, चंद्रशेखर जोशी, अमनदीप कौर, सुशीला मेहता ने भी विचार रखे। संदीप सहगल, शैलेंद्र कुमार मिश्रा, आनंद रस्तोगी, उमेश जोशी, आलोक माथुर, सचिन नाडिग, नीरज चौहान, सुरेंद्र सिंह, भास्कर त्यागी, अंकित त्यागी, अभिताभ सक्सेना, मो. कमर, शुभम सिंघल रहे।

# भूमि विवाद के तनाव से वृद्ध की मौत, दो पर केस

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** रामनगर रोड, दुर्गा मंदिर वाली गली, निकट सूरज मेडिकल स्टोर निवासी जितेंद्र अरोड़ा पुत्र स्व. ओमप्रकाश अरोड़ा ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप गंभीर आरोप लगाए हैं।

तहरीर में बताया गया है कि उनके परिवार की खड़कपुर देवीपुरा क्षेत्र में कृषि भूमि है। वर्ष 2009 में एसडीएम द्वारा खातेदारों की सहमति से भूमि का बंटवारा कर कब्जा दिलाया गया था। आरोप है कि जितेंद्र चावला आदि ने उक्त भूमि के मध्य पक्की ईंटों से नींव भर दी थी। पीड़ित के अनुसार, बीती 12 अप्रैल को जब वह खेत पर पहुंचे तो वहां कुछ मजदूर नींव की खुदाई कर रहे थे। मौके पर मौजूद एक व्यक्ति ने स्वयं को अधिवक्ता बताते हुए कहा कि उसने यह भूमि जितेंद्र चावला से खरीदी है। विरोध करने पर उसने पूरी जमीन पर कब्जा करने की धमकी दी। उन्होंने एसडीएम, , विधायक और पुलिस से शिकायत की,किंतु निर्माण जारी रहा। 20 अप्रैल को राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचने पर वरुण शर्मा व उसके साथियों ने उसके व पिता के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि भूमि विवाद और लगातार तनाव के चलते पीड़ित के पिता ने 21 अप्रैल की शाम लगभग सवा चार बजे दुकान पर बैठे-बैठे दम तोड़ दिया। पुलिस ने दो लोगों पर केस दर्ज कर लिया है।



जसपुर में अल्ट्रासाउंड केंद्र का निरीक्षण करते चिकित्साधीक्षक डॉ. धीरेंद्र मोहन गहलौत।

### जसपुर में अल्ट्रासाउंड केंद्रों का निरीक्षण, तीन को नोटिस

**जसपुर :** स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा क्षेत्र के आठ अल्ट्रासाउंड केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खामियां मिलने पर तीन केंद्रों को नोटिस जारी किया गया। गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके अग्रवाल के निर्देशन में चिकित्साधीक्षक डॉ. धीरेंद्र मोहन गहलौत एवं पीसीपीएनडीटी कोऑर्डिनेटर प्रदीप मेहर की टीम ने जसपुर क्षेत्र में संचालित आठ अल्ट्रासाउंड केंद्रों का निरीक्षण किया। सबसे पहले टीम ने सीएचसी में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्र का निरीक्षण किया, जहां रेडियोलॉजिस्ट द्वारा सप्ताह में केवल एक दिन ही अल्ट्रासाउंड सेवा प्रदान की जा रही थी। इसके बाद टीम ने अन्य सात अल्ट्रासाउंड केंद्रों का निरीक्षण कर पंजीकरण, मानकों और दस्तावेजों की जांच की। निरीक्षण के दौरान पांच केंद्रों पर अभिलेख, उपकरणों की स्थिति और स्टाफ की उपलब्धता संतोषजनक पाई गई। वहीं तीन केंद्रों के अभिलेखों में कमियां और रजिस्टर अद्यतन न पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया।

# मारपीट के मामले में दस लोगों के खिलाफ केस

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** कुछ लोगों ने एक युवक पर हमला कर घायल कर दिया। युवक की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद समेत 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

छीना फार्म, ढकिया गुलाबो निवासी अंकित चौहान पुत्र हृदयेश चौहान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका एक ऑफिस मोहल्ला आर्य नगर में है। 21 अप्रैल की रात लगभग 9 बजे वह अपना ऑफिस बंद कर रहा था, तभी जतिन पुत्र उमेश कुमार निवासी मोहल्ला किला, आयुष व गौतम निवासी वाल्मीकि सभा के पास तथा अन्य सात लड़के उसे वेवजह गालियां बक रहे थे। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। हत्या करने की नीयत से उसके सिर पर प्रहार किया। जिससे वह घायल हो गया और अपनी जान बचाकर पास में ही एक मेडिकल स्टोर में घुस गया। आरोपियों ने उसके साथ-साथ मेडिकल स्टोर वालों और बचाने आए अन्य दुकानदारों से भी मारपीट की। पुलिस उसे एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय ले गई जहां से उसे हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच एसआई देवेंद्र सिंह सामंत के सुपुर्द की है। कोतवाल हरेंद्र चौधरी ने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है।

# युवोत्सव की तैयारियां शुरू, पोस्टर जारी

संवाददाता, काशीपुर




काशीपुर में 3 मई को होने वाले कार्यक्रम का पोस्टर जारी करते संघ के कार्यकर्ता।

**अमृत विचारः** बाजपुर रोड स्थित एक निजी प्रतिष्ठान पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशीपुर नगर के तत्वावधान में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान 3 मई (रविवार) को सायं 4 बजे रामलीला मैदान में होने वाले "युवोत्सव" कार्यक्रम का पोस्टर जारी किया गया।

इस अवसर पर जिला विद्यार्थी प्रमुख डॉ. प्रशांत ने बताया कि राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य से आयोजित इस युवा सम्मेलन में 15 वर्ष से 40 वर्ष आयु वर्ग के किशोर, तरुण, महाविद्यालयीन छात्र तथा व्यवसायी वर्ग के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शारीरिक प्रतियोगिताओं में कबड्डी, खो-खो और रस्साकसी तथा बौद्धिक प्रतियोगिताओं में वाद-विवाद, निबंध, चित्रकला एवं रील वीडियो मेकिंग शामिल हैं। सभी विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिताओं के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। नगर संघ चालक अमित मित्तल ने बताया कि युवा सम्मेलन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। उन्होंने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष के सातवें कार्यक्रम के अंतर्गत यह पांचवां आयोजन है। इस युवा सम्मेलन से युवाओं में राष्ट्रभक्ति और समर्पण की भावना जागृत होगी। इस दौरान नगर कार्यवाह आदर्श चौधरी, सह नगर कार्यवाह सुरेंद्र कोठारी, नगर प्रचार प्रमुख शशिपाल सिंह, नगर विद्यार्थी प्रमुख डॉ. कुंवरपाल सिंह, शांतनु के. गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**आक्रोश** | शिक्षक संघों ने दी जनगणना ड्यूटी और प्रशासनिक कार्यों के बहिष्कार की चेतावनी

# बीईओ से अभद्रता की निंदा की, सीएम को ज्ञापन भेजा

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** गोविंद बल्लभ पंत इंटर कॉलेज चकरपुर में जांच को पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) से हुए दुर्व्यवहार की शिक्षक संगठनों ने कड़ी निंदा की है। दोषियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी तुषार सैनी को सौंपा।

ज्ञापन में शिक्षकों ने आरोप लगाया कि गोविंद बल्लभ पंत राजकीय इंटर कॉलेज के एक शिक्षक पर छेड़खानी का आरोप लगा था, जिसकी जांच के लिए बीईओ भानुप्रतम कुशवाहा मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा उनके साथ अभद्रता की गई। शिक्षक संगठनों ने मांग की कि दोषियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे जनगणना ड्यूटी एवं अन्य प्रशासनिक कार्यों का बहिष्कार करने को मजबूर होंगे।

इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, राजकीय शिक्षक संघ, माध्यमिक शिक्षक संघ, मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन, एससी-एसटी शिक्षक संघ, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ सहित प्रधानाचार्य परिषद के सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर कमान सिंह सामंत, छविराज सिंह कफलिया, जितेंद्र यादव, भुवन चंद्र कोलोनी, गोकुलानंद कापड़ी, जितेंद्र प्रताप सिंह, जेएम सहदेव, मोहन चंद्र जोशी, सुदर्शन गहतोड़ी, राजकुमार राणा, अश्वनी मौर्य, मुन्नालाल सरोज, पुष्पा सामंत, सुभाष सिंह राणा, पूरन आर्य, भानु प्रकाश गुप्ता, राकेश राणा, दिनेश बगोटी, महेश रौतेला, भुवन उप्रेती, नवीन राणा आदि उपस्थित रहे।



खटीमा में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपते शिक्षक संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### बीईओ से अभद्रता के विरोध में शिक्षकों का प्रदर्शन

**सितारगंज :** गोविंद वल्लभ पंत इंटर कॉलेज, चकरपुर में 22 अप्रैल को हुई एक गंभीर घटना के बाद शिक्षा विभाग और शिक्षक संगठनों में भारी आक्रोश है। प्रधानाचार्यों, शिक्षकों और मिनिस्ट्रियल कर्मचारियों के पदाधिकारियों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।गुरुवार को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि एक शिक्षक पर छात्रा से कथित छेड़छाड़ और ब्लैकमेलिंग के आरोपों की जांच करने पहुंचे बीईओ भानू प्रताप कुषवाहा के साथ कुछ असामाजिक तत्वों ने अभद्र व्यवहार किया। इस घटना को लेकर शिक्षक और कर्मचारी संगठनों ने कड़ी नाराजगी जताई है। चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही कार्रवाई नहीं हुई, तो जनगणना सहित अन्य शासकीय कार्यों का बहिष्कार करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। जिला सचिव मोहित तिवारी, होशियार सिंह, विकास पांडे, अरुण शेखर, आनंद भास्कर, डॉ. अर्चना पाठक, धर्मेंद्र नाथ चौबे रहे।

# अनाज मंडी में गेहूं खरीद विवाद सुलझा

संवाददाता, बाजपुर



बाजपुर में किसानों से वार्ता करतीं आरएमओ लता मिश्रा एवं कोवताल नरेश चौहान।

**अमृत विचारः** गेहूं खरीद को लेकर किसानों और प्रशासन के बीच अनाज मंडी में महत्वपूर्ण वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान आरएमओ लता मिश्रा और कोतवाल नरेश चौहान ने किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया।

गुरुवार को अनाज मंडी में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा की मौजूदगी में लगभग एक घंटे तक चली इस वार्ता के बाद सहमति बनी कि मानकों के अनुरूप सभी किसानों की गेहूं फसल की खरीद सुनिश्चित की जाएगी। अधिकारियों ने किसानों को भरोसा दिलाया कि किसी भी किसान के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा और निर्धारित नियमों के तहत पारदर्शी तरीके से खरीद प्रक्रिया जारी रहेगी। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को अनाज मंडी में संचालित आरएफसी क्रय केंद्र पर भाकियू नेता विक्की रंधावा की फसल में कमी बताकर गेहूं की तौल बंद कर दी गई थी। इससे आक्रोशित किसानों ने भगत सिंह चौक पर धरना-प्रदर्शन किया था। स्थिति को देखते हुए कोतवाल नरेश चौहान ने मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाया था और वार्ता के माध्यम से समाधान का आश्वासन दिया था, जिसके बाद किसान शांत हुए थे। भाकियू के प्रदेश सचिव बिजेंद्र सिंह डोगरा, कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा, ब्लॉक अध्यक्ष प्रताप सिंह संधू, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हरप्रीत सिंह निज्जर, भाकियू एकता उग्राहां के प्रदेश अध्यक्ष जनकवि बल्ली सिंह चीमा आदि रहे।

ब्रीफ न्यूज

## नदी में डूबने से 10 साल की मासूम की मौत

**पिथौरागढ़ :** घाट के पास सरयू नदी में डूबने से 10 साल की बच्ची की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, चंडाक क्षेत्र के सिंतोली निवासी 10 वर्षीय भावना अपनी मां सरस्वती देवी के साथ अपने मामा के विवाह में शामिल होने नेत्रदान गांव गई थी। गुरुवार सुबह सात बजे के करीब सभी नहाने के लिए सरयू नदी किनारे पहुंचे। भावना जैसे ही नदी में उतरी तो डूब गई। परिजनों ने उसे नदी से निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची की मौत से परिजनों में कोहराम है।

## देवभूमि कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

**कालाढूंगी :** देवभूमि कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ गुरुवार को मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट और हल्द्वानी के महापौर गजराज बिष्ट ने किया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख स्व. बलवंत सिंह कन्याल की स्मृति में यह प्रतियोगिता कॉर्बेट एकेडमी में पूर्व प्रमुख रवि कन्याल द्वारा आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रदेश की 20 टीमें भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला कोटाबाग और पिथौरागढ़ के बीच खेला गया। टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करते हुए कोटाबाग की टीम 92 रन पर ऑल आउट हो गई। पिथौरागढ़ के विशाल सिंह ने 4 विकेट और राहुल चंद्रा ने 3 विकेट लेकर शानदार गेंदबाजी की। जवाब में पिथौरागढ़ की टीम ने बिना विकेट खोए मात्र 5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। राहुल चंद्रा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# सोमेश्वर के जंगलों में लगी आग

### फायर फाइटर्स और ग्रामीणों की तत्परता से आबादी क्षेत्र आग की चपेट में आने बचा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** सोमेश्वर रेंज के बले, पच्चीसी, क्वैराली, मवे माफी, भनाराठ और रौल्याना के जंगलों में आग लग गई। सुबह भड़की आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और गांव की आबादी की ओर बढ़ने लगी, जिससे ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए हंस फाउंडेशन की महिला फायर फाइटर्स और स्थानीय महिलाएं तुरंत मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं। सूखी पिरुल और पत्तियों के कारण आग तेजी से फैल रही थी, लेकिन महिलाओं ने कड़ी मशक्कत कर फायर लाइन काटते हुए आग को गांव की ओर बढ़ने से रोक दिया। वन विभाग की टीम ने भी ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया।

**घास के लूटे जलेः** भनाराठ गांव में आग से कई परिवारों को नुकसान हुआ। घास, पिरुल और लकड़ी के ढेर जलकर खाक हो गए। आग बुझाने में लक्ष्मी मेहरा, दीपा देवी, कमल मेहरा, दुर्गा देवी, ममता मेहरा, रेखा देवी, सुमन सहित अन्य ग्रामीण व कर्मचारी शामिल रहे।


सोमेश्वर रेंज में लगी आग बुझातीं महिला फायर फाइटर्स। ● अमृत विचार

### करबला क्षेत्र के जंगल में लगी आग, घंटों बाद पाया काबू

**अल्मोड़ा :** पर्वतीय क्षेत्रों में बढ़ती गर्मी के साथ वनाग्नि की घटनाएं भी तेजी से बढ़ रही हैं। बीते बुधवार रात अल्मोड़ा नगर के करबला से सटे जंगल में आग धधक उठी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और आसपास के रिहायशी इलाकों की ओर बढ़ने लगी। इससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इन दिनों जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजाना जंगलों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। सूचना मिलते ही फायर सर्विस की टीम मौके पर पहुंची और एमएफई से पंपिंग कर दो होज पाइप के जरिए घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। अग्निशमन अभियान में गिरीश धारियाल, हरि सिंह, जीवन जोशी, पूजा थापा और मनीषा गोस्वामी आदि कर्मी शामिल रहे।


करबला क्षेत्र के जंगल में लगी आग बुझाती फायर सर्विस टीम।

## रात्रिकालीन प्रतिष्ठानों में समय सीमा का सख्ती से कराएं पालनः डीएम

**बागेश्वरः** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने जनपद स्तरीय अवैध शस्त्र निगरानी समिति की बैठक लेते हुए कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कई अहम निर्देश दिए। उन्होंने रात्रिकालीन प्रतिष्ठानों और बार में निर्धारित समय सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने तथा पुलिस गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए।

बैठक में डीएम ने जनपद की सीमाओं पर सघन चेकिंग अभियान चलाने, अन्य राज्यों से स्थानांतरित होकर आए व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस का सत्यापन करने और हथियार व गोला-बारूद की दुकानों व गन हाउसों का समय-समय पर औचक निरीक्षण करने को कहा। साथ ही निर्धारित सीमा से अधिक कारतूस खरीदने वाले व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने पुलिस उपाधीक्षक को आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण से संबंधित मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा। इसके अलावा डीएम ने महत्वपूर्ण स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों और पुलिस पिकेट का विस्तार करने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने पर जोर दिया।

# सड़कों की बदहाली के खिलाफ किया प्रदर्शन


अल्मोड़ा में बदहाल सड़कों के विरोध में धरना-प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

- अल्मोड़ा में कांग्रेसियों ने सड़कों पर बने गड्ढों में किया पौधरोपण
- जेल रोड पर किया धरना-प्रदर्शन

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** अल्मोड़ा में बदहाल सड़कों को लेकर कांग्रेस ने गुरुवार को सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने जेल रोड के पास एकत्र होकर धरना दिया और शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने सड़कों पर बने गड्ढों में पौधरोपण कर अनोखे तरीके से विरोध दर्ज कराया।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि नगर की सड़कें लंबे समय से जर्जर हालत में हैं और जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। इससे न केवल दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है, बल्कि आम लोगों को आवागमन में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार विभागीय अधिकारियों को समस्या से अवगत कराने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़कों की मरम्मत व सुधारीकरण कार्य शुरू नहीं किया गया तो पार्टी उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी।

इस दौरान जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, नगर अध्यक्ष तारा जोशी, पार्षद वैभव पांडे, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री पूरन सिंह रौतेला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कला संकाय ने जीती फुटबॉल ट्रॉफी


एसएसजे परिसर में ट्राफी के साथ अंतर संकाय फुटबॉल प्रतियोगिता के विजेता। ● अमृत विचार

- फाइनल में विज्ञान संकाय को 2-1 से हराकर दर्ज की जीत
- सोबन सिंह जीना परिसर की अंतर संकाय फुटबॉल प्रतियोगिता

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** सोबन सिंह जीना परिसर की अंतर संकाय फुटबॉल प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हो गया। हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में कला और विज्ञान संकाय की टीमों के बीच रोमांचक भिड़ंत हुई, जिसमें कला संकाय ने 2-1 से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की।

फाइनल मुकाबले का शुभारंभ परिसर निदेशक प्रो. प्रवीण सिंह बिष्ट और डीएसडब्ल्यू प्रो. शेखर चंद्र जोशी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मैच के दौरान दोनों टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन अंतिम क्षणों में कला संकाय ने बढ़त बनाते हुए जीत हासिल की। विजेता और उपविजेता टीमों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर क्रीड़ा प्रभारी लियाकत अली खान, डॉ. केके खोलिया सहित शिक्षक, कर्मचारी और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# मुक्केबाजी में टनकपुर के प्रियांशु ने जीता पदक

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** असम के गुवाहाटी में 12 से 19 अप्रैल तक आयोजित आठवीं यूथ राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में टनकपुर के खिलाड़ी प्रियांशु वर्मा ने 47-50 किलोग्राम भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल कर जनपद का नाम रोशन किया है।बाक्सिंग प्रशिक्षक ललित मोहन कुंवर ने बताया कि प्रियांशु वर्मा टनकपुर स्टेडियम में नियमित प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्रियांशु ने 2025 में रोहतक (हरियाणा) में आयोजित जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भी रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था।


पदक के साथ प्रियांशु वर्मा।

प्रियांशु की इस उपलब्धि पर जिला बाक्सिंग एसोसिएशन चम्पावत के अध्यक्ष दीपक छतवाल और संरक्षक दीपक शारदा ने उन्हें सम्मानित किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी चंदन सिंह बिष्ट, स्टेडियम प्रभारी मुकेश शर्मा, फुटबाल प्रशिक्षक गौरव खोलिया, सचिव विकास राय, बाक्सिंग प्रशिक्षक सूरज पांडे, रेखा पांडे, नवीन चौहान और योगी चन्द ने प्रियांशु के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं।

# पहलगाम के शहीदों को दी श्रद्धांजलि


टनकपुर में पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों श्रद्धांजलि देते लोग। ● अमृत विचार

- तुलसीराम चौराहे पर शहीदों की याद में जलाए दीपक

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचारः** जम्मू कश्मीर के पहलगाम हमले की पहली बरसी के दौरान आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई। बुधवार की देर शाम टनकपुर के तुलसीराम चौराहे पर पूर्व पालिकाध्यक्ष हर्षवर्धन रावत के नेतृत्व में एकत्रित होकर लोगों ने दीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

हर्षवर्धन रावत ने कहा कि 22 अप्रैल 2025 को हुए इस कायराना हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी गई थी, जिसने पूरे देश को झकझोर दिया था। आज भी देश के लोग इस घटना से आक्रोशित हैं तथा मृतकों के स्वजनों के घाव ताजा हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को जड़ से मिटाकर ही इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सकता है।

इस अवसर पर सभासद शैलेंद्र, नवीन गड़कोटी, सत्यम बजरंगी, अनुराग बजरंगी, अनुज बजरंगी, भरत सक्सेना, संजय चौहान, पप्पू, मोहित सहित कई लोग मौजूद रहे। इस दौरान ही देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया गया।


मुख्य अतिथि का स्वागत करते विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल वह अन्य। ● अमृत विचार

## महिला आरक्षण विधेयक गिरने पर विपक्ष को घेरा

**रानीखेत, अमृत विचार :** महिला आरक्षण विधेयक के सदन में गिरने के बाद सियासी माहौल गरमा गया है। भाजपा नेत्री एवं आवास सलाहकार परिषद की उपाध्यक्ष भावना मेहरा ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष की 'ना' ने करोड़ों महिलाओं के सपनों को कुचल दिया। महिला सशक्तिकरण की बात करने वाला विपक्ष निर्णायक समय में महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ खड़ा हो गया और उनके राजनीतिक भविष्य को नुकसान पहुंचाया। मेहरा ने कहा कि भाजपा हमेशा महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के पक्ष में रही है, लेकिन विपक्ष की नकारात्मक राजनीति के चलते विधेयक गिर गया। उन्होंने इसे महिलाओं के साथ विश्वासघात बताया। विधायक प्रमोद नैनवाल ने कांग्रेस द्वारा बिल के विरोध को निंदनीय बताया। इससे पहले रानीखेत पहुंचीं भावना मेहरा का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया, जहां कई भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

# महिलाओं की हितैषी नहीं कांग्रेस

- नारी शक्ति वंदन बिल पर मेयर ने की प्रेस वार्ता
- विपक्ष पर लगाया विश्वासघात करने का आरोप

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** नारी शक्ति वंदन बिल को लेकर मेयर अजय वर्मा ने गुरुवार को नगर निगम सभागार में प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस ने महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है।

मेयर वर्मा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को उनका अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक संकल्प है।


अल्मोड़ा में नारी शक्ति वंदन बिल को लेकर प्रेस वार्ता करते मेयर। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन विपक्ष बार-बार इन प्रयासों में बाधा बन रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सदन में बिल को गिराकर विपक्ष ने साबित कर दिया है कि वह महिलाओं का हितैषी नहीं, बल्कि विरोधी है। साथ ही कहा कि वर्षों तक तकनीकी बहानों और लंबी प्रक्रियाओं के जरिए महिला आरक्षण को टालने का काम किया गया।

इस दौरान किरन पंत, विनीत बिष्ट, कमला तिवारी, प्रकाश भट्ट, राजीव गुरुरानी, मनीष जोशी और देवेंद्र भट्ट मौजूद रहे।

## सरकार की सदबुद्धि को किया हनुमान चालीसा पाठ

**चम्पावत, अमृत विचार :** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने धरने के 20वें दिन सरकार की सदबुद्धि के लिए धरना स्थल पर हनुमान चालीसा पाठ किया। उन्होंने सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाया। कहा कि कार्यकर्ता 20 दिन से धरना प्रदर्शन कर रही हैं, लेकिन सरकार सुध नहीं ले रही है। ब्लाक अध्यक्ष दीपा पांडेय के नेतृत्व में महिलाओं ने भैरवा टैक्सी स्टेंड में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के बाद सभा की। कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती वे धरना प्रदर्शन जारी रखेंगी। उन्होंने 24 हजार रुपया मासिक मानदेय देने, बायोमैट्रिक से उपस्थिति की अनिवार्यता समाप्त करने, सेवा निवृत होने पर 10 लाख रुपये की एकमुश्त धनराशि देने, विभाग में रिक्त पदों पर जिलेवार पदोन्नति की मांग उठाई। इस दौरान प्रदेश सदस्य विमला पनेरू, लीलावती जोशी ब्लाक सदस्य, उमा त्रिपाठी, शांति गोस्वामी, सुनीता पांडे, शशि प्रभा सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहीं।


धरना स्थल पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने किया हनुमान चालीसा पाठ।

## गरुड़ महाविद्यालय में हुई क्विज प्रतियोगिता

**बागेश्वरः** सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय, गरुड़ में समाजशास्त्र, संस्कृत एवं हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में क्विज़ और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य प्रो. डीएन तिवारी ने पदक देकर सम्मानित किया। अध्यक्षता करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को तर्कशीलता और अभिव्यक्ति कौशल विकसित करने की सीख दी। साथ ही परीक्षाओं के लिए भी मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर डॉ. अवधेश तिवारी, डॉ. रेखा कुमारी, डॉ. लता आर्या, डॉ. श्वेता पंत, डॉ. प्रियंका यादव एवं योग प्राध्यापिका दीपा पंचपाल रहे।

विकास

बजट में आजीविका पर विशेष फोकस, कृषि, पशुपालन व स्वरोजगार को बढ़ावा, सड़क-पेयजल समेत कई योजनाएं शामिल

# चम्पावत में जिला योजना के लिए 76 .91 करोड़ का बजट पारित

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचारः** जनपद चम्पावत में वर्ष 2026-27 के लिए 76.91 करोड़ (7691.40 लाख) की जिला योजना को अंतिम रूप दे दिया गया है। प्रभारी मंत्री भरत सिंह चौधरी की अध्यक्षता में हुई जिला योजना समिति की बैठक में इसे मंजूरी दी गई। इस बार योजना में पारंपरिक निर्माण कार्यों के साथ आजीविका संवर्धन और स्वरोजगार को प्राथमिकता दी गई है।

योजना के तहत कृषि, उद्यान, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन और सहकारिता क्षेत्रों के बजट में बढ़ोतरी की गई है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।



चम्पावत में कलेक्ट्रेट परिसर में पौधारोपण करते मंत्री भरत सिंह चौधरी। ● अमृत विचार

प्रमुख कार्यों में 107 ग्राम पंचायतों में 119 किमी चेन लिंक फेंसिंग, महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए 500 लाख, 171 पशुपालकों को बकरी पालन यूनिट और 1000 लाभार्थियों को कुक्कुट पालन सहायता शामिल हैं। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग द्वारा 10 नई सड़कों, चार पुल-पुलियों का निर्माण और 44 मार्गों के सुधार कार्य प्रस्तावित हैं। 32 नई पेयजल योजनाएं, पर्यटन के लिए 540 लाख और बागवानी विकास हेतु 477.74 लाख का प्रावधान किया गया है। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि योजना को भौतिक, सामाजिक और आजीविका क्षेत्रों में संतुलित रूप से विभाजित किया गया है। बैठक में जनप्रतिनिधियों सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## मंत्री भरत सिंह चौधरी ने किया पौधरोपण

**चम्पावत :** "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत उत्तराखंड सरकार के ग्राम्य विकास, लघु एवं सूक्ष्म, मध्यम उद्यम तथा खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री भरत सिंह चौधरी ने कलेक्ट्रेट परिसर में पौधारोपण किया। उन्होंने यह पौधा अपनी स्वर्गीय माता कश्मीरा देवी की स्मृति में लगाया। इस अवसर पर मंत्री चौधरी ने कहा कि माँ केवल जीवन ही नहीं देतीं, बल्कि हमें संस्कार और प्रकृति से जुड़ने की प्रेरणा भी देती हैं। उन्होंने कहा कि पौधारोपण करना केवल पर्यावरण संरक्षण का कार्य नहीं, बल्कि अपनी जड़ों और संस्कृति से जुड़ने का भावनात्मक प्रयास भी है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अपनी माताओं के नाम पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी नियमित देखभाल भी करें, ताकि पर्यावरण संरक्षण में सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

# रानीखेत में मीडिया सेंटर खोलने की मांग


रानीखेत में मीडिया सेंटर की मांग को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपते पत्रकार।

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचारः** नगर के पत्रकारों ने नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में सीएम के नाम एक ज्ञापन विधायक डॉ. नैनवाल को सौंपा।

इसमें रानीखेत में मीडिया सेंटर खोलने की मांग की गई। इस पर विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल ने सहमति जताते हुए कहा कि मीडिया सेंटर के निर्माण के लिए वह अपनी निधि से धन उपलब्ध कराएंगे। साथ ही जल्द ही संयुक्त मजिस्ट्रेट से वार्ता कर भूमि का चयन किया जाएगा। इस दौरान जिला सचिव संदीप पाठक, कोषाध्यक्ष गोपाल गोस्वामी, नवीन भट्ट, कैलाश अधिकारी सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

# अमृत विचार

शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026






राजनीति सर्वोत्कृष्ट कला है, क्योंकि इसमें अनेक अन्य कलाएं समाहित होती हैं और इसका उद्देश्य मानव कल्याण है।
-अरस्तु, दार्शनिक

## भ्रामक युद्ध विराम

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका द्वारा युद्धविराम को अनिश्चितकाल तक बढ़ाना पहली नजर में शांति का संकेत लगता है, पर गहराई से देखें तो यह एक जटिल सामरिक चाल अधिक प्रतीत होती है। इतिहास गवाह है कि युद्धविराम अक्सर संघर्ष का अंत नहीं, बल्कि रणनीतिक विराम होता है। यह पुनर्संयोजन, दबाव निर्माण और कूटनीतिक संभावनाओं की परख का समय होता है। अमेरिका की मंशा को केवल शांति स्थापना तक सीमित मानना यथार्थवादी नहीं होगा, दरअसल यह कदम तीन स्तरों पर काम करता दिखता है— पहला, सैन्य थकान और संसाधनों के पुनर्गठन की आवश्यकता; दूसरा, अंतर्राष्ट्रीय दबाव को संतुलित करना और तीसरा, ईरान को वार्ता की मेज पर लाने के लिए समय खरीदना।

ईरान का यह दावा कि डोनाल्ड ट्रंप फिलहाल युद्ध जारी रखने की स्थिति में नहीं हैं, इसे पूर्ण सत्य मानना तथ्य उपेक्षा और जल्दबाजी होगी। सवाल अमेरिका की सैन्य क्षमता पर नहीं, बल्कि उसकी राजनीतिक प्राथमिकताओं और घरेलू दबावों पर अधिक हैं। अमेरिका का पाकिस्तान के कहने पर युद्धविराम बढ़ाने का तर्क भी अधिक विश्वसनीय नहीं लगता है। पाकिस्तान इस क्षेत्र में एक कारक अवश्य है, पर निर्णायक नहीं। अमेरिका के फैसले आमतौर पर उसके व्यापक भू-राजनीतिक हितों— विशेषकर ऊर्जा, इसराइल की सुरक्षा और वैश्विक नेतृत्व से संचालित होते हैं। इस संदर्भ में खाड़ी की 'मौजूदा शांति' वास्तव में भ्रामक है। होर्मुज़ जलडमरूमध्य पर बढ़ता नियंत्रण और जहाजों की जब्ती जैसी घटनाएं संकेत देती हैं कि तनाव सतह के नीचे लगातार उबल रहा है। यदि यह जलडमरूमध्य लंबे समय तक बाधित रहता है, तो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ना तय है। 55 करोड़ बैरल तेल का नुकसान और एलएनजी आपूर्ति में दो प्रतिशत की गिरावट केवल आंकड़े नहीं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए चेतावनी हैं। अमेरिका इस दौरान ईरान पर आर्थिक और कूटनीतिक दबाव बनाए रखना चाहता है, जबकि ईरान 'थोपी गई शर्तों' को अस्वीकार कर अपनी संप्रभुता का प्रदर्शन कर रहा है। यह गतिरोध तभी टूटेगा, जब दोनों पक्ष कुछ लचीलापन दिखाएं। यदि अमेरिका ईरान के प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार करता है, तो समाधान की दिशा खुल सकती है, परंतु अनिश्चित युद्धविराम का एक बड़ा खतरा यह है कि यह स्थायी अस्थिरता को जन्म देता है।

यह न तो पूर्ण युद्ध है, न ही वास्तविक शांति, बल्कि एक ऐसी स्थिति है, जहां किसी भी क्षण संघर्ष फिर भड़क सकता है। यही कारण है कि वर्तमान ठहराव भविष्य के अधिक बड़े टकराव का संकेत भी हो सकता है। भारत के लिए यह स्थिति विशेष रूप से संवेदनशील है। ऊर्जा आयात पर निर्भरता और खाड़ी में बड़ी भारतीय आबादी के कारण भारत को संतुलित और व्यावहारिक नीति अपनानी होगी। भारत को एक ओर अपनी ऊर्जा आपूर्ति के वैकल्पिक स्रोत तलाशने होंगे, वहीं दूसरी ओर कूटनीतिक स्तर पर दोनों पक्षों से संवाद भी बनाए रखना होगा। 'रणनीतिक स्वायत्तता' की मौजूदा नीति यहां सबसे उपयुक्त प्रतीत होती है। कुल मिलकर यह अनिश्चित युद्धविराम शांति का संकेत कम और रणनीतिक विराम अधिक है।

### प्रसंगवश

## अदृश्य धागों से बुनी दुनिया

दुनिया को जानने-समझने के कई रास्ते हैं। विज्ञान उसे तथ्यों और नियमों की कसौटी पर परखता है, दर्शन उसे प्रश्नों और विचारों की रोशनी में देखता है, जबकि कला उसे अनुभव और संवेदना के माध्यम से व्यक्त करती है। कई बार कोई छोटा-सा प्रतीक भी जीवन की गहरी सच्चाइयों को उजागर कर देता है। जापान की एक लोककथा ऐसा ही एक प्रतीक सामने रखती है लाल धागे का।

कहा जाता है कि जब कोई बच्चा जन्म लेता है, तो उसकी छोटी उंगली में एक अदृश्य लाल धागा बंध जाता है, जो किसी दूसरे व्यक्ति से जुड़ा होता है। यह धागा दोनों के जीवन को किसी न किसी रूप में एक-दूसरे से जोड़ देता है। लोक विश्वास यह भी कहता है कि यह धागा उस रक्त-नाड़ी का विस्तार है, जो हमारे हृदय से छोटी उंगली तक जाती है। यह लोककथा केवल भाग्य की कल्पना नहीं है; यह मनुष्य के जीवन में संबंधों की अनिवार्यता का रूपक है।



कुमार सिद्धार्थ
वरिष्ठ पत्रकार

मनुष्य का जीवन दरअसल संबंधों से ही निर्मित होता है। हम अपने आप को भले ही स्वतंत्र व्यक्ति मानें, लेकिन हमारी पहचान अनेक रिश्तों, स्मृतियों और अनुभवों से मिलकर बनती है। परिवार, मित्रता, समाज, संस्कृति और साझा इतिहास ये सभी हमारे अस्तित्व को आकार देते हैं। इन संबंधों का एक बड़ा हिस्सा दिखाई नहीं देता, लेकिन उनका प्रभाव जीवन में लगातार बना रहता है। जैसे- किसी जाल के महीन धागे एक-दूसरे में उलझकर पूरी संरचना को थामे रहते हैं, वैसे ही हमारे संबंध भी जीवन की पूरी बुनावट को संभाले रखते हैं।

यदि जीवन को एक रूपक में समझना हो तो वह किसी सीधी रेखा की तरह नहीं, बल्कि धागों से बुनी हुई एक जटिल संरचना की तरह है। हर संबंध एक धागे जैसा है। कभी मजबूत, कभी ढीला, कभी उलझा हुआ और कभी टूट जाने के कगार पर। रिश्तों की यही जटिलता जीवन को अर्थ भी देती है और चुनौती भी। आज के समय में दुनिया पहले से कहीं अधिक जुड़ी हुई दिखाई देती है। तकनीक, संचार और डिजिटल माध्यमों ने दूरियों को लगभग समाप्त कर दिया है। इसके बावजूद मनुष्य के भीतर अकेलेपन की भावना भी उतनी ही तीव्र होती जा रही है।

यह हमारे समय का एक बड़ा विरोधाभास है। बाहरी जुड़ाव बढ़ रहा है, लेकिन भावनात्मक दूरी भी गहरी हो रही है। ऐसे समय में यह विचार कि हम सब अदृश्य धागों से जुड़े हुए हैं, हमें अपने अस्तित्व की एक नई समझ देता है। स्मृतियां भी इन धागों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वे हमारे भीतर अतीत की उपस्थिति बनाए रखती हैं। किसी व्यक्ति से जुड़ी एक छोटी-सी स्मृति भी वर्षों बाद अचानक जीवित हो उठती है और हमें उन क्षणों में वापस ले जाती है, जिन्हें हम बीत चुका समझते हैं। इसी तरह किसी संबंध का टूटना केवल एक व्यक्ति से दूरी नहीं होता, बल्कि हमारे जीवन की बुनावट का एक धागा ढीला पड़ जाना होता है। शायद इसलिए मनुष्य संबंधों के प्रति इतना संवेदनशील होता है।

जीवन की एक और सच्चाई उसकी अनिश्चितता है। हम योजनाएं बनाते हैं, लक्ष्य तय करते हैं, लेकिन जीवन हमेशा सीधी रेखा में नहीं चलता। कभी कोई अनजान व्यक्ति अचानक हमारे जीवन में प्रवेश कर जाता है और हमारी सोच की दिशा बदल देता है। कभी कोई रिश्ता धीरे-धीरे समय की धुंध में खो जाता है। इन सबके बीच जीवन हमें यह सिखाता है कि हर अनुभव चाहे, वह सुख का हो या दुःख का, हमारी आंतरिक यात्रा का हिस्सा है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# ट्रंप की रणनीतिक विफलता और भविष्य के संकेत





विवेक सक्सेना
अयोध्या

अप्रैल 2026 के भू-राजनीतिक परिदृश्य में, डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के साथ घोषित युद्ध विराम ने अमेरिकी विदेश नीति की एक बड़ी विफलता को उजागर किया है। 'पूर्ण जीत' और ईरान की सैन्य शक्ति को 'पूरी तरह से नष्ट' करने के शुरुआती बड़बोले दावों के बाद, यह युद्ध विराम ट्रंप प्रशासन के लिए एक शर्मनाक मोड़ के रूप में देखा जा रहा है। यह संघर्ष न केवल मध्य पूर्व में स्थिरता लाने में विफल रहा, बल्कि इसने अमेरिकी कूटनीति की सीमाओं को भी उजागर किया है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान युद्ध में युद्ध विराम की अवधि बढ़ाने की घोषणा से मध्यस्थों को अमेरिका और ईरान के बीच आमने-सामने की बातचीत का एक नया दौर आयोजित करने के लिए अतिरिक्त समय मिल जाएगा, लेकिन हालात अभी भी तनावपूर्ण हैं। अमेरिका और इज़राइल ने 28 फरवरी को युद्ध शुरू किया, जिसके कारण तेल की कीमतें बढ़ गईं और वैश्विक अर्थव्यवस्था हिल गई। इस युद्ध ने वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को बाधित किया है, जिससे ईंधन की कीमतें बढ़ने और अन्य देशों में भी बिजली संयंत्रों पर हमले का खतरा पैदा हो गया।

ट्रंप ने दावा किया था कि अमेरिका ने ईरान के परमाणु और मिसाइल ढांचे को नष्ट कर दिया है, लेकिन हकीकत यह रही कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपना नियंत्रण बनाए रखा और अमेरिकी धमकियों को नजरअंदाज करते हुए जवाबी हमले जारी रखे। 48 घंटे के अल्टीमेटम के बाद जब युद्ध विराम की घोषणा की गई, तो यह जीत से ज्यादा एक सामरिक वापसी और ईरान के सामने झुकने जैसा प्रतीत हुआ। ईरान ने स्पष्ट किया कि उसने कोई युद्ध विराम नहीं मांगा था, जिससे ट्रंप के दावों की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठे हैं।

इस घोषणा से अस्थायी रूप से लड़ाई फिर से शुरू होने से तो बच गई, लेकिन दोनों पक्षों के बीच व्यापक मतभेद बने हुए हैं। ईरान, इज़राइल और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच मौजूदा युद्ध विराम आठ अप्रैल को शुरू हुआ, जो ट्रंप द्वारा कई बार समय सीमा तय किए जाने के बाद हुआ। ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता का पिछला दौर पाकिस्तान में आयोजित किया गया था। अमेरिकी वार्ता दल का नेतृत्व कर रहे उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद अमेरिका और ईरान के बीच हुई उच्चतम स्तरीय वार्ता में भाग लिया, जो बिना किसी समझौते के समाप्त हुई।

वैंस की पाकिस्तान यात्रा अभी भी स्थगित है और ईरान पर अमेरिका की नाकाबंदी जारी है। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने मौजूदा युद्ध विराम की समय सीमा समाप्त होने से कुछ ही घंटे पहले पाकिस्तान के अनुरोध पर यह कदम उठाया, क्योंकि वह ईरान से 'एकीकृत प्रस्ताव' की प्रतीक्षा कर रहे हैं और अनिर्णय के लिए ईरान के 'गंभीर रूप से विभाजित' नेतृत्व को जिम्मेदार ठहराया। इन सब के बीच दो क्षेत्रीय अधिकारियों ने मंगलवार को एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि अमेरिका और ईरान ने वार्ता के एक नए दौर के आयोजन के संकेत दिए हैं।

पाकिस्तान के नेतृत्व वाले मध्यस्थों को इस बात की पुष्टि मिली है कि शीर्ष वार्ताकार, वैंस और ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर क़लीबाफ़, अपनी-अपनी टीमों का नेतृत्व करेंगे, लेकिन मंगलवार देर रात, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि सम्मेलन में भाग लेने के बारे में कोई 'अंतिम निर्णय' नहीं लिया गया है। प्रवक्ता, इस्माइल बगाई ने सरकारी टीवी को बताया कि निर्णय न ले पाने का कारण अमेरिकियों की ओर से 'विरोधाभासी संदेश' और 'अस्वीकार्य कार्रवाइयां', विशेष रूप से ईरान की अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी है।

यदि पाकिस्तान बैठक आयोजित करने में सफल भी हो जाता है, तो भी होर्मुज जलडमरूमध्य के भविष्य, ईरान के परमाणु कार्यक्रम और नाकाबंदी को लेकर गंभीर चुनौतियां बनी रहेंगी। सप्ताहांत में ईरान ने जलडमरूमध्य में जहाजों को निशाना बनाया। अमेरिका ने भी जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी से बचने की कोशिश कर रहे एक ईरानी जहाज पर हमला किया और उसे अपने कब्जे में ले लिया, जिससे संकेत मिलता है कि स्थिति अभी भी अस्थिर बनी हुई है। ईरान का सारा उच्च संवर्धित यूरेनियम अभी भी देश में ही है, संभवतः उन संवर्धन स्थलों में दबा हुआ है, जिन पर पिछले साल जून में 12 दिनों के युद्ध के दौरान अमेरिका ने बमबारी की थी।

ईरान का कहना है कि उसे शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए ऐसा करने का अधिकार है और वह परमाणु हथियार बनाने की कोशिश से इनकार करता है, जबकि ट्रंप ने इज़राइल के साथ मिलकर ईरान से अपने परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह से समाप्त करने और अपने भंडार को छोड़ने का आह्वान किया है। ईरान ने युद्ध समाप्त करने के अपने 10 सूत्री प्रस्ताव में इसे खारिज कर दिया। इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता होने वाली थी, लेकिन ईरान का प्रतिनिधिमंडल नहीं पहुंचा। अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस की अगुवाई में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को पाकिस्तान रवाना होने वाला था, ऐसा नहीं हुआ।

वहीं युद्ध विराम ख़त्म होने से पहले ही ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर इसकी समय सीमा बढ़ाने की घोषणा की। कहा कि यह फ़ैसला पाकिस्तान के अनुरोध पर लिया गया, 'हमसे कहा गया है कि हम ईरान पर अपना हमला तब तक रोकें, जब तक उसके नेता और प्रतिनिधि एक साझा प्रस्ताव लेकर नहीं आते।'

इसके कुछ घंटे बाद ही, बुधवार को ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने तीन कार्गो जहाज़ों पर हमला कर दो को सीज़ कर लिया। इनमें एक पर ग्रीस का और दूसरे पर पनामा का झंडा लगा था, जबकि तीसरा जहाज़ यूएई की एक कंपनी का है। फारस की खाड़ी का संकरा मुहाना, होर्मुज जलडमरूमध्य, जिससे होकर 20 फीसदी प्राकृतिक गैस और तेल का परिवहन होता है, जलमार्ग में ईरानी हमलों के कारण लगभग बंद है।

> राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के युद्ध विराम की अवधि बढ़ाने की घोषणा से ईरान से आमने-सामने की बातचीत का एक नया दौर आयोजित करने के लिए अतिरिक्त समय मिल जाएगा, लेकिन दोनों के बीच हालात अभी भी तनावपूर्ण हैं।

### आमने



पिछली कांग्रेस सरकार ने इस प्रोजेक्ट में सालों की देरी की थी। प्रधानमंत्री ने ही 2018 में इसे फिर से शुरू किया और इसकी प्रगति को तेज़ किया। जनता उस दौर में रिफाइनरी प्रोजेक्ट में हुए कथित घोटालों और विवादित जमीन सौदों से वाकिफ है। इस प्रोजेक्ट के बारे में सच्चाई लोगों के सामने पहले ही आ चुकी है।
– भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री, राजस्थान

### सामने



रिफाइनरी प्रोजेक्ट में देरी और साइट से जुड़ी हाल की दुर्घटना से ध्यान भटकाने की कोशिशें की जा रही हैं। देरी भाजपा के कार्यकाल के दौरान हुई थी और प्रोजेक्ट का उद्घाटन करने की मौजूदा 'जल्दबाजी' के कारण ही यह घटना हुई। दो दिन बाद भी, दुर्घटना पर आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी नहीं हुआ है। –अशोक गहलोत
पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान

# नेपाल: गृहमंत्री का इस्तीफा व जनता की उम्मीदें



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

नेपाल में दो मंत्रियों के रुखसती को 'बालेन सरकार की उलटी गिनती' की दृष्टि से भले न देखा जाए, लेकिन इस घटना से मात्र 26 दिन पूर्व सत्ता रूढ़ हुई बालेन सरकार के अनुभव और परिपक्वता को लेकर सवाल उठना लाजिमी है। मनी लांड्रिंग और विवादित व्यवसायी दीपक भट्ट से व्यवसायिक साझेदारी, संपत्ति अर्जन जैसे और भी आरोपों के खुलासे के बाद सुडान गुरूंग के खिलाफ विरोध और प्रदर्शन तेज हो गया था। उनके खिलाफ काठमांडू के नकसाल थाने में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग जोर पकड़ रही थी। सुडान गुरूंग ने, हालांकि अपने शोसल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इइस्तीफा न देने की बात कही थी, लेकिन अचानक उन्होंने बुधवार को प्रधानमंत्री बालेन शाह को अपना इइस्तीफा सौंप दिया।

नेपाल में 26 दिन के भीतर यह दूसरे मंत्री का इस्तीफा है। इसके कुछ दिन पूर्व जब श्रम मंत्री दीपक कुमार साह का इस्तीफा हुआ था, तब बालेन शाह की खूब वाहवाही हुई थी। दीपक कुमार साह पर अपनी पत्नी को स्वास्थ्य बोर्ड में सदस्य के पद पर स्थापित करने का आरोप था। दीपक साह धोखाधड़ी के मामले में जेल भी जा चुके हैं। दीपक साह से इस्तीफा लेने पर बालेन सरकार के स्वच्छ छवि के कसीदे पढ़े गए थे, वहीं सुडान गुरूंग के इस्तीफे को एक ऐसे मंत्री का इस्तीफा माना जा रहा है, जिसने सिर्फ ईमानदार होने का मुखौटा लगा रखा था।

सुडान गुरूंग की छवि जेन जी आंदोलन के जरिए ओली सरकार को अपदस्थ करने वाले नायक की उभरी थी। ओली सरकार पर भ्रष्टाचार के अनगिनत आरोप थे। ओली ही क्यों, राजशाही खत्म होने के बाद नेपाल में जितनी भी सरकारें आईं, उन सबसे जनता ऊब चुकी थी। जेन जी आंदोलन में ओली तो सेना के कैंप में भागकर मार-पिटाई से बच गए थे, जबकि लगभग सभी पार्टियों के शीर्ष नेता, पूर्व प्रधानमंत्री, उनकी पत्नियां जेन जी के गुस्से का शिकार हुई थीं। जनता चूंकि उन सभी सरकारों से ऊबी हुई थी, इसलिए ऐसे नेताओं के साथ हुए बर्बर व्यवहार से खुश थी। इस हिंसक आंदोलन में 76 युवाओं की जान गई थी और काठमांडू में महत्वपूर्ण सरकारी इमारतें, माल और हिल्टन जैसे अरबों रुपये के होटल आग के हवाले हो गए थे।

राजनीतिक अफरातफरी के बीच उच्च न्यायालय की पूर्व जज सुशीला कार्की के नेतृत्व में अंतरिम सरकार का गठन हुआ। इस सरकार ने छः महीने के अंदर चुनाव कराकर चुनी हुई सरकार को सत्ता सौंप देने का वादा किया। अंतरिम सरकार के गठन और प्रधानमंत्री के चयन में भी सुडान गुरूंग की भूमिका खास थी। इस पार्टी के अध्यक्ष पूर्व पत्रकार रवि लामी छाने हैं। वे पिछले चुनाव में पूर्वी नेपाल में पहली मर्तबा चुनाव लड़े और बीस सांसदों के साथ नेपाल प्रतिनिधि सभा में धमाकेदार इंट्री की और ओली सरकार में उप प्रधानमंत्री के साथ गृहमंत्री भी बने, लेकिन अमेरिकी नागरिकता विवाद के चलते उन्हें उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप से मंत्री और प्रतिनिधि सभा से इस्तीफा देना पड़ा, हालांकि बाद में इस विवाद के हल हो जाने पर वे फिर जीतकर प्रतिनिधि सभा में लौटे, लेकिन मंत्री अथवा अन्य किसी सरकारी पद से दूर रहे।

बतौर गृह मंत्री रवि लामी छाने की छवि काफी सख्त थी। पहली मर्तबा उन्होंने ब्यूरोक्रेट्स और राजनीतिक भ्रष्टाचार पर प्रहार किया था। रवि लामी छाने के इस तेवर से खुद ओली सरकार हिल गई थी, साथ ही अन्य राजनीतिक दलों के बड़े नेता भी कांप उठे थे, क्योंकि सबके हाथ भ्रष्टाचार में सने हुए हैं, हालांकि रवि लामी छाने स्वयं एक बड़े घोटाले में न्यायालय का सामना कर रहे हैं।

नेपाल की राजनीति में रवि लामी छाने और उनकी पार्टी की छवि अन्य पार्टियों की अपेक्षा स्वच्छ थी। यही वजह रही कि काठमांडू के मेयर रहे, बालेन शाह, हामी नेपाल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के संचालक रहे सुडान गुरूंग और तमाम दूसरे पार्टियों के नेता बड़ी तेजी से इस पार्टी में शामिल हुए। रवि लामी छाने ने बालेन शाह को प्रधानमंत्री का चेहरा तय कर दिया।

जनता चूंकि परिवर्तन के मूड में थी ही, लिहाजा चुनाव हुआ तो पहाड़ से मैदान तक राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को एक तरफा जीत मिली। शपथ ग्रहण के बाद हर रोज सरकार के चकित करने वाले एक से एक फरमान से जनता उत्साहित थी और उसे परिवर्तन की अनुभूति की आश थी। गृहमंत्री पद पर रहते हुए सुडान गुरूंग ने पूर्व पीएम ओली और पूर्व गृहमंत्री रमेश लेखक को गिरफ्तार करने का आदेश देकर सुर्खियां बटोरी तो थी, लेकिन अपनी ही पार्टी के अंदरखाने उनकी आलोचना भी होने लगी थी। उनका अन्य मंत्रालयों में दखल भी मंत्रियों को असहज कर रहा था। गृहमंत्री सुडान गुरूंग के खिलाफ जेन जी के ही एक धड़े ने मोर्चा खोल दिया है। इस घटना से बालेन सरकार का असहज होना स्वाभाविक है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> जनता के आंदोलन और सवालों के बीच नेपाल के गृहमंत्री सुडान गुरूंग ने इस्तीफा दे दिया है। उम्मीदों से भरी जनता के साथ संतुलन बैठाना बालेन सरकार के लिए मुश्किल हो रहा है।

### सोशल फोरम

## चले गए बब्बन खान





अजय ब्रह्मात्मज
फिल्म राइटर

हैदराबाद में आज मातम छाया हुआ है। 'अदरक के पंजे' के क्रिएटर बब्बन ख़ान नहीं रहे। पिछली सदी के आखिरी दशकों में उनके स्टेज शो का ऐसा जलवा था कि गिनीज बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स में भी इसे शामिल किया गया। हैदराबादी ह्यूमर से भरपूर इस शो में एक निम्न मध्यवर्गीय परिवार की हताशा, दुर्दशा और मनोदशा का चित्रण था। परिवार के मुखिया रामुसु अपनी गरीबी और अनियंत्रित परिवार की वजह से लगातार कर्ज में रहते हुए जिंदगी की चिखचिख से परेशान हाल रहे। यह शो छोटा परिवार सुखी परिवार का संदेश देता था।

बब्बन खान ने अपने पिता और परिवार की कहानी काफी मजेदार अंदाज में पेश किया था। आठ भाई-बहनों के परिवार में बब्बन ख़ान अपने मां-बाप की अकेली संतान के रूप में बचे रहे। 10 की उम्र तक तो उनका नाम भी नहीं रखा गया था। मां-बाप ने सोचा था कि जिंदा रहेगा तो नाम रख देंगे।

बब्बन ख़ान ने अपने खस्ताहाल परिवार की यह तंजिया कहानी रात भर में एक लैंप पोस्ट के नीचे बैठकर लिखी। मां का इकलौता गहना बेचकर शो की व्यवस्था की। शो के दो टिकट देकर दर्जी से अपनी शेरवानी सिलवाई। पहला शो नाकाम रहा, लेकिन किसी प्रशंसक ने नेपथ्य में जाकर उन्हें 500 रुपये दिए और कहा कि शो जारी रखना।

धीरे-धीरे यह शो हैदराबाद से देश के अनेक शहरों से होता हुआ, विदेश के शहरों में भी धूम मचाता रहा। 10,000 से अधिक इसके शो हो चुके थे।

स्टैंडअप कॉमेडी के चलन में आने के बहुत पहले बब्बन ख़ान ने घरेलू और पारिवारिक हंसी-मजाक का ऐसा पुलिंदा पेश किया था कि दर्शक हंसते-हंसते बेहाल हो जाते थे।

बब्बन खान की मेधा को सलाम! –फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## गांव के युवाओं में हुनर है, मगर बाजार नहीं

देश के ग्रामीण इलाकों में हुनर की कमी नहीं है, बात अगर बिहार की करें, तो यहां हर गांव एक चलता-फिरता कारीगर विद्यालय लगता है। कहीं मिट्टी को आकार देकर सुंदर बर्तन बनाए जाते हैं, तो कहीं सुई-धागे और रंगों से दीवारों और कपड़ों पर ऐसी कलाकारी की जाती है, जिसे देखकर शहरों की महंगी गैलरियां भी फीकी पड़ जाएं, लेकिन विडंबना यह है कि इतना हुनर होने के बावजूद नौजवानों के लिए रोजगार और बाजार की कमी आज भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। यही कारण है कि या तो वे बेरोजगार हैं या फिर अपने गांव और परिवार को छोड़कर दूसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर हैं। इसका असर केवल परिवारों पर ही नहीं, बल्कि सदियों से चली आ रही पारंपरिक हस्तकलाओं पर भी पड़ रहा है, जो मिटने की कगार पर पहुंच रही हैं।

भारत जैसे विशाल देश में बेरोजगारी की समस्या लंबे समय से चिंता का विषय रही है। हाल के आंकड़ों के अनुसार, आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 में देश की बेरोजगारी दर वर्ष 2023-24 में लगभग 3.2% दर्ज की गई, जबकि युवाओं के बीच बेरोजगारी की दर इससे कहीं अधिक है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच रोजगार के अवसरों में बड़ा अंतर भी देखने को मिलता है, जिससे ग्रामीण युवाओं को अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।



सरिता कुमारी
एक्टिविस्ट

यदि बिहार की बात करें, तो यहां बेरोजगारी का संकट विशेष रूप से युवाओं के बीच गहराता जा रहा है। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, राज्य में बेरोजगारी दर लगभग 11.4% के आसपास बताई गई है, जो कई अन्य राज्यों की तुलना में अधिक है। इसके साथ ही यह भी देखा गया है कि नियमित और स्थायी नौकरियों की भारी कमी है, जिसके कारण बहुत से लोग अस्थायी या अनियमित काम करने को मजबूर हैं। हाल के वर्षों में युवाओं में बेरोजगारी की दर फिर से बढ़कर लगभग 16% तक पहुंचने की खबरें सामने आई हैं, जो इस समस्या की गंभीरता को दर्शाती हैं।

यहां बेरोजगारी की समस्या का सबसे बड़ा कारण रोजगार के सीमित अवसर और कौशल के अनुसार काम का अभाव है। बिहार की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है, जहां लगभग 54% से अधिक लोग कृषि से जुड़े हुए हैं, लेकिन कृषि कार्य मौसमी होने के कारण पूरे वर्ष रोजगार उपलब्ध नहीं रहता। इसके परिणामस्वरूप ग्रामीण युवाओं को वर्ष के कई महीनों में खाली बैठना पड़ता है या फिर उन्हें दूसरे राज्यों जैसे दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और महाराष्ट्र की ओर पलायन करना पड़ता है।

बिहार के उत्तरी भाग, विशेषकर सीतामढ़ी और मिथिला क्षेत्र, अपनी पारंपरिक हस्तकलाओं के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध रहे हैं। मिथिला क्षेत्र की मधुबनी पेंटिंग जहां भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों तक अपनी पहचान बना चुकी है। वहीं सीतामढ़ी और उसके आसपास के क्षेत्र की हस्तकलाएं जैसे सिक्की घास से बनी टोकरियां, बांस से बनी हस्तशिल्प, लकड़ी के खिलौने और मिट्टी के बर्तन जैसी कई पारंपरिक कलाएं भी पीढ़ी दर पीढ़ी अपनी पहचान बनाए हुए हैं।

इन कलाओं में स्थानीय संसाधनों का उपयोग किया जाता है, जिससे पर्यावरण को भी नुकसान नहीं होता, लेकिन आज इन पारंपरिक हस्तकलाओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। बाजार की कमी और उचित मूल्य का अभाव। कई बार कारीगरों को महीनों की मेहनत के बाद भी इतना पैसा नहीं मिलता कि वे अपने परिवार का खर्च आसानी से चला सकें। नई पीढ़ी इन कलाओं से दूरी बनाने लगी है, क्योंकि उन्हें भविष्य सुरक्षित नहीं दिखता।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा* 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।



# ऐसे हुई एसी की खोज

एयर कंडीशनर (AC) का मुख्य कार्य कमरे के तापमान को नियंत्रित करना और वातावरण को आरामदायक बनाना होता है। यह गर्म हवा को बाहर निकालकर ठंडी हवा अंदर पहुंचाता है, जिससे कमरे में ठंडक बनी रहती है। आज के आधुनिक AC सिर्फ ठंडक ही नहीं देते, बल्कि हीटिंग और एयर प्यूरीफिकेशन जैसी सुविधाएं भी प्रदान करते हैं। AC की क्षमता को British Thermal Unit (BTU) में मापा जाता है, जो इसकी कूलिंग क्षमता को दर्शाता है।

एयर कंडीशनर का आविष्कार विलिस हेवलैंड कैरियर ने वर्ष 1902 में किया था। वे कॉर्नेल यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद Buffalo Forge Company के प्रिंटिंग प्लांट में कार्यरत थे। वहां अधिक गर्मी और नमी के कारण अखबार की छपाई में समस्या आ रही थी, विशेषकर रंगीन स्याही सही ढंग से कागज पर नहीं बैठती थी। इस चुनौती को हल करने के लिए कैरियर ने एक ऐसी मशीन विकसित की, जो तापमान और नमी दोनों को नियंत्रित कर सके। उनका यह आविष्कार सफल रहा और प्रिंटिंग प्रक्रिया में सुधार आया।

2 जनवरी 1906 को कैरियर को उनके इस आविष्कार के लिए अमेरिकी पेटेंट (नंबर 808897) प्राप्त हुआ। शुरुआती AC मशीनें आकार में बहुत बड़ी थीं और केवल उद्योगों में ही उपयोग की जा सकती थीं। बाद में तकनीक के विकास के साथ इन्हें छोटे आकार में बनाया जाने लगा।

साल 1915 में कैरियर ने एयर कंडीशनिंग के क्षेत्र में उत्पादन को बढ़ाने के लिए कंपनी स्थापित की। इसके बाद 1931 में H. H. Schultz और J. Q. Sherman ने विंडो AC का आविष्कार किया, जिसे 1932 में बाजार में उतारा गया। उस समय इसकी कीमत काफी अधिक थी, जिससे यह आम लोगों की पहुंच से दूर था। समय के साथ एयर कंडीशनर तकनीक में निरंतर सुधार हुआ है और आज यह हमारे दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है।

## वैज्ञानिक बारे में



विलिस हेवलैंड कैरियर का जन्म 26 नवंबर 1876 को Angola, न्यूयॉर्क में हुआ था। वे बचपन से ही जिज्ञासु और गणित में रुचि रखने वाले थे। उनकी माता ने उन्हें कठिन समस्याओं को सरल तरीकों से समझना सिखाया, जिसका प्रभाव उनके पूरे जीवन पर पड़ा। उन्होंने Cornell University से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। कैरियर का स्वभाव शांत और शोधपरक था। उन्होंने अपना अधिकांश जीवन वैज्ञानिक कार्यों और आविष्कारों को समर्पित किया। 1950 में उनका निधन हुआ, लेकिन उनके योगदान आज भी दुनिया को ठंडक पहुंचा रहे हैं।



# चिंपैंजियों के बीच चल रहा है खूनी गृहयुद्ध

दुनिया के एक हिस्से में एक ऐसी जंग भी हो रही है, जिसमें सीजफायर कराने वाला कोई नहीं है। ये ईरान, इजराइल या अमेरिका के बीच युद्ध नहीं है, बल्कि ये अफ्रीकी देश युगांडा के जंगलों में चल रहा है और इस युद्ध में इंसान नहीं, बल्कि चिंपैंजी लड़ रहे हैं। वैसे तो यह युद्ध पिछले आठ सालों से लगातार चल रहा है, लेकिन अप्रैल 2026 में यह तब प्रकाश में आया जब वैज्ञानिकों ने पश्चिमी यूगांडा (पूर्वी अफ्रीका) के किबाले नेशनल पार्क (नगोगो क्षेत्र) में चिंपैंजी के बीच एक बहुत खूनी 'सिविल वार' (आंतरिक युद्ध) की रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसे मीडिया में 'ब्लडियस वार ऑन रिकार्ड' या 'प्राइमेट सिविल वार' कहा जा रहा है। यहां दुनिया का सबसे बड़ा ज्ञात जंगली चिंपैंजी समूह है, जिसमें लगभग 200 सदस्य। शोधकर्ता इसे 1995 से अध्ययन कर रहे हैं।



डॉ. इरफान ह्यूमन
विज्ञान लेखक



## वैज्ञानिक विश्लेषण

चिंपैंजी यानी वनमानुष, जिसे आम बोलचाल की भाषा में कभी-कभी चिम्प भी कहा जाता है, का वैज्ञानिक नाम पैन ट्रोग्लोडाइट्स है। यह होमिनीडे परिवार का सदस्य है। चिंपैंजी मनुष्यों से कई व्यावहारिक और संज्ञानात्मक लक्षण साझा करते हैं, जैसे हंसी, दुख, सहानुभूति और औजार उपयोग। ये विशेषताएं उन्हें वैज्ञानिक अध्ययन (प्राइमेटोलॉजी) के लिए बहुत महत्वपूर्ण बनाती हैं। इनके सबसे निकटतम रिश्तेदार हैं बोनोबो और मनुष्य। मनुष्यों के साथ डीएनए समानता लगभग 98 .7 प्रतिशत है। दोनों का एक साझा पूर्वज लगभग 6-7 मिलियन वर्ष पहले था। चिंपैंजी औजारों का उपयोग करते हैं, जैसे छड़ियों से दीमक निकालना, पत्थर से नट तोड़ना आदि। जेन गुडॉल ने 1960 में सबसे पहले इसका अवलोकन किया था, जिसमें उन्होंने समस्या समाधान, योजना बनाना, स्मृति, संकेत भाषा सीखना और संख्याओं की समझ का अध्ययन साझा किया। ये शिकार करते हैं, कभी-कभी युद्ध और हिंसा भी दिखाते हैं।

## गृहयुद्ध के कारण

चिंपैंजी के युद्ध का वैज्ञानिकों को सटीक कारण अभी पता नहीं है। चिंपैंजियों के बीच छिड़े इस गृहयुद्ध के पीछे तीन बड़ी वजहें बताई जा रही हैं। पहली है चिंपैंजियों की बढ़ती जनसंख्या। साल 2016 तक किबाले नेशनल पार्क में चिंपैंजियों के गुटों में सदस्यों की संख्या 200 के पार पहुंच गई थी, इतनी आबादी की वजह से खाने के संसाधनों को लेकर तनाव पैदा होने लगा था। दूसरी बड़ी वजह थी 2017 में जंगलों में आया एक वायरस, जिससे बुजुर्ग चिंपैंजियों की बड़ी तादाद में मौत हो गई थी। बुजुर्गों की मौत के बाद बड़े गुटों में कई अल्फा मेल यानी गुट का नेतृत्व करने वाले चिंपैंजी बन गए थे। इसी तीसरे कारण के चलते चिंपैंजियों के गुट ज्यादा क्षेत्र कब्जाने के लिए लड़ने लगे और यह गृहयुद्ध छिड़ गया। बीते दिनों यहां शुरुआत में आपसी टकराव के चलते पच्चीस चिंपैंजियों की मौत हुई थी और इन मौतों के बाद से ये कथित गृहयुद्ध बढ़ता चला गया और ये आज तक जारी है। आपके मन में एक सवाल उठ रहा होगा कि आखिर चिंपैंजी गृहयुद्ध कैसे करते हैं? क्या चिंपैंजी भी कोई रणनीति बनाते हैं? क्या चिंपैंजियों के पास भी इंसानों की तरह हथियार होते हैं? चिंपैंजी और इंसान के डीएनए में अधिकांश समानता होती है। यही वजह है कि जब चिंपैंजी जंग करने उतरता है, तो वो इंसानों की तरह रणनीति भी बनाता है। चिंपैंजी अपने शत्रु की आवाजाही के रास्ते को देखते और समझते हैं। जब शत्रु कम संख्या में अपने पारंपरिक रास्ते से गुजर रहा होता है, तो बड़ा दल बनाकर चिंपैंजी उस पर हमला कर देते हैं, बिल्कुल इंसानों की तरह। खास बात ये है कि हमले के वक्त आक्रामक दल के कुछ चिंपैंजी उन रास्तों को बंद कर देते हैं, जहां से दुश्मन के भागने की संभावना हो, जो एक खूनी संघर्ष को जन्म देता है।



## मानव युद्ध की जड़ों की समझ

चिंपैंजी हमारे सबसे करीबी रिश्तेदार हैं। शोधकर्ता 30$ साल के डेटा से यह अध्ययन साइंस जर्नल में प्रकाशित की। 24 वर्षों के सामाजिक नेटवर्क डेटा से पता चला कि 2015 में दो क्लस्टर के बीच संबंध कमजोर पड़ने लगे। पहले वे एक-दूसरे के साथ घूमते, संभोग करते और संबंध रखते थे। बाद में वे अलग-अलग क्षेत्र में रहने लगे और 2018 तक कोई सकारात्मक संबंध नहीं बचा। "पुराने दोस्त दुश्मन बन गए", यह रिलेशनल डायनेमिक्स (संबंधों की गतिशीलता) का परिणाम माना जाता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि चिंपैंजी में यह हिंसा बिना भाषा, धर्म, जाति या विचारधारा के सिर्फ सामाजिक संबंधों के टूटने से हुई। इससे मानव युद्ध की जड़ें समझने में मदद मिल सकती है, शायद संबंधों की गतिशीलता मानव संघर्ष में भी ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जितना हम सोचते हैं। वैज्ञानिक लगातार निगरानी कर रहे हैं।

## क्या कहते हैं वैज्ञानिक अध्ययन

साइंस जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन में प्राइमेटोलॉजिस्ट आरोन सैंडेल और उनके सहयोगियों ने जंगली चिंपैंजी में देखे गए पहले 'गृह युद्ध' का दस्तावेजीकरण किया है। जून 2015 में सैंडेल युगांडा के किबाले राष्ट्रीय उद्यान में न्गोगो चिंपैंजी समूह के एक छोटे से झुंड का अवलोकन कर रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि जैसे ही चिंपैंजी के बड़े समूह के अन्य सदस्य जंगल में उनके करीब आने लगे, उनके सामने मौजूद चिंपैंजी घबराए हुए व्यवहार करने लगे। वे मुंह बनाने लगे और एक-दूसरे को तसल्ली देने के लिए छूने लगे, ऐसा लग रहा था जैसे वे किसी अजनबी से मिलने वाले हों, जबकि वे सब उनके अपने करीबी साथी थे। सैंडेल ने बाद में कहा कि वह क्षण चिंपैंजी के एक कभी घनिष्ठ समूह के बीच वर्षों तक चलने वाले खूनी संघर्ष का पहला संकेत था।

शोधकर्ताओं ने दुनिया में जंगली चिंपैंजी के सबसे बड़े ज्ञात समूह में स्थायी विभाजन का पता लगाने के लिए चिंपैंजी के इस सुप्रसिद्ध समूह के तीन दशकों से अधिक के व्यवहार संबंधी अवलोकनों का सहारा लिया। दोनों समूहों के मजबूत होने के बाद, पश्चिमी समूह के सदस्यों ने अगले सात वर्षों में केंद्रीय समूह पर चौबीस लगातार और समन्वित हमले किए, जिनमें कम से कम सात वयस्क पुरुषों और सत्रह शिशुओं की मौत हो गई। सैंडेल ने बताया कि अचानक मृत्यु ने संभवतः मोहल्लों के बीच संबंधों को कमजोर कर दिया, जिससे अल्फा परिवर्तन होने पर यह समूह ध्रुवीकरण के प्रति संवेदनशील हो गया। फिर 2017 में एक बीमारी का प्रकोप भी हुआ, जिसने संभवतः विभाजन को अपरिहार्य बना दिया या इसे थोड़ा तेज कर दिया। अध्ययन में बताया गया है कि आनुवंशिक साक्ष्यों के आधार पर, चिंपैंजी के बीच ये गृहयुद्ध संभवतः हर 500 वर्षों में एक बार होते हैं यानी 500 सालों में चिंपैंजियों की आबादी ज्यादा हो जाती है और फिर आपसी तनाव और खून-खराबे का दौर शुरू होता है, लेकिन सैंडेल ने कहा कि कोई भी मानवीय गतिविधि जो सामाजिक एकता को बाधित करती है, जैसे वनों की कटाई, जलवायु संकट या बीमारियों का प्रकोप, ऐसे अंतर-समूह संघर्षों को और अधिक सामान्य बना सकती है।

## मरीन लाइफ

# समुद्री संतुलन के रक्षक



समुद्री देवदूत छोटे, तैरने वाले समुद्री घोंघे होते हैं, जिन्हें वैज्ञानिक रूप से Sea Angel कहा जाता है। उनका पारदर्शी, नाजुक शरीर और पंखों जैसी संरचनाएं उन्हें किसी दिव्य जीव जैसा रूप देती हैं, इसलिए इन्हें 'देवदूत' नाम मिला है। ये जीव मुख्यतः ठंडे और गहरे समुद्री जल में पाए जाते हैं, विशेष रूप से आर्कटिक और अंटार्कटिक क्षेत्रों में। समुद्री देवदूत वास्तव में Gastropods के विकसित रूप हैं। सामान्य घोंघों की तरह इनके पूर्वजों के पास कठोर खोल और रेंगने के लिए मांसल पैर होते थे, लेकिन समय के साथ इनके शरीर में अद्भुत परिवर्तन हुए। उनका पैर विकसित होकर दो पंखनुमा उपांगों में बदल गया, जिनकी मदद से वे पानी में सुंदर ढंग से तैरते हैं। साथ ही, उनका खोल पूरी तरह समाप्त हो गया, जिससे वे अधिक हल्के और तेज तैराक बन सके।

हालांकि उनका रूप बेहद आकर्षक और शांत लगता है, लेकिन उनका व्यवहार एक कुशल शिकारी का होता है। समुद्री देवदूत अपने शिकार को पकड़ने के लिए विशेष संरचनाओं का उपयोग करते हैं। इनके पास Radula नामक दांतेदार जीभ जैसी संरचना होती है, जो शिकार को पकड़ने और चीरने में मदद करती है। इसके अलावा, वे अपने टेंटेकल्स (स्पर्शक) की सहायता से शिकार को जकड़ते हैं और उसे खोल से बाहर खींच लेते हैं। इनका मुख्य शिकार एक विशेष प्रकार का पंखदार घोंघा होता है, जिसे Clione limacina कहा जाता है। यह शिकारी-शिकार संबंध समुद्री पारिस्थितिकी में संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समुद्री देवदूत अत्यधिक चयनात्मक होते हैं और लगभग केवल इसी प्रजाति पर निर्भर रहते हैं।

आज के समय में जलवायु परिवर्तन और Ocean Acidification समुद्री देवदूतों के अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। महासागरों में बढ़ती अम्लता उनके शिकार के खोल को कमजोर कर देती है, जिससे उनका जीवन चक्र प्रभावित होता है। यदि उनके शिकार की संख्या घटती है, तो इसका सीधा असर समुद्री देवदूतों की आबादी पर पड़ेगा। इस प्रकार, समुद्री देवदूत न केवल अपनी सुंदरता के लिए प्रसिद्ध हैं, बल्कि वे समुद्री पारिस्थितिकी के नाजुक संतुलन का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उनका जीवन हमें यह समझाता है कि प्रकृति में सौंदर्य और संघर्ष साथ-साथ चलते हैं।



## वैज्ञानिक फैक्ट

# आखिर क्यों होता है पुरुषों में कलर ब्लाइंडनेस ज्यादा

पुरुषों में कलर ब्लाइंडनेस की संभावना महिलाओं की तुलना में अधिक होती है और इसका मुख्य कारण आनुवंशिकी है। रंगों को पहचानने की क्षमता हमारी आंखों के रेटिना में मौजूद विशेष कोशिकाओं, जिन्हें कोन (cones) कहा जाता है, पर निर्भर करती है। इन कोशिकाओं में मौजूद पिगमेंट प्रकाश की विभिन्न तरंगदैर्घ्य को पहचानते हैं, जिससे हमें लाल, हरा और नीला जैसे रंग दिखाई देते हैं। जब इन पिगमेंट्स में किसी प्रकार की कमी या दोष होता है, तो व्यक्ति को रंगों को पहचानने में कठिनाई होती है। विशेष रूप से, सबसे सामान्य प्रकार का रंगभेद Red-green color blindness है। इसके लिए जिम्मेदार जीन X chromosome पर स्थित होते हैं। महिलाओं के पास दो एक्स क्रोमोसोम (XX) होते हैं, जबकि पुरुषों के पास एक एक्स और एक वाई क्रोमोसोम (XY) होता है। यदि किसी महिला के एक एक्स क्रोमोसोम में कलर ब्लाइंडनेस का दोषपूर्ण जीन हो, तो दूसरा स्वस्थ एक्स क्रोमोसोम उसकी भरपाई कर सकता है। यही कारण है कि महिलाओं में कलर ब्लाइंडनेस अपेक्षाकृत कम पाया जाता है। इसके विपरीत, पुरुषों के पास केवल एक ही एक्स क्रोमोसोम होता है। यदि उस पर कलर ब्लाइंडनेस से संबंधित जीन मौजूद हो, तो उसके प्रभाव को संतुलित करने के लिए कोई दूसरा एक्स क्रोमोसोम नहीं होता। परिणामस्वरूप, पुरुषों में कलर ब्लाइंडनेस होने की संभावना अधिक होती है। यही वजह है कि लगभग हर 12 में से 1 पुरुष इस समस्या से प्रभावित होता है, जबकि महिलाओं में यह अनुपात बहुत कम है। कलर ब्लाइंडनेस के कई प्रकार होते हैं, जैसे Protanopia (लाल रंग को पहचानने में कठिनाई), Deuteranopia (हरे रंग की पहचान में समस्या) और Tritanopia (नीले रंग से संबंधित दुर्लभ समस्या)। अधिकतर मामलों में यह जन्मजात होता है, लेकिन कुछ स्थितियों में उम्र बढ़ने, आंखों की बीमारियों या दवाओं के प्रभाव से भी रंग पहचानने की क्षमता प्रभावित हो सकती है।

हालांकि कलर ब्लाइंडनेस का कोई स्थायी इलाज नहीं है, लेकिन आधुनिक तकनीक ने कुछ सहायक उपाय उपलब्ध कराए हैं। विशेष प्रकार के चश्मे और मोबाइल ऐप्स रंगों के अंतर को बेहतर ढंग से समझने में मदद करते हैं। इस प्रकार, कलर ब्लाइंडनेस केवल एक कमजोरी नहीं, बल्कि आनुवंशिक विविधता का एक उदाहरण है, जो यह दर्शाता है कि मानव शरीर की संरचना कितनी जटिल और रोचक है।

# चिंतनीय है पृथ्वी पर बढ़ता तापमान और सिमटते वन

पृथ्वी केवल एक खगोलीय पिंड नहीं, बल्कि जीवन की वह अद्भुत संरचना है, जिसमें असंख्य तंत्र एक साथ संतुलन में कार्य करते हैं। वायु, जल, मृदा, वनस्पति और जीव-जंतु- ये सभी मिलकर एक ऐसा पारिस्थितिक तंत्र रचते हैं, जो करोड़ों वर्षों की विकास प्रक्रिया का परिणाम है। किंतु वर्तमान समय में यह संतुलन अभूतपूर्व संकट से गुजर रहा है। मानव-जनित कारणों से पृथ्वी का तापमान निरंतर बढ़ रहा है और इसका सीधा प्रभाव वनों तथा वन्यजीवों के अस्तित्व पर पड़ रहा है। प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला पृथ्वी दिवस इस संकट को समझने और उससे उबरने की दिशा में सामूहिक संकल्प का प्रतीक है। जब हम इस विराट सृष्टि के स्वरूप पर विचार करते हैं, तो सबसे पहले जिस तत्व का बोध होता है, वह पृथ्वी है। यही वह धरा है, जिसने अनादि काल से समस्त जीव-जगत को अपने आंचल में स्थान दिया है। यह केवल मिट्टी, जल और पाषाण का समूह नहीं, बल्कि जीवन का आधार, चेतना का केंद्र और अस्तित्व का स्तंभ है।

भारतीय मनीषा ने पृथ्वी को 'माता' कहकर संबोधित किया और मनुष्य को उसका 'पुत्र' माना। यह संबंध केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि गहन वैज्ञानिक और दार्शनिक आधार पर टिका हुआ है। प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला पृथ्वी दिवस हमें इसी संबंध का स्मरण कराता है और यह प्रश्न उठाता है कि क्या हम अपनी माता के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाह कर पा रहे हैं। वैज्ञानिक अध्ययनों से यह स्पष्ट हो चुका है कि औद्योगिक युग के आरंभ से अब तक पृथ्वी के औसत तापमान में लगभग 1 डिग्री से अधिक की वृद्धि हो चुकी है। यह वृद्धि भले ही नगण्य प्रतीत हो, परंतु इसके परिणाम अत्यंत व्यापक हैं। पृथ्वी की ऊष्मा संतुलन प्रणाली, जिसमें सूर्य से प्राप्त ऊर्जा और अंतरिक्ष में उत्सर्जित ऊर्जा का संतुलन शामिल है- अब असंतुलित हो रही है। वायुमंडल में कार्बन युक्त गैसों की मात्रा बढ़ने से यह ऊष्मा पृथ्वी की सतह पर अधिक समय तक बनी रहती है, जिससे तापमान में वृद्धि होती है।



डॉ. जितेंद्र शुक्ला
वन्य जीव विशेषज्ञ

वर्तमान समय में वायुमंडल में कार्बन युक्त गैसों की सांद्रता ऐतिहासिक रूप से उच्च स्तर पर पहुंच चुकी है। यह वृद्धि मुख्यतः जीवाश्म ईंधनों के दहन, वनों की कटाई और औद्योगिक प्रक्रियाओं के कारण हुई है। परिणामस्वरूप, पृथ्वी की सतह, महासागरों और वायुमंडल का तापमान निरंतर बढ़ रहा है। वन इस संतुलन को बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वृक्ष प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के माध्यम से वायुमंडल से कार्बन युक्त गैसों को अवशोषित करते हैं और प्राणवायु का उत्सर्जन करते हैं। तापमान वृद्धि का सीधा प्रभाव वनों की संरचना और उनकी जैव विविधता पर पड़ता है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, तापमान में वृद्धि के कारण अनेक वृक्ष प्रजातियां अपने पारंपरिक आवास क्षेत्रों से विस्थापित हो रही हैं। वे ऊंचाई वाले या ठंडे क्षेत्रों की ओर प्रवास कर रही हैं, जिससे वन पारिस्थितिकी तंत्र में असंतुलन उत्पन्न हो रहा है।



वनाग्नि की घटनाओं में वृद्धि भी तापमान वृद्धि का एक गंभीर परिणाम है। उच्च तापमान, कम आर्द्रता और सूखे की स्थिति वनों को अत्यधिक ज्वलनशील बना देती है। एक बार आग लगने पर यह तेजी से फैलती है और विशाल क्षेत्रों को नष्ट कर देती है। इन आगों के कारण न केवल वृक्षों की हानि होती है, बल्कि वायुमंडल में बड़ी मात्रा में कार्बन युक्त गैसें भी उत्सर्जित होती हैं, जो तापमान वृद्धि को और बढ़ाती हैं। वन्यजीवों पर इसका प्रभाव अत्यंत गंभीर है। प्रत्येक जीव की एक तापीय सीमा होती है, जिसके भीतर वह जीवित रह सकता है। जब तापमान इस सीमा से बाहर जाता है, तो उनके शरीर की जैव-रासायनिक क्रियाएं प्रभावित होती हैं।

जल स्रोतों का सूखना इस संकट को और गहरा करता है। जंगलों में रहने वाले जीव जल के लिए लंबी दूरी तय करने को विवश हो जाते हैं, जिससे उनका जीवन और अधिक संकटग्रस्त हो जाता है। यह स्थिति कई बार मानव और वन्यजीवों के बीच संघर्ष को जन्म देती है, जो दोनों के लिए हानिकारक है। समाधान के स्तर पर हमें बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। सबसे पहले, वनों का संरक्षण और विस्तार आवश्यक है। वृक्षारोपण केवल संख्या बढ़ाने का प्रयास नहीं होना चाहिए, बल्कि यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लगाए गए वृक्ष दीर्घकाल तक जीवित रहें और पारिस्थितिक संतुलन में योगदान दें। इसमें समाज और शासन की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। पर्यावरण संरक्षण के लिए कठोर नियम बनाए जाने चाहिए और उनका पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। शिक्षा के माध्यम से लोगों में जागरूकता फैलाना आवश्यक है, ताकि वे अपने कर्तव्यों को समझ सकें।

## जैव विविधता की स्थिति

वन्यजीव इस तंत्र की दूसरी महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वे बीजों के प्रसार में सहायक होते हैं, जिससे नए वृक्षों का जन्म होता है। वे खाद्य श्रृंखला का हिस्सा होते हैं, जिससे विभिन्न जीवों की संख्या संतुलित रहती है। यदि यह संतुलन बिगड़ता है, तो इसका प्रभाव पूरे पर्यावरण पर पड़ता है।

तापमान वृद्धि के कारण जल स्रोतों का सूखना भी वन्यजीवों के लिए एक बड़ी चुनौती है। वैज्ञानिक अध्ययनों से यह ज्ञात हुआ है कि वैश्विक ताप वृद्धि के साथ-साथ वर्षा के पैटर्न में भी परिवर्तन हो रहा है। इससे अनेक क्षेत्रों में सूखे की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिससे जल स्रोत समाप्त हो रहे हैं। जल के अभाव में वन्यजीवों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उनकी ऊर्जा खपत बढ़ती है और वे अधिक जोखिम में आ जाते हैं।

जैव विविधता के संदर्भ में भी यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि वर्तमान समय में प्रजातियों के विलुप्त होने की दर प्राकृतिक दर से कई गुना अधिक हो गई है। यह संकेत करता है कि हम एक ऐसे कालखंड में प्रवेश कर चुके हैं, जहां व्यापक स्तर पर जैव विविधता का ह्रास हो रहा है।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 77,664 | 24,173.05 |
| गिरावट | 852.49 | 205.05 |
| प्रतिशत में | 1.09 | 0.84 |

सोना 1,56,100 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,50,000 प्रति किलो

अमृत विचार
हल्द्वानी, शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन-** तुलसी 2550, राज श्री 1960, फ़ॉर्चून कि. 2680, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13kg 2360, जय जवान 2095, सचिन 2300, सूरज 2095, अवसर 2065, उजाला 2100, गृहणी 13 kg 2130, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2300, चक्र टिन 2520, ब्लू 2380, आशीर्वाद मस्टर्ड 2420, स्वास्तिक 2505

**किराना-** निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150

**चावल- (प्रति कु0)-** डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400,लाडली 4400

**दाल दलहन-** मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10700-12200, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500,चना काला 7200, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11000-11600, अरहर कोरी छोटी 12600

**चीनी-** पीलीभीत 4320, बहेड़ी 4280, सितारगंज 4260

## हल्द्वानी मंडी

**नोट : दाम प्रति क्विंटल में**

**चावल :** शरबती- 3400 मसूरी- 1000 बासमती- 7000-8200 परमल- 1000-3700

**दाल दलहन-** काला चना- 2000-3400 साबुत चना दाल- 1200 मूंग साबुत- 5200 राजमा- 7400-12200 दाल उड़द- 4600 साबुत मसूर दाल- 2000 मसूर दाल- 1600 उड़द साबुत- 10300 काबुली चना- 5200-10000 अरहर दाल- 10000 -12400 लोबिया/करमानी- 1000-1500

### बीसीसीएल का लाभ गिरा

नई दिल्ली। कोल इंडिया की अनुषंगी भारत कोकिंग कोल लि. (बीसीसीएल) का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 58.9 प्रतिशत की गिरावट के साथ 27.28 करोड़ रुपये रहा।

# प. एशिया में तनाव से शेयर बाजार में गिरावट जारी, सेंसेक्स 852 अंक टूटा

## अमेरिका-ईरान वार्ता रुकने से कच्चा तेल फिर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचा

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 852.49 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 205 अंक नुकसान में रहा। अमेरिकी-ईरान वार्ता रुकने के कारण कच्चा तेल एक बार फिर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने से बाजार में गिरावट आई। कारोबारियों के अनुसार विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के साथ ही एशियाई और यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख ने भी निवेशकों को प्रभावित किया।

तीस शेयर वाला बीएसई सेंसेक्स 852.49 अंक यानी 1.09 प्रतिशत टूटकर 77,664 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 942.31 अंक यानी 1.20 प्रतिशत फिसलकर 77,574.18 पर आ गया था। दूसरी ओर 50 शेयर पर आधारित एनएसई निफ्टी 205.05 अंक यानी 0.84 प्रतिशत गिरकर 24,173.05 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.89 प्रतिशत बढ़कर 103.8 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.39 प्रतिशत और स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.34 प्रतिशत की गिरावट आई। क्षेत्रवार प्रदर्शन देखें तो पीएसयू बैंक में 2.36 प्रतिशत, वाहन में 2.27 %, रियल्टी में 1.91 %, उपभोक्ता विवेकाधीन वस्तुओं में 1.71 %, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में 1.63 और बैंकएक्स में 1.46 प्रतिशत की गिरावट आई। दूसरी ओर स्वास्थ्य देखभाल में 1.66, पूंजीगत वस्तुओं में 0.40, बिजली में 0.40 और औद्योगिकी वस्तुओं में 0.11 % की तेजी रही। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,078.36 करोड़ के शेयर बेचे।

एशिया के बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजार भी नुकसान में थे। अमेरिकी बाजार बुधवार को बढ़त में रहे थे।




### हॉर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान से टूटा भरोसा

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक हरिप्रसाद ने कहा कि भारतीय बाजारों में गिरावट का सिलसिला जारी रहा, निफ्टी में लगातार दूसरे दिन नरमी देखी गई। बाजार का मिजाज जोखिम से बचने का है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान से जुड़ी चिंताओं ने निवेशकों के भरोसे को कमजोर किया है।

### गिरावट वाले शेयर

ट्रेंट, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस और एचडीएफसी बैंक

### ये रहे लाभ में

अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, सन फार्मा, भारती एयरटेल और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स

## पेट्रोल, डीजल की कीमत बढ़ाने की अभी कोई योजना नहीं : तेल मंत्रालय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने विधानसभा चुनाव के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतें 25-28 रुपये प्रति लीटर बढ़ाए जाने का दावा करने वाली खबरों को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया और कहा कि ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि कुछ खबरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत बढ़ने की बात कही जा रही है। स्पष्ट किया जाता है कि सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। यह स्पष्टीकरण कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज की एक रिपोर्ट के बाद आया है जिसमें संकेत दिया गया था कि पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में 29 अप्रैल को मतदान खत्म होने के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी हो सकती है। कोटक ने कच्चे तेल की कीमत करीब 120 डॉलर प्रति बैरल रहने के आधार पर 25-28 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया था। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी खबरें नागरिकों में डर एवं घबराहट पैदा करने के लिए पेश की जा रही हैं और ये भ्रामक व गुमराह करने वाली हैं।

## एक वित्त वर्ष में 7.5% घटा चावल निर्यात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश का चावल निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में 7.5 प्रतिशत घटकर 11.53 अरब डॉलर रह गया। पश्चिम एशिया क्षेत्र के देशों सहित प्रमुख बाजारों को निर्यात में कमी इसकी मुख्य वजह रही। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। वहीं मार्च में निर्यात 15.36 प्रतिशत घटकर 99.75 करोड़ डॉलर रहा।

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध के कारण ईरान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब और ओमान सहित पश्चिम एशिया क्षेत्र के देशों को होने वाले निर्यात पर असर पड़ा है।

## 2,800 करोड़ रुपये से अधिक का करेगी निवेश अमेजन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेजन इंडिया कर्मचारियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं वित्तीय कल्याण उपायों को मजबूत करने और देशभर में अपने संचालन नेटवर्क को बढ़ाने के लिए 2,800 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने की योजना है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि यह नया निवेश कंपनी की 2030 तक भारत में 35 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक निवेश करने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। इसमें कारोबार विस्तार, कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित डिजिटलीकरण, निर्यात वृद्धि और रोजगार सृजन जैसे उपाय शामिल हैं। अमेजन इंडिया एवं ऑस्ट्रेलिया के संचालन उपाध्यक्ष अभिनव सिंह ने कहा कि यह निवेश कंपनी के प्रयासों को और मजबूत करेगा।

ब्रोकरेज कंपनी बर्नस्टीन ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

# बिना सुधारों और नवाचारों के पिछड़ जाएगा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ब्रोकरेज कंपनी बर्नस्टीन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम लिखे एक खुले पत्र में आगाह किया कि यदि भारत संरचनात्मक सुधारों, विशेषकर रोजगार, विनिर्माण एवं नवाचार में तेजी नहीं लाता है तो हाल के आर्थिक लाभ व्यर्थ हो सकते हैं। इसमें कहा गया है कि पिछले छह वर्ष दिखाते हैं कि जब नीतियां समन्वित होती हैं तो भारत क्या कर सकता है। लेकिन साथ ही एक जोखिम भी है..., यह मान लेना कि सफलता आगे भी जारी रहेगी और इस बात को कम आंकना कि कितना काम बाकी है।

बर्नस्टीन ने कहा कि वैश्विक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) रैंकिंग में भारत की बढ़त और सब्सिडी के बजाय बुनियादी ढांचे पर ध्यान ने वृद्धि को आधार दिया है, लेकिन वैश्विक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है जहां आपूर्ति श्रृंखलाएं पुनर्गठित हो रही हैं और प्रौद्योगिकी व्यवधान तेज हो रहा है।

### रोजगार है प्रमुख चिंता

एक प्रमुख चिंता रोजगार है, खासकर तब जब 'जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' (जेन एआई) उस सेवा क्षेत्र के लिए खतरा बन रहा है जिसने दशकों तक भारत के मध्यम वर्ग को आगे बढ़ाया है। बर्नस्टीन ने साथ ही यह भी सवाल उठाया कि क्या विनिर्माण क्षेत्र बड़े पैमाने पर विस्थापित श्रम को समायोजित कर सकता है। पत्र में कहा गया है कि अंततः, कोई देश अपने लोगों को कहां और कैसे तैनात करता है, यही उसके दीर्घकालिक भविष्य को निर्धारित करता है।



### संरचनात्मक बाधाएं

पत्र में कृषि को एक प्रमुख बाधा बताया गया, जहां लगभग 42-45 प्रतिशत कार्यबल केवल 15-16 प्रतिशत जीडीपी में योगदान देता है। कृषि कानूनों की वापसी के बावजूद सुधारों को फिर से शुरू करने, सिंचाई बढ़ाने और सब्सिडी पर निर्भरता घटाने की बात कही गई।

### एआई एवं विनिर्माण में दूरी

बर्नस्टीन ने आगाह किया कि भारत बुनियादी प्रौद्योगिकी विकसित करने के बजाय डेटा सेंटर पर ध्यान केंद्रित करके कृत्रिम मेधा (एआई) में पीछे रह सकता है।

### निर्णायक कार्रवाई जरूरी

बर्नस्टीन ने कहा कि भारत में पूंजी, प्रतिभा या महत्वाकांक्षा की कमी नहीं है। अब आवश्यकता है कि कठिन निर्णयों को टालने के बजाय जल्दी लेने की अधिक स्पष्ट इच्छा दिखाई जाए। कार्रवाई का अवसर अब भी खुला है, लेकिन यह तेजी से कम होता जा रहा है।

## मारुति सुजुकी ने एक साल में बनाईं रिकॉर्ड 23.4 लाख कारें

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 में 23.4 लाख इकाई का अब तक का सर्वाधिक वार्षिक उत्पादन दर्ज किया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि वाहन विनिर्माता संगठन सियाम के आंकड़ों के अनुसार वह 23.4 लाख इकाई का उत्पादन करने वाली भारत की एकमात्र यात्री वाहन विनिर्माता है। मोटर वाहन विनिर्माता ने कहा कि वह सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन की वैश्विक मोटर वाहन विनिर्माण इकाइयों में इस ऐतिहासिक उपलब्धि को हासिल करने वाली एकमात्र कंपनी भी बन गई है। एमएसआईएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेउची ने रिकॉर्ड उत्पादन पर कहा कि दुनिया भर में बहुत कम कंपनियां एक ही देश में इतनी बड़ी मात्रा में उत्पादन करने में सक्षम रही हैं। ताकेउची ने कहा कि सरकार के माल एवं सेवा कर (जीएसटी) मे कटौती का फैसला लागू करने से बाजार के विश्वास को बल मिला।



आकलन

रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक ने जारी की 'द वेल्थ रिपोर्ट 2026'

# भारत में तेजी से बढ़ रहे अरबपति, पांच साल में हो जाएंगे 313

**नयी दिल्ली,एजेंसी**

देश में प्रौद्योगिकी, औद्योगिक क्षेत्रों और पूंजी बाजारों में संपत्ति सृजन से 2031 तक अत्यधिक नेटवर्थ वाले व्यक्तियों की संख्या 25,217 और अरबपतियों की 313 होने का अनुमान है।

अत्यधिक नेटवर्थ वाले व्यक्ति (यूएचएनडब्ल्यूआई) वे होते हैं जिनकी कुल संपत्ति तीन करोड़ डॉलर या उससे अधिक होती है। वर्तमान में भारत में ऐसे व्यक्तियों की संख्या 19,877 है। जबकि अरबपतियों की संख्या 207 हैं। रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक ने अपनी 'द वेल्थ रिपोर्ट 2026' बृहस्पतिवार को जारी की।



इसमें कहा गया कि वैश्विक अनिश्चितताओं, बढ़ती ब्याज दरों की चिंताओं और असमान आर्थिक प्रदर्शन के बावजूद वैश्विक संपत्ति सृजन में 'तेजी से वृद्धि' हुई है। नाइट फ्रैंक के अनुसार, भारत में यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या 19,877 से बढ़कर 2031 तक 25,217 होने का अनुमान है, जो वैश्विक संपत्ति परिदृश्य में उसकी बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। साथ ही प्रौद्योगिकी, औद्योगिक क्षेत्रों और पूंजी बाजारों में असाधारण संपत्ति सृजन को भी रेखांकित करता है।

भारत में यूएचएनडब्ल्यूआई की कुल संख्या में मुंबई की हिस्सेदारी 35.4 प्रतिशत है। भारत अब दुनिया में यूएचएनडब्ल्यूआई की छठी सबसे बड़ी आबादी वाला देश है। वैश्विक स्तर पर यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या 2021 के 5,51,435 से बढ़कर 7,13,626 हो गई है।

- रिपोर्ट के अनुसार 2031 तक 25,217 हो जाएंगे तीन करोड़ डॉलर की नेटवर्थ वाले लोग

नाइट फ्रैंक के अनुसार, देश में पिछले पांच वर्ष में अरबपतियों की संख्या 58 प्रतिशत बढ़कर 2026 में 207 हो गई है जिससे यह अमेरिका (914) और चीन (485) के बाद तीसरे स्थान पर आ गया है। देश में अरबपतियों की संख्या 2026 की शुरुआत के 207 से बढ़कर 2031 तक 51 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 313 होने का अनुमान है।

नाइट फ्रैंक इंडिया के अंतरराष्ट्रीय साझेदार, चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा कि भारत में धनवानों की संख्या का बढ़ना उसकी आर्थिक विकास को दर्शाता है। अधिक उद्यमशील अर्थव्यवस्था बनते हुए मजबूत पूंजी भंडार, अधिक विकसित वित्तीय बाजारों और वैश्विक स्तर पर जुड़े संस्थापकों एवं निवेशकों के बढ़ते समूह के साथ आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण, सूचीबद्ध शेयर बाजार, निजी पूंजी और पारिवारिक स्वामित्व वाले व्यवसाय सभी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



बारी की कतार...



पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान पर गुरुवार को मुर्शिदाबाद में बहरमपुर कष्णनाथ कॉलेज में मतदान के लिए कतार में खड़े मतदाता की सहायता करता सुरक्षा कर्मी। ● अमृत विचार

## बंगाल चुनाव के पहले चरण में हुआ भारी मतदान तृणमूल कांग्रेस के जीत की स्थिति में होने का संकेत : ममता

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि विधानसभा चुनाव के पहले चरण में हुए भारी मतदान से संकेत मिलता है कि तृणमूल कांग्रेस अभी से ही जीत की स्थिति में है। कोलकाता के बो बाजार इलाके में आयोजित रैली में ममता ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद वह सभी विपक्षी दलों को साथ लेकर दिल्ली (केंद्र की सत्ता) पर विजय हासिल करेंगी। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत 152 सीटों पर मतदान जारी है। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, शाम पांच बजे तक राज्य में 89.93 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि हम जीत की स्थिति में हैं। मुझे किसी पद में कोई दिलचस्पी नहीं है। मुझे कुर्सी नहीं चाहिए। मैं सिर्फ दिल्ली में भाजपा सरकार का अंत चाहती हूं।

# चार मई तृणमूल की समाप्ति तिथि, बंगाल में भारी मतदान से सत्ता परिवर्तन के संकेत: मोदी

**मथुरापुर (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि चार मई को मतगणना वाला दिन बंगाल में 'टीएमसी की 15 साल पुरानी सिंडिकेट प्रणाली और महाजंगल राज' की समाप्ति का दिन होगा। मोदी ने दक्षिण 24 परगना जिले के मथुरापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले काकद्वीप स्टेडियम में एक सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि राज्य में भारी मतदान से संकेत मिलता है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के भय का शासन भाजपा के भरोसे के वादे से निश्चित रूप से पराजित हो रहा है।

मोदी ने कहा कि बंगाल में एक भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जहाँ रिश्वत के बिना काम होता हो, जहाँ टीएमसी के सिंडिकेट और उनके बिचौलिए कमीशन न लेते हों। 15 साल पुरानी सिंडिकेट प्रणाली और टीएमसी का 'महाजंगल राज' चार मई को समाप्त हो रहा है। ममता बनर्जी सरकार को झूठे वादे करने और लोगों को धोखा देने के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए प्रधानमंत्री ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा किए गए 'टूटे वादों' की सूची गिनाई। मोदी ने कहा कि मुख्य भूमि को सागर द्वीप से जोड़ने वाले पुल का निर्माण, जहां गंगासागर मेला आयोजित होता है, अभी तक शुरू नहीं हुआ है, और लोगों को अभी तक नौकाओं पर निर्भर रहना पड़ता है। बाढ़ नियंत्रण हेतु घाटाल मास्टर प्लान भी शुरू ही नहीं हो पाया है।



पश्चिम बंगाल के हावड़ा में रोडशो में जनता का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

### ...फिर कोई घुसपैठ नहीं कर पाएगा : अमित शाह

बालागढ़। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि भाजपा के विधानसभा चुनाव जीतने के बाद पश्चिम बंगाल में एक भी घुसपैठिये को घुसने नहीं दिया जाएगा और पहले से मौजूद अवैध प्रवासियों को चुन-चुन कर बाहर निकाला जाएगा। हुगली जिले के बालागढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि राज्य में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा सरकार बनेगी।

## बंगाल चुनाव: समानांतर 'रणनीति कक्ष' का संचालन कर रहे थे ममता-अभिषेक और शाह

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा की 152 सीटों पर बृहस्पतिवार को पहले चरण का मतदान हुआ। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और भाजपा नेता अमित शाह ने क्रमशः कालीघाट और साल्ट लेक से अपने अपने दलों के 'रणनीति कक्ष' का संचालन किया। इस महत्वपूर्ण चुनावी मुकाबले में वास्तविक समय में मतदान और बूथ स्तर की गतिविधियों पर पल- पल नजर रखी। बनर्जी के साथ उनके भतीजे और पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी थे, जबकि शाह के साथ केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता थे।

राज्य में बृहस्पतिवार को विधानसभा चुनाव के पहले चरण में तेजी से मतदान हुआ, जिसमें शाम छह बजे तक करोड़ मतदाताओं में से रिकॉर्ड तोड़ 91.64 प्रतिशत अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके थे। इस दौरान छिटपुट हिंसा, धमकियों और भाजपा उम्मीदवारों पर हमलों के कुछ मामले भी सामने आए। सुबह से ही, सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस का राजनीतिक केंद्र कालीघाट एक तरह से कमांड सेंटर बन गया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी मतदान के रुझानों, जिले से मिली जानकारी और किसी भी तरह की गड़बड़ी के संकेतों पर कड़ी नजर रख रहे थे। स्थानीय सूत्रों के व्यापक नेटवर्क से सुसज्जित तृणमूल नेतृत्व न केवल निगरानी कर रहा था, बल्कि जिले के नेताओं को, विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में, निर्देश भी जारी कर रहा था। अगर कालीघाट तृणमूल कांग्रेस का पारंपरिक केंद्र था, तो भाजपा के सॉल्ट लेक कार्यालय में भी एक समानांतर कमान संरचना बनायी गयी थी।

बंगाल की चुनावी लड़ाई पर केंद्रीय नेतृत्व की मजबूत पकड़ को रेखांकित करते हुए मतदान शुरू होने के कुछ ही समय बाद, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यहां सॉल्ट लेक स्थित भाजपा के 'रणनीति कक्ष' का दौरा किया। चुनाव प्रचार की बारीकी से निगरानी कर रहे शाह ने जमीनी स्थिति का आकलन करने के लिए वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ बंद कमरे में बैठक की। यह दौरा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उनकी आधिकारिक यात्रा का हिस्सा नहीं था और उत्तरी बंगाल के कई निर्वाचन क्षेत्रों और दक्षिणी बंगाल के कुछ हिस्सों में मतदान शुरू होने के कुछ ही घंटों बाद हुआ था। सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय मंत्री ने मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने मतदान प्रतिशत और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की रिपोर्ट के संबंध में पार्टी पदाधिकारियों और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से प्राप्त प्रतिक्रियाओं की भी समीक्षा की।

## तमिलनाडु में द्रमुक सत्ता में बनी रहेगी: सांसद दयानिधि मारन

**चेन्नई, एजेंसी।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता दयानिधि मारन ने बृहस्पतिवार को विश्वास व्यक्त किया कि सत्तारूढ़ पार्टी तमिलनाडु में लगातार दूसरी बार सत्ता में आएगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने चेन्नई में मतदान करने के बाद कहा कि द्रमुक सत्ता में बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि सिर्फ मैं ही नहीं बल्कि पूरे तमिलनाडु के लोग चाहते हैं कि द्रमुक फिर से सत्ता में आए। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ। यहां सत्तारूढ़ द्रमुक और मुख्य विपक्षी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) सत्ता के प्रमुख दावेदार हैं, जबकि अभिनेता विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) और तमिल राष्ट्रवादी सीमान नीत एनटीके भी मुकाबले में है।



वोट के बाद निशान दिखाते सीएम स्टालिन।

## चेन्नई: द्रमुक के विरोध में भाजपा ने दिया धरना

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में बृहस्पतिवार को भाजपा के कार्यकर्ताओं ने द्रमुक के कुछ सदस्यों पर मतदाताओं को प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए मयलापुर निर्वाचन क्षेत्र में एक मतदान केंद्र के सामने धरना प्रदर्शन दिया। राज्य की 234 विधानसभा सीटों पर मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही मयलापुर से भाजपा की उम्मीदवार और पूर्व राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौंदरराजन मौके पर पहुंचीं। आरोप लगाया कि द्रमुक के कुछ सदस्यों ने पार्टी के चुनाव चिन्ह 'उगते सूरज' का खुलेआम प्रदर्शन किया और मतदान के लिए कतार में खड़े मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास किया।



मतदान के बाद निशान दिखाते अभिनेता कमल हासन, श्रुति हासन।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति दुतेर्ते पर चलेगा मुकदमा

**द हेग।** अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते पर मानवता के विरुद्ध अपराधों के आरोप में मुकदमा चलाया जाएगा। आरोप है कि दुतेर्ते के कार्यकाल के दौरान मादक पदार्थ-रोधी अभियानों में कार्रवाई के नाम पर अत्याचार किए गए। तीन न्यायाधीशों की पीठ ने सर्वसम्मति से पाया कि यह मानने के लिए पर्याप्त आधार हैं कि पहले दक्षिणी फिलीपींस के दवाओ शहर के महापौर के रूप में और फिर राष्ट्रपति पद पर रहते हुए दुतेर्ते दर्जनों हत्याओं के लिए जिम्मेदार थे। दुतेर्ते (80) को पिछले साल फिलीपींस में गिरफ्तार किया गया था और उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंताओं के कारण अदालती कार्यवाही में देरी हुई है।

### नेपाल: राष्ट्रपति पौडेल ने बुलाए बिना संसद सत्र स्थगित किया

**काठमांडू।** नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने संसद के दोनों सदनों का सत्र बिना बुलाए ही बृहस्पतिवार को स्थगित कर दिया। पौडेल ने 21 अप्रैल को मंत्रिमंडल की सिफारिश पर 30 अप्रैल को संसद का सत्र बुलाया था। राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता रितेश कुमार शाक्य ने बताया कि नेपाल सरकार और मंत्रिमंडल की सिफारिश पर राष्ट्रपति ने प्रतिनिधि सभा और राष्ट्रीय सभा के सत्र को स्थगित करने के लिए विशेष कारणों का हवाला दिया। संसद सत्र को आहूत किये बिना स्थगित करने के फैसले को लेकर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। संसद के सबसे वरिष्ठ सदस्य और नेपाली कांग्रेस के नेता अर्जुन नरसिंह केसी ने कहा कि संसद सत्र को बुलाए बिना ही स्थगित करने का सरकार का निर्णय अभूतपूर्व और हतप्रभ करने वाला है।

### अवैध बर्खास्तगी पर 45 लाख रुपये का मुआवजे के आदेश

**जयपुर।** राजस्थान में जयपुर में श्रम न्यायालय ने रेलवे स्टेशन रोड स्थित पांच सितारा होटल राजपूताना शेरेटन से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। न्यायाधीश दिनेश कुमार गुप्ता ने दो कर्मचारियों की सेवा समाप्ति को अवैध करार देते हुए होटल प्रबंधन को एकमुश्त 45 लाख रुपये मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। हालांकि अदालत ने कर्मचारियों को पुन: नौकरी पर बहाल करने के बजाय आर्थिक क्षतिपूर्ति को उचित माना। ये दोनों मामले विद्याधर नगर निवासी शैलेन्द्र कुमार और बनीपार्क निवासी अजय बहादुर द्वारा दायर किए गए थे। दोनों श्रमिकों की ओर से एडवोकेट कुणाल रावत ने पैरवी की।

# होर्मुज से बारूदी सुरंगों को हटाने में लग सकता है छह महीने का समय : पेंटागन

## वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति लंबे समय तक बाधित रहने की आशंका उच्चस्तर तक पहुंची

**वाशिंगटन, एजेंसी**

पेंटागन ने अमेरिकी सांसदों को चेतावनी दी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में बारूदी सुरंगों को हटाने में छह महीने तक का समय लग सकता है। इस चेतावनी के बाद वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में लंबे समय तक व्यवधान की संभावना सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई है। हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी के सदस्यों को दी गई एक गोपनीय ब्रीफिंग से परिचित अधिकारियों के अनुसार इस समयसीमा से फरवरी के अंत में युद्ध की शुरुआत के बाद से ईरान की ओर से तैनात की गई बारूदी सुरंगों को हटाने की जटिलता का पता चलता है।

सांसदों को बताया गया कि तेहरान ने जलडमरूमध्य में और उसके आसपास कम से कम 20 सुरंगें बिछाई होंगी, जिनमें से कुछ जीपीएस सक्षम प्रणालियों से लैस हैं जो उन्हें बहने या दूर से स्थित किए जाने की अनुमति देती हैं। इस कारण उनका पता लगाना और उन्हें हटाना कहीं अधिक कठिन हो जाता है। इस सप्ताह की शुरुआत में हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी के सदस्यों के लिए एक गोपनीय ब्रीफिंग में साझा किए गए पेंटागन के आकलन के अनुसार युद्ध समाप्त होने के बाद ही इस तरह की कोई कार्रवाई शुरू होने की संभावना है। होर्मुज जलडमरूमध्य, समुद्री ऊर्जा आपूर्ति के सबसे महत्वपूर्ण मार्गों में से एक है जहां से आमतौर पर विश्व की तेल आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है, जो अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कुल ऊर्जा आपूर्ति का 20 प्रतिशत है। इस मार्ग के बंद होने से ऊर्जा बाजारों में पहले ही हलचल मच गई है, जलडमरूमध्य में टैंकरों का आवागमन पहले की तुलना में काफी कम हो गया है, जबकि तेल और गैस की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं।

### फिर गलत साबित हुआ ट्रंप का दावा

इस ब्रीफिंग ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया दावों का पुरजोर खंडन किया कि ईरान ने पहले ही उस क्षेत्र से बारूदी सुरंगें हटाना शुरू कर दिया है। इसके विपरीत, पेंटागन के आंतरिक आकलन से पता चलता है कि यह प्रक्रिया कहीं अधिक लंबी और तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण है, जिससे रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों दलों के सांसद नाराज हैं। मौजूदा व्यवधानों के अनिश्चितकालीन विस्तार से आने वाले महीनों में तेल और गैस की कीमतें ऊंची बनी रह सकती हैं, जिसका असर मुद्रास्फीति और घरेलू ईंधन लागत पर भी पड़ेगा। पिछले सप्ताह होर्मुज को कुछ समय के लिए फिर से खोला गया था, लेकिन ईरान द्वारा वाशिंगटन पर नौसैनिक नाकाबंदी जारी रखकर प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन करने का आरोप लगाने के बाद इसे तुरंत फिर बंद कर दिया गया।



मिनाब के बच्चे अब भी चित्र बनाते हैं... शीर्षक पर नई दिल्ली में ईरानी दूतावास की आयोजित की प्रदर्शनी।

### ईरान ने होर्मुज से पहली बार वसूला टोल

**तेहरान।** ईरानी संसद के उप अध्यक्ष हामिद रेजा हाजी बाबाई ने कहा कि देश के केंद्रीय बैंक को नवगठित होर्मुज टोल प्रणाली से अपना पहला राजस्व प्राप्त हुआ है। पिछले महीने ईरानी संसद के सुरक्षा आयोग ने रणनीतिक जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों पर परिवहन शुल्क लगाने की योजना को मंजूरी दी थी। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसे दुनिया के लिए खतरनाक बताया था।

### बर्लिन में रजा पहलवी पर फेंका लाल रंग

**बर्लिन।** ईरान के निर्वासित युवराज रजा पहलवी पर बृहस्पतिवार को बर्लिन की एक इमारत से बाहर निकलते समय लाल रंग का तरल पदार्थ फेंका गया। यह घटना जर्मनी के संघीय प्रेस कॉन्फ्रेंस भवन के बाहर तब हुई जब पहलवी संवाददाता सम्मेलन करके बाहर निकल रहे थे।

### सेंटकॉम ने 31 जहाजों को वापस लौटाया

**वाशिंगटन।** ईरान के खिलाफ अपनी समुद्री घेराबंदी को और सख्त करते हुए अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने गुरुवार को पुष्टि की कि उसने ईरान के विरुद्ध अमेरिकी घेराबंदी के हिस्से के रूप में 31 जहाजों को बंदरगाह पर लौटने का निर्देश दिया है। इन जहाजों में अधिकांश तेल टैंकर बताए जा रहे हैं।

### ट्रंप ने होर्मुज में बारूदी सुरंगे बिछा रही नावें नष्ट करने का दिया आदेश

**दुबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सुबह सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में अमेरिकी सेना को होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध करने वाली छोटी ईरानी नावों को नष्ट करने का आदेश दिया। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से बारूदी सुरंगों को हटाने के प्रयास तेज कर रही है। उन्होंने पोस्ट किया, 'मैंने अमेरिकी नौसेना को आदेश दिया है कि होर्मुज के पानी में बारूदी सुरंगें बिछाने वाली किसी भी नाव, चाहे वह छोटी ही क्यों न हो, उसे गोली मारकर नष्ट कर दिया जाए। उन्होंने लिखा, हमारे बारूदी सुरंग हटाने वाले यंत्र इस समय जलडमरूमध्य को साफ कर रहे हैं। मैं यह कार्य तीन गुना अधिक रफ्तार से जारी रखने का आदेश देता हूं।

# ईरान युद्ध अमेरिका की सेना पर भारी अब नौसेना प्रमुख ने दिया त्यागपत्र

**वाशिंगटन, एजेंसी**



• रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से थे मतभेद, होर्मुज की नाकेबंदी की चुनौती के बीच पद छोड़ा

ईरान युद्ध के बीच अमेरिका के एक और वरिष्ठ सैन्य अफसर ने त्यागपत्र दे दिया है। ताजा इस्तीफा अमेरिकी नौसेना प्रमुख जॉन सी फेलन का है जिनके बारे में अमेरिका के युद्ध विभाग ने बयान जारी किया है कि वह तत्काल प्रभाव से पद छोड़ रहे हैं। इसके बाद उप प्रमुख हंग काओ नौसेना के कार्यवाहक प्रमुख के रूप में सेवा देंगे।

फेलन की विदाई कई लोगों के लिए आश्चर्यजनक रही। उनके संबंध युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ के साथ ठीक नहीं थे, हालांकि बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनके संबंध अच्छे थे। एक सूत्र ने कहा, फेलन यह नहीं समझ पाए कि वह सर्वोच्च अधिकारी नहीं थे। उनका काम दिए गए आदेशों का पालन करना था, न कि उन आदेशों का पालन करना जो उनके अनुसार दिए जाने चाहिए। फेलन ने मंगलवार को नौसेना के भविष्य और गोल्डन फ्लीट पहल सहित इसके प्रमुख निवेशों पर चर्चा करने के लिए संवाददाताओं से बात की थी।

फेलन का त्यागपत्र उस महत्वपूर्ण मोड़ पर आया है, जब अमेरिकी नौसेना ने 13 अप्रैल को होर्मुज जलडमरूमध्य के दोनों ओर ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश करने और बाहर निकलने वाले सभी समुद्री यातायात की घेराबंदी शुरू कर दी है। दुनिया के तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और तरल प्राकृतिक गैस की आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है।

### संकट: अमेरिका की सेना में एक के बाद एक इस्तीफे

ईरान युद्ध शुरू होने के बाद सबसे चर्चित और बड़ा इस्तीफा नेशनल काउंटर टेररिज्म सेंटर के निदेशक जो केंट का था जिन्होंने यह कहते हुए त्यागतपत्र दिया था कि ट्रंप ने इजराइल के दबाव में ईरान पर हमला किया है और वह इस युद्ध का अंतरात्मा से समर्थन नहीं कर सकते। डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस को इसलिए हटाया गया था क्योंकि उनकी रिपोर्ट ने राष्ट्रपति के दावों के विपरीत बताया था कि अमेरिकी हमलों से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को केवल कुछ महीनों का नुकसान हुआ है। अब सेना प्रमुख जनरल रैंडी जॉर्ज को भी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के निर्देश पर पद छोड़ने के लिए कह दिया गया था। जॉन फेलन को हटाए जाने को भी ईरान युद्ध की रणनीतियों से जोड़कर देखा जा रहा है।

## अमेरिकी नौसेना ने किया ईरान से जुड़े एक और तेल टैंकर को जब्त कर अपने कब्जे में लेने का दावा

**दुबई।** अमेरिकी सेना ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उसने ईरान से जुड़ा एक और तेल टैंकर जब्त किया है, जिसका इस्तेमाल ईरानी तेल की तस्करी के लिए किया जा रहा था। अमेरिकी रक्षा विभाग ने कहा कि उसने हिंद महासागर में तेल टैंकर मैजेस्टिक एक्स को जब्त किया है। यह घटना ईरान द्वारा बुधवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन मालवाहक जहाजों पर हमला करने और उनमें से दो को अपने कब्जे में लेने के बाद हुई है। रक्षा विभाग ने तेल टैंकर को जब्त करने का फुटेज जारी किया, जिसमें जहाज पर अमेरिकी सैनिक दिखाई दे रहे हैं।

# लुफ्थांसा एयरलाइन ने रद्द कीं 20,000 उड़ानें

## ईंधन संकट की मार, सहायक कंपनी सिटीलाइन को भी किया बंद

**लास वेगास, एजेंसी**

लुफ्थांसा एयरलाइंस और अन्य यूरोपीय एयरलाइन का मालिकाना हक रखने वाली जर्मन कंपनी ने मंगलवार को ईरान युद्ध के कारण तेल की कीमतों में वृद्धि और कुछ देशों में विमान ईंधन की कमी की चिंताएं गहराने के मद्देनजर अक्टूबर तक छोटी दूरी की 20,000 उड़ानों में कटौती करने की घोषणा की। लुफ्थांसा समूह के मुताबिक कम मुनाफे वाले मार्गों की उड़ानों को रद्द करने से लगभग 40,000 मीट्रिक टन विमान ईंधन के बराबर बचत होगी।



• कम मुनाफे वाली इन उड़ानों को रद्द करने से होगी 40,000 हजार मीट्रिक टन ईंधन की बचत

कंपनी ने पिछले सप्ताह लागत कम करने के लिए अपनी एक क्षेत्रीय सहायक कंपनी सिटीलाइन को बंद कर दिया। कंपनी ने कहा कि उसने योजनाबद्ध तरीके से कई केंद्रों का एकीकरण किया है जिसमें लुफ्थांसा एयरलाइन, ऑस्ट्रियन एयरलाइन, ब्रसेल्स एयरलाइन, स्विस और आईटीए एयरवेज के साथ-साथ ब्रसेल्स, रोम, वियना और ज्यूरिख में स्थित केंद्र भी शामिल होंगे। फरवरी के अंत में जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमले किए तब से कुछ बाजारों में विमान ईंधन की कीमत दोगुनी से भी अधिक हो गई है। यात्रियों पर इसका असर पहले से दिख रहा है जो कुछ मार्गों पर उड़ान विकल्पों में कमी और गर्मियों के मौसम में बढ़ते शुल्क तथा किराए में वृद्धि के रूप में देखा जा सकता है, वहीं कई एयरलाइन बैग जांच के शुल्क में वृद्धि कर रही हैं या ईंधन अधिभार जोड़ रही हैं।

ईरान युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास जारी लड़ाई ने दुनिया भर में ईंधन की कीमतों और आपूर्ति को बाधित कर दिया है। लुफ्थांसा ने कहा कि उसने आने वाले हफ्तों के लिए पर्याप्त जेट ईंधन सुरक्षित कर लिया है और गर्मियों के दौरान अपनी ईंधन आपूर्ति को स्थिर रखने के लिए विभिन्न उपायों पर काम कर रही है जिसमें जेट ईंधन की भौतिक खरीद भी शामिल है।लुफ्थांसा एयरलाइन परिचालन में कटौती करने वाली अकेली एयरलाइन नहीं है।

## अमेरिका के हार मान लेने तक बातचीत नहीं : हाजी बाबाई

**तेहरान।** ईरान के सांसद हामिद रजा हाजी बाबाई ने कहा है कि जब तक अमेरिका अपनी हार स्वीकार नहीं करता, तब तक उससे किसी भी प्रकार की वार्ता संभव नहीं है।

ईरानी संसद के उपाध्यक्ष हाजी बाबाई ने क्षेत्रीय देशों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे ईरान के खिलाफ किसी हमले में सहयोग न करें। जो देश आतंकी गतिविधियों को सुविधाएं देंगे, उनके हवाई अड्डों, होटलों और यहां तक कि नेतृत्व को भी निशाना बनाया जा सकता है। ये बयान ऐसे समय आए हैं, जब ईरान पर इजराइल व अमेरिकी हमलों के बावजूद उसकी सैन्य क्षमता बरकरार बताई जा रही है।

## नोटबंदी में जब्त दो लाख रुपये मूल्य के नोट बदले रिजर्व बैंक : हाईकोर्ट

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने भारतीय रिजर्व बैंक को नोटबंदी के दौरान एक व्यक्ति से जब्त किए गए दो लाख रुपये मूल्य के 500 रुपये के नोट बदलने के निर्देश दिए हैं, जिन्हें उसे नोट बदलने के लिए निर्धारित अवधि के बाद लौटाया गया था।

न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी-फाल्के और न्यायमूर्ति निवेदिता मेहता की पीठ ने आदेश में कहा कि व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि पुलिस ने उसके पास मौजूद नोट चलन से बाहर किए गए नोटों को बदलने की अंतिम तिथि से पहले ही जब्त कर लिए थे और ये नोट उस अवधि के खत्म होने तक पुलिस के कब्जे में थे। पीठ ने गिरीश मलानी की याचिका को स्वीकार करते हुए आरबीआई को नोटबंदी के दौरान उससे जब्त किए गए दो लाख रुपये मूल्य के 500 रुपये के नोटों को बदलने के निर्देश दिए। मलानी ने अपनी याचिका में कहा था कि वह एक दिसंबर 2016 को 500 रुपये के 400 नोटों के साथ माहुर की ओर जा रहा था, तभी नगरपालिका चुनावों के मद्देनजर पुलिस गश्ती दल ने उसके वाहन को रोका और एहतियात के तौर पर दो लाख रुपये नकद जब्त कर माहुर थाने में जमा करा दिए।

# भारत की विदेश नीति में अफ्रीका अहम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि आज भारत की विदेश नीति में अफ्रीका का अहम स्थान है और नई दिल्ली का अफ्रीका के साथ संबंध समानता, परस्पर सम्मान और साझा प्रगति के सिद्धांतों पर आधारित एक स्पष्ट दृष्टिकोण से निर्देशित है।

जयशंकर ने आगामी 'भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन-4' के लोगो, थीम और वेबसाइट के अनावरण के अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए कहा, हम यहां भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन ढांचे के माध्यम से भारत और अफ्रीका के बीच स्थायी साझेदारी में एक नया अध्याय शुरू करने के लिए एकत्रित हुए हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत-अफ्रीका संबंध हमारे सभ्यतागत संबंधों पर आधारित हैं, जो सदियों से सांस्कृतिक आदान-प्रदान और लोगों के बीच संबंध के माध्यम से विकसित हुए हैं। उन्होंने कहा, उपनिवेशवाद के खिलाफ संघर्ष में भारत ने अफ्रीकी देशों के प्रति एकजुटता दिखाई थी और इससे हमारे संबंध और मजबूत हुए।




• भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन के लोगो के अनावरण पर हुई सभा में बोले जयशंकर

विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम की कहानी अफ्रीका से भी गहराई से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा, संघर्ष, एकजुटता, लचीलेपन और आकांक्षाओं का हमारा साझा इतिहास हमारी साझेदारी को आकार देता है। जयशंकर ने कहा कि आज अफ्रीका भारत की विदेश नीति में अहम स्थान रखता है। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि विकसित भारत 2047 की परिकल्पना और अफ्रीका का ''एजेंडा 2063'' सतत विकास और समावेशी विकास के माध्यम से समृद्धि और प्रगति की दिशा में पूरक रोडमैप हैं। जयशंकर ने यह भी कहा कि कई उच्च स्तरीय वार्ताओं के साथ भारत और अफ्रीका के बीच प्रमुख स्तंभों पर संबंध मजबूत हुए हैं, और भारत वैश्विक व्यवस्था में अफ्रीका के उचित स्थान का समर्थन कर रहा है।

मंत्री ने कहा कि इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम 2023 में भारत की जी20 की अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ को समूह में शामिल करना था। उन्होंने कहा, यह हमारे इस दृढ़ विश्वास को दर्शाता है कि आने वाले समय में वैश्विक शासन को दिशा देने में ग्लोबल साउथ की आवाजों का विशेष महत्व होगा।

## दो पाकिस्तानी चीनी स्पेस स्टेशन जाने वाले पहले विदेशी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ़ ने चीन के अंतरिक्ष मिशन के लिए चयनित पाकिस्तानी अंतरिक्ष यात्रियों खुर्रम दाऊद और मोहम्मद जीशान अली से गुरुवार को मुलाकात कर उनके प्रयासों की सराहना की। इस दौरान पाकिस्तान की अंतरिक्ष एजेंसी सुपारको की अंतरिक्ष यात्री आताशी हस्नान इफ्तिखार भी उपस्थित थीं।

• दोनों से मिले शरीफ, कहा- यह मिशन पाकिस्तान की उपलब्धि

शरीफ ने अंतरिक्ष यात्रियों से कहा कि उनसे मिलना उनके लिए गर्व का विषय है और यह मिशन पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगा। शरीफ ने चीनी राजदूत के साथ बातचीत में कहा कि अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में पाकिस्तान और चीन की मित्रता नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, चीन के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए विदेशी अंतरिक्ष यात्रियों के पहले समूह के चयन में पाकिस्तान के दो उम्मीदवारों का चयन किया गया है। दोनों चयनित उम्मीदवार प्रशिक्षण के लिए शीघ्र ही चीन जाएंगे और आवश्यक प्रशिक्षण तथा मूल्यांकन पूरा करने के बाद उनमें से एक को अंतरिक्ष मिशन में भेजा जाएगा।

## पाकिस्तानी विमानों पर भारत के हवाई क्षेत्र में प्रतिबंध बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत ने अपने हवाई क्षेत्र में पाकिस्तानी विमानों पर लगाए गए प्रतिबंध को मंगलवार को 24 मई तक के लिए बढ़ा दिया। प्रतिबंध में इस नए विस्तार के साथ पाकिस्तान के विमानों के लिए भारतीय हवाई क्षेत्र बंद रहने की अवधि एक वर्ष से अधिक हो जाएगी। यह फैसला 22 अप्रैल 2025 को हुए पहलगाम आतंकी हमले के कुछ दिनों बाद पहली बार लागू किया गया था।

## भ्रष्टाचार में शहबाज की बेटी-दामाद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट पर रोक

**लाहौर।** पाकिस्तान की एक अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की बेटी और दामाद के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट को निलंबित कर दिया है। अदालत के एक अधिकारी ने कहा कि लाहौर की जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश राणा आरिफ ने बुधवार को 'पंजाब साफ पानी कंपनी' से संबंधित भ्रष्टाचार मामले में राबिया इमरान और उनके पति इमरान अली यूसुफ के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट निलंबित कर दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को निष्पक्ष और न्यायसंगत सुनवाई का अधिकार है। अदालत ने 2022 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान के कार्यकाल के दौरान उनकी गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किए थे।

## ईयू ने यूक्रेन के लिए 106 अरब डॉलर का ऋण मंजूर किया

**ब्रसेल्स।** हंगरी द्वारा अपना वीटो वापस लेने के बाद, यूरोपीय संघ ने यूक्रेन को दो वर्षों के लिए आर्थिक और सैन्य जरूरतों को पूरा करने में मदद के वास्ते 106 अरब अमेरिकी डॉलर के ऋण पैकेज को मंजूरी दे दी।

ईयू ने यूक्रेन पर रूस के युद्ध को लेकर उसके खिलाफ नए प्रतिबंधों को भी मंजूरी दे दी है। इन उपायों को साल की शुरुआत में तैयार किया गया था और संघर्ष का चौथा साल पूरा होने पर फरवरी में इनकी घोषणा की जानी थी, लेकिन हंगरी और स्लोवाकिया ने इस कदम का विरोध किया।

**कूटनीति** | पहलगाम हमले की बरसी पर भारतीय दूतावास की ओर से आयोजित प्रदर्शनी में अमेरिकी सांसदों ने की मांग

# जैश और लश्कर-ए-तैयबा पर कार्रवाई करे पाकिस्तान

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी सांसदों ने आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक एकजुटता का आह्वान करते हुए पाकिस्तान से लश्कर-ए-तैयबा और जैश जैसे आतंकी संगठनों पर कठोर नकेल कसने की अपील की है। वाशिंगटन डीसी स्थित कैपिटल हिल में भारतीय दूतावास की ओर से आयोजित प्रदर्शनी 'आतंकवाद की मानवीय कीमत' के दौरान सांसदों ने पहलगाम हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

पहलगाम हमले की पहली बरसी के अवसर पर आयोजित इस विशेष प्रदर्शनी में अमेरिकी कांग्रेस के 19 सदस्य और 60 से अधिक कांग्रेसी कार्यालयों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कांग्रेस के सदस्य ब्रैड शेरमन ने पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते हुए कहा, पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को लश्कर-ए-तैयबा का ही हिस्सा माना जाता है, जिसे पाकिस्तान में पनाह मिली हुई है। हमें पाकिस्तान सरकार से यह स्पष्ट मांग करनी चाहिए कि वह लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद जैसे समूहों को पूरी तरह खत्म करे। हाउस रिपब्लिकन कॉन्फ्रेंस की अध्यक्ष लिसा मैकक्लेन और सांसद रिचर्ड मैककॉर्मिक ने भी इस खतरे को साझा दुश्मन बताया।



भारतीय दूतावास की ओर से आयोजित प्रदर्शनी में पहुंचे अमेरिकी सांसद।

### भारत पर बड़े आतंकी हमलों को किया प्रदर्शित

डिजिटल और इंटरैक्टिव डिस्प्ले के माध्यम से इस प्रदर्शनी में 1993 के मुंबई बम धमाकों से लेकर 2008 के मुंबई हमलों और पिछले साल हुए पहलगाम हमले के विनाशकारी परिणामों को दिखाया गया। यह आयोजन उन परिवारों और समुदायों को समर्पित था जिन्होंने आतंकी हिंसा में अपने प्रियजनों को खोया है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन



**मेष** — आज भौतिक सुविधाओं का आनंद उठाएंगे। सहयोगी आपके काम में हस्तक्षेप कर सकते हैं। घर में धार्मिक गतिविधियां हो सकती हैं।



**तुला** — आज मेहनत करेंगे, तो परिणाम भी अच्छा मिलेगा। काम को लेकर जिम्मेदारी बढ़ सकती है। खुद को साबित करने का मौका मिलेगा।



**वृष** — आज किसी जरूरी सूचना या व्यक्ति से जुड़कर काम आगे बढ़ सकता है। छोटी कोशिश भी अच्छा परिणाम दे सकती है।



**वृश्चिक** — आज आपका नजरिया पॉजिटिव रहेगा। आप हर स्थिति में रास्ता निकाल लेंगे। कुछ नया सीखने या समझने का मौका मिल सकता है।



**मिथुन** — आज खर्च को लेकर सजग रहने की जरूरत है। सोच-समझकर लिया गया फैसला आगे लाभ देगा। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं।



**धनु** — आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। किसी बात को लेकर असहज महसूस हो सकता है। धैर्य बनाए रखें।



**कर्क** — आज आपको सफलता मिलेगी। अपनी क्षमताओं का कुशल प्रयोग करेंगे। जिम्मेदारियों का आसानी से निर्वहन कर पाएंगे।



**मकर** — आज साझेदारी पर ध्यान देना जरूरी रहेगा। संतुलन बनाए रखें। पारिवारिक मामलों को शांतिपूर्ण तरीके से निपटा लें।



**सिंह** — आज थोड़ा शांत रहकर स्थिति को समझना बेहतर रहेगा। हर बात में तुरंत प्रतिक्रिया देने की जरूरत नहीं है। चीजें आपके पक्ष में होंगी।



**कुंभ** — आज सही प्राथमिकता तय करेंगे, तो दिन आपके पक्ष में रहेगा। काम का दबाव बढ़ सकता है। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है।



**कन्या** — आज किसी के साथ मिलकर किया गया काम सफल होगा। योजनाओं को आगे बढ़ाने का अच्छा समय है। संपर्कों से लाभ मिलने के संकेत हैं।



**मीन** — आज का दिन सकारात्मक रहेगा। आपको अपने मन के अनुसार काम करने का मौका मिलेगा। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 24 अप्रैल, शुक्रवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, अष्टमी 19.21 तक तत्पश्चात नवमी।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- ग्रीष्म।

**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।

**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**-पुष्य 20.14 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

### सुडोकू - 128 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 6 | 5 | 3 | 2 |
| 2 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 4 | 7 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 3 | 9 | 7 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 |
| 5 | 2 | 8 | 1 | 6 | 3 | 9 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 | 2 | 6 | 3 |

### सुडोकू -129

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | 1 | | |
| 4 | | 7 | | | | | | |
| 9 | | | | | 5 | 8 | | |
| | | | | | 9 | | 7 | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | 3 | | | | | | | |
| | | 2 | 1 | | | | | 3 |
| | | | | | 7 | 6 | | 4 |
| 5 | | | | 3 | | | | |



"मशहूर नहीं हुआ हूं, मैं वैसा ही बने रहने की कोशिश कर रहा हूं जैसा मैं पहले था। मुझे नहीं लगता कि मैं बदल गया हूं। मुझे अभी भी बहुत कुछ करना है क्योंकि यह तो बस शुरुआत है। इसलिए मैं चीजों को जितना हो सके उतना आसान रखता हूं।
–प्रफुल हिंगे, तेज गेंदबाज, सनराइजर्स


# स्टेडियम

हल्द्वानी, शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
बनाम
गुजरात टाइटंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

# संजू की शतकीय पारी से चेन्नई ने मुंबई को दिया 208 रनों का लक्ष्य

## आईपीएल-2026 : सैमसन का आईपीएल में है पांचवां शतक, अन्य बल्लेबाज रहे फ्लॉप



संजू सैमसन

मुंबई, एजेंसी

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन (नाबाद 101) के सत्र के दूसरे शतक की मदद से बृहस्पतिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ छह विकेट पर 207 रन का स्कोर खड़ा किया। सैमसन ने आईपीएल में अपने पांचवें शतक के लिए 54 गेंद खेलीं जिसमें 10 चौके और छह छक्के जडे. थे। खराब शॉट चयन और एकाग्रता की कमी के कारण सैमसन के साथी खिलाड़ी दूसरे छोर पर आउट होते रहे, लेकिन इस भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ने संयम से खेलते हुए वानखेड़े स्टेडियम में एक और यादगार पारी खेली।

सीएसके की टीम एक समय बड़े स्कोर की ओर बढ़ती दिख रही थी लेकिन टीम बीच के ओवरों में लड़खड़ा गई। सैमसन के अलावा टीम का कोई भी बल्लेबाज अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल सका। मुंबई इंडियंस के लिए जसप्रीत बुमराह (31 रन देकर एक विकेट) ने पहले ओवर में कसी हुई गेंदबाजी की, लेकिन सैमसन ने एक चौका जड़ दिया। इसके बाद उन्होंने हार्दिक पांड्या (38 रन देकर कोई विकेट पर) की गेंद को अपने पैड्स से फ्लिक करते हुए एक छक्का भी लगाया। सीएसके की शुरुआत शानदार रही। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (22) और सैमसन ने पावरप्ले के दौरान हार्दिक के पहले दो ओवरों में 19-19 रन बटोरे। दो विकेट गिरने के बावजूद मेहमान टीम 73 रन बनाकर मजबूत स्थिति में थी। लग रहा था कि गायकवाड़ फॉर्म में वापसी कर रहे हैं।

उन्होंने हार्दिक की गेंद पर ऑन-साइड में एक जोरदार शॉट लगाकर शुरुआत की और फिर एक छक्का जड़ा जिससे दूसरे ओवर में कुल 19 रन बने। तीसरे ओवर में गायकवाड़ ने ए एम गजनफर (25 रन देकर दो विकेट) के खिलाफ शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन तिलक वर्मा ने उनका एक शानदार कैच लपक लिया। सीएसके टीम में मौजूद मुंबई के खिलाड़ियों सरफराज खान (14) और शिवम दुबे (05) के लिए यह 'घर वापसी' बिल्कुल भी सुखद नहीं रही। सरफराज के ऑन-साइड में दो चौके लगाने के बावजूद मिचेल सैंटनर ने अगली गेंद विकेटों की लाइन में ही फेंकी।

सरफराज ने अपना 'ट्रेडमार्क' स्वीप शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद सीधे उनके विकेटों से जा टकराई। नौवें ओवर में गजनफर की गेंद चौथे नंबर पर उतरे भारत के ऑलराउंडर दुबे के बल्ले के अंदरूनी किनारे से टकराकर सीधे विकेटों में जा लगी।

डेवाल्ड ब्रेविस ने 11 गेंद में 21 रन बनाने के लिए कुछ शॉट लगाए लेकिन अश्विनी कुमार (37 रन देकर दो विकेट) की एक बेहतरीन शॉर्ट गेंद पर आउट हो गए। पर सैमसन ने सतर्कता और आक्रामकता का सही तालमेल बिठाते हुए रन जुटाना जारी रखा।

**चेन्नई सुपर किंग्स**

**207/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन नाबाद | 101 |
| रुतुराज गायकवाड़ का तिलक बो गजनफर | 22 |
| सरफराज खान बो सैंटनर | 14 |
| शिवम दुबे का गजनफर | 05 |
| डेवाल्ड ब्रेविस का बुमराह बो अश्विनी | 21 |
| कार्तिक शर्मा का सैंटनर बो बुमराह | 18 |
| जेमी ओवरटन का धीर बो अश्विनी | 15 |
| अकील हुसैन नाबाद | 02 |

**अतिरिक्त** : 09, **विकेट पतन** : 1-32, 2-72, 3-91, 4-122, 5-165, 6-181
**गेंदबाजी** : बुमराह 4-0-31-1, हार्दिक 2-0-38-0, गजनफर 4-0-25-2, सैंटनर 4-0-44-1, अश्विनी 4-0-37-2, कृष भगत 2-0-31-0

### सीएसके ने म्हात्रे की जगह आकाश मधवाल को किया शामिल

**चेन्नई।** आयुष म्हात्रे के चोट के कारण आईपीएल-2026 के बचे हुए सत्र से बाहर होने के कारण चेन्नई सुपर किंग्स ने बृहस्पतिवार को उनकी जगह आकाश मधवाल को टीम में शामिल किया। भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान म्हात्रे ने सीएसके के लिए इस सत्र में शानदार शुरुआत की थी, उन्होंने छह मैच में दो अर्धशतक बनाए लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान उन्हें बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी।

**ऑरेंज कैप**



- अभिषेक शर्मा हैदराबाद-323 रन
- हेनरिच क्लासेन हैदाराबाद -320
- संजू सैमसन चेन्नई -293 रन

**पर्पल कैप**



- प्रिंस यादव गुजरात - 13 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई - 13 विकेट
- इशान मलिंगा हैदाबाद- 12 विकेट

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 6 | 5 | 0 | 1 | 11 | 1.420 |
| 2. | राजस्थान रॉयल्स | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | 0.790 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 1.171 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 0 | 8 | 0.820 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | -0.130 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | -0.821 |
| 7. | मुंबई इंडियंस | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | 0.067 |
| 8. | चेन्नई सुपर किंग्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -0.780 |
| 9. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -1.277 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | -0.879 |

### क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मिचेल स्टार्क को आईपीएल में खेलने के लिए दी हरी झंडी



**सिडनी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मिचेल स्टार्क को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने की अनुमति दे दी है और उम्मीद है कि यह तेज गेंदबाज दिल्ली कैपिटल्स के एक मई को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मैच के लिए उपलब्ध रहेगा। कोहनी और कंधे में चोट के कारण बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क जनवरी से कोई मैच नहीं खेल पाए हैं। उन्होंने एशेज के पांचों टेस्ट मैचों में अहम भूमिका निभाई। उन्हें इस सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। इसके बाद उन्होंने सिडनी सिक्सर्स के लिए बिग बैश लीग के पांच मैच भी खेले थे। क्रिकेट डॉट कॉम एयू के अनुसार उम्मीद है कि स्टार्क भारत में अब कड़ा अभ्यास करेंगे। वह दिल्ली के राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक मई को होने वाले मैच में खेलने की राह पर हैं, जो उनका आईपीएल के वर्तमान सत्र में अपना पहला मैच होगा। इस 36 वर्षीय खिलाड़ी की आईपीएल के शुरुआती चरण में अनुपस्थिति ने विदेशी खिलाड़ियों की प्रतिबद्धता पर बहस छेड़ दी थी, जिसके चलते स्टार्क को सोशल मीडिया पर स्पष्टीकरण भी देना पड़ा था। उन्होंने इसे बेहद गलत जानकारी करार दिया था। स्टार्क ने पिछले सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से 11 मैचों में 14 विकेट लिए थे। दिल्ली अभी छह मैचों में तीन जीत और तीन हार के साथ अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है।

**हाईलाइट**

### वर्ल्ड कप राइफल में प्राची गायकवाड़ ने जीता स्वर्ण पदक

**काहिरा।** प्राची गायकवाड़ ने गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने मिस्र के काहिरा में चल रहे इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन इवेंट में जूनियर महिलाओं की 50मी राइफल 3 पोजीशन्स (3पी) स्पर्धा में जीत हासिल की। फाइनल में उन्होंने 354 .6 का स्कोर किया और इंडिविजुअल न्यूट्रल एथलीट (एआईएन ) डार्या चुप्रिस को हराया, जिन्होंने 354 .4 का स्कोर किया था। एक और एआईएन शूटर, एलेना क्रेटिनिना ने 343 .3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता; वह 35-शॉट के फाइनल में 34वें शॉट के बाद बाहर हो गईं। नारायण प्रणव ने भी जूनियर पुरुषों की 10मी एयर राइफल स्पर्धा में फाइनल में 229 .5 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। यह इस प्रतियोगिता में भारत का दूसरा गोल्ड मेडल था। पदक तालिका में फिर से टॉप पर पहुंच गया है।

### भारतीय पुरुषों की निगाह थॉमस कप में खिताब पर

**होर्सेंस (डेनमार्क)।** आयुष शेट्टी के हाल में शानदार प्रदर्शन तथा अनुभवी खिलाड़ियों के दम पर भारतीय पुरुष टीम शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले बीडब्ल्यूएफ थॉमस कप फाइनल्स में फिर से खिताब जीतने के लिए कोर्ट पर उतरेगी, जबकि उबर कप में महिला टीम अपनी क्षमता से बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी। भारत थामस कप में शुक्रवार को कनाडा के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। इसके बाद वह सोमवार (27 अप्रैल) को ऑस्ट्रेलिया और बुधवार (29 अप्रैल) को चीन के खिलाफ खेलेगा। भारत ने चार साल पहले थॉमस कप का खिताब अपने नाम करके अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की थी।

### नाइट राइडर्स का मैदान ओलंपिक में क्रिकेट की मेजबानी करेगा

**लॉस एंजलिस।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) संजोग गुप्ता ने कहा कि 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में क्रिकेट प्रतियोगिता लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स के घरेलू मैदान पर आयोजित की जाएगी, जिसका गुरुवार को शिलान्यास किया गया। गुप्ता ने कहा दुनिया का दूसरा सबसे लोकप्रिय खेल इतने लंबे समय से ओलंपिक मंच से गायब रहा। जब अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने लॉस एंजिलिस 2028 खेलों में क्रिकेट को शामिल करने की औपचारिक मंजूरी दी। इससे इस बात का पता चलता है कि ओलंपिक में उन खेलों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए जिन्हें अरबों लोग पसंद करते हैं।

# दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 9 विकेट से रौंद शृंखला में बनाई अजेय बढ़त

जोहानिसबर्ग, एजेंसी


कप्तान लॉरा वोल्वार्ट (दाएं)।

- कप्तान लॉरा वोल्वार्ट ने खेली शतकीय पारी

कप्तान लॉरा वोल्वार्ट (53 गेंदों में 115 रन) की आतिशी शतकीय पारी और पहले विकेट के लिए सुने लुस (42 गेंदों में नाबाद 64 रन) के साथ 92 गेंदों में 183 रन की साझेदारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने भारत को तीसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर पांच मैचों की सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली।

भारत ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (66) और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (64) के अर्धशतकों तथा दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 42 गेंदों में 73 रन की साझेदारी की बदौलत चार विकेट पर 192 रन बनाए थे, लेकिन वोल्वार्ट की ताबड़तोड़ पारी ने इस बड़े स्कोर को भी बौना साबित कर दिया। दक्षिण अफ्रीका ने 16.3 ओवर में एक विकेट पर 193 रन बनाकर भारत के खिलाफ अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। शानदार फॉर्म में चल रही वोल्वार्ट ने पहले दो मैचों में 51 और 54 रन बनाए थे। यह महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट इतिहास में लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने क्रमशः 2023 और 2018 में ऑस्ट्रेलिया और भारत के खिलाफ 212 और 198 रन के लक्ष्य हासिल किए थे।

### टी-20 विश्व कप से पहले कमजोरियां हुईं उजागर : हरमनप्रीत

भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनकी टीम ने सही समय पर खराब प्रदर्शन किया क्योंकि इससे टीम प्रबंधन को कमजोरियों को दूर करने और जून में होने वाले टी20 विश्व कप में 'मजबूत वापसी' करने के लिए पर्याप्त समय मिल गया है। भारतीय महिला टीम को अक्टूबर 2024 में हुए टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद पहली बार किसी टी20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला में हार का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका ने तीसरा मैच नौ क्रिकेट से जीतकर पांच मैच की शृंखला में 3-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली। पिछले टी20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने के बाद भारतीय टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया तथा वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शृंखलाएं जीती।

# बल्लेबाजी पर फोकस करेंगे बेंगलुरु-गुजरात

बेंगलुरु, एजेंसी


अभ्यास सत्र के दौरान विराट कोहली। एजेंसी

- घरेलू मैदान का पूरा फायदा उठाना चाहेगा बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस की टीम शुक्रवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में आमने-सामने होगी तो उनका लक्ष्य बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। चिन्नास्वामी की थोड़ी चिपचिपी पिच पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में आरसीबी के बल्लेबाज नहीं चल पाए थे जिससे उसकी टीम को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। आरसीबी की यह इस सत्र में दूसरी हार थी जिससे उसने शीर्ष चार में अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका गंवा दिया था।

मौजूदा चैंपियन आरसीबी को यह बात अच्छी तरह से पता होगी कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ कमजोर प्रदर्शन से उसकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं क्योंकि उसे अब अपने अधिकतर मैच विरोधी टीम के मैदान पर खेलने हैं। यही नहीं वह अब अपने दो घरेलू मैच भी रायपुर में खेलेगा। आरसीबी अब चिन्नास्वामी स्टेडियम में जीत हासिल करके अपने प्रशंसकों को शानदार विदाई देना चाहेगा लेकिन इसके लिए उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी बड़ा स्कोर बनाने का तरीका ढूंढना होगा। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ फिल साल्ट को छोड़कर कोई भी अन्य बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था। कप्तान रजत पाटीदार और टिम डेविड जैसे छक्के जड़ने में माहिर बल्लेबाजों को भी रन बनाने के वैकल्पिक तरीके खोजने पड़े, हालांकि उन्हें इसमें बहुत अधिक सफलता नहीं मिली।

### आरसीबी को प्लान बी तैयार रखना होगा

आरसीबी के बल्लेबाजों को एक प्लान बी तैयार रखना चाहिए, क्योंकि इसकी कोई गारंटी नहीं है कि उनका आक्रामक खेल हर समय कारगर साबित होगा। इसी तरह से गुजरात टाइटंस भी अपने बल्लेबाजों के प्रदर्शन से चिंतित है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में उसकी पूरी टीम 100 रन पर आउट हो गई थी और उसे 99 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा था।

**टीम**

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, टिम डेविड, जैकब बेथेल, रोमारियो शेफर्ड, जोश हेज़लवुड, नुवान तुषारा, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, भुवनेश्वर कुमार, जॉर्डन कॉक्स, सुयश शर्मा, वेंकटेश अय्यर, स्वप्निल सिंह, जैकब डफी, कनिष्क चौहान, अभिनंदन सिंह, मंगेश यादव, फिल साल्ट, सात्विक देसवाल, विक्की ओस्तवाल, विहान मल्होत्रा।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, शाहरुख खान, अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, टॉम बैंटन, ग्लेन फिलिप्स, जेसन होल्डर, निशांत सिंधु, राहुल तेवतिया, वॉशिंगटन सुंदर, साई किशोर, जयंत यादव, अरशद खान, शाहरुख खान, मानव सुथार, राशिद खान, मोहम्मद सिराज, कागिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा।

**बोले-जडेजा**

राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए अधिकतर मैचों में अपने कोटे के चार ओवर पूरे नहीं कर पाए हैं 'जड्डू'

# 'मैदान पर आने से पहले होटल में ही छोड़ देता हूं अहंकार'



नई दिल्ली, एजेंसी

रविंद्र जडेजा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए विभिन्न कारणों से अधिकतर मैचों में अपने कोटे के चार ओवर पूरे नहीं किए हैं लेकिन उन्हें इस बात का कोई शिकवा नहीं है और उनका कहना है कि वह मैदान पर आने से पहले अपना अहंकार होटल के कमरे में छोड़ देते हैं। जडेजा ने बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अपनी टीम को 40 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

इससे पहले कुछ मैचों में अपने कोटे के चार ओवर पूरे न कर पाने के बारे में जडेजा ने जियोहॉटस्टार से कहा जब मैं मैदान पर आता हूं, तो मैं अपना अहंकार होटल के कमरे में ही छोड़ देता हूं। मैं केवल इस बारे में सोचता हूं कि टीम मुझसे जिस तरह की भी अपेक्षा करेगी मैं उसे पूरी करने की कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा अगर इस मैच में बल्लेबाजी की बात करें तो मैं पारी के आखिर तक खेलना चाहता था क्योंकि अगर मैं 17वें या 18वें ओवर में गलत शॉट खेलकर आउट हो जाता तो हम 159 रन तक नहीं पहुंच पाते और शायद 20-25 रन कम बना पाते। जडेजा ने 29 गेंद पर 43 रन बनाए और फिर चार ओवरों में 29 रन देकर एक विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई।

उन्होंने कहा एलएसजी के लिए छोटा लक्ष्य हासिल करना शायद आसान होता। टी20 क्रिकेट में हर पिच, हर परिस्थिति और हर मैच की स्थिति अलग होती है, इसलिए आपको उसके अनुसार खेलना होता है। एकाना स्टेडियम की पिच पर धीमी गेंदबाजी करने के बारे में जडेजा ने कहा जब मैं दिग्वेश राठी के सामने बल्लेबाजी कर रहा था तो उनकी कुछ गेंदें रुक कर विकेट पर आ रही थी। इसलिए मैंने सोचा कि अगर मैं इस पिच पर धीमी गेंदबाजी करूं तो शायद मुझे भी कुछ मदद मिल सके। इस बीच पूर्व भारतीय खिलाड़ी और बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ ने एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत के बल्लेबाजी के तरीके पर निराशा व्यक्त की। बांगड़ ने कहा अपनी पारी की शुरुआत में उन्होंने जिस शॉट को खेलने की कोशिश की, वह सही तरीका नहीं था। उन्होंने जिन तीन गेंद का सामना किया उन पर 'एक्रॉस द लाइन' शॉट खेलने का प्रयास किया। उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का काफी अनुभव है और अगर वह शुरुआत में स्पष्ट रणनीति के साथ खेलते हैं तो उन्हें बेहतर परिणाम मिलेंगे।

### इकाना की पिच वाका जैसी : मुख्य कोच लैंगर

**लखनऊ :** लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने एकाना की पिच की तुलना पर्थ की बीते जमाने की मशहूर वाका पिच से की और स्वीकार किया कि उनकी टीम इसमें मिलने वाली गति और उछाल से तालमेल बिठाने में नाकाम रही है। एलएसजी अपने घरेलू मैदान पर अब तक खेले गए तीनों मैच हार चुका है। दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइट्स के खिलाफ उसे यहां क्रमशः छह और सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा जबकि बुधवार को राजस्थान रॉयल्स ने उसे 40 रन से हराया।

# बार्सिलोना ने लगातार सातवीं बार महिला स्पेनिश लीग का खिताब जीता

बार्सिलोना, एजेंसी

बार्सिलोना ने एस्पेनयोल को 4-1 से हराकर लगातार सातवीं बार महिला स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। इस जीत से बार्सिलोना दूसरे स्थान पर मौजूद रियाल मैड्रिड से 16 अंक आगे हो गया है जो खिताब जीतने के लिए पर्याप्त हैं। बार्सिलोना का यह 11वां लीग खिताब है।

बार्सिलोना ने इस साल के टूर्नामेंट में अपने 26 मैचों में से 25 मैच जीते हैं। पिछले साल नवंबर में उसे रियल सोसिडाड के हाथों 1-0 से हार का सामना करना पड़ा था जो उसकी एकमात्र हार थी। बार्सिलोना की महिला टीम ने लीग में अब तक 116 गोल किए हैं और सात गोल खाए हैं। इस तरह से उसका गोल अंतर 109 है।

### प्रीमियर लीग में शीर्ष पर पहुंचा मैनचेस्टर सिटी

**लंदन, एजेंसी** (स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड के गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने बर्नली को 1-0 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शीर्ष स्थान हासिल करके आर्सेनल के 200 दिनों से पहले स्थान पर चल रहे दबदबे को समाप्त कर दिया। बर्नली के लिए यह हार करारा झटका है क्योंकि इससे वह दूसरे डिवीजन में खिसक गया है। हालैंड ने खेल के पांचवें मिनट में ही जेरेमी डोकु के पास पर लीग का अपना 24वां गोल दागा, जिससे सिटी खिताब का प्रबल दावेदार बन गया है। अब सिटी और आर्सेनल के 33 मैच में समान 70 अंक हो गए हैं और उनका गोल अंतर भी (37) बराबर है। सिटी ने हालांकि आर्सेनल के 63 गोल की तुलना में 66 गोल किए हैं जिससे वह पहले स्थान पर पहुंच गया है।

### यामल चोटिल, विश्व कप में भाग लेना मुश्किल

बार्सिलोना, एजेंसी : युवा फुटबॉलर लामिन यामल स्पेनिश लीग फुटबाल टूर्नामेंट के मैच में बार्सिलोना की सेल्टा विगो पर 1-0 से जीत के दौरान चोटिल हो गए जिससे उनकी विश्व कप में खेलने को लेकर आशंका बन गई है। यामल ने 40वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किया लेकिन इस दौरान वह चोटिल हो गए। जैसे ही उनके साथी खिलाड़ी जश्न मनाने के लिए पहुंचे, वह जमीन पर गिर पड़े और फिर अपने बाएं पैर के पिछले हिस्से को पकड़ते हुए दिखाई दिए। यामल इसके बाद आगे नहीं खेल पाए।